वक्त्रं चन्द्रविकासि पङ्कजपरीहासक्षमे लोचने
वर्णः स्वर्णमपाकरिष्णुरलिनीजिष्णुः कचानां चयः ।
वक्षोजाविभकुम्भविभ्रमहरौ गुर्वी नितम्बस्थली
वाचां हारि च मार्दवं युवतिषु स्वाभाविकं मण्डनम् ॥ ५ ॥

अध्याय २—स्त्रियों की महिमा व आकर्षण-शक्ति

५—स्त्री का सौन्दर्य-स्वाभाविक भूषण

चन्द्र सरीखा उज्ज्वल मुख है, नेत्र कमल को देते मात ।
वर्ण स्वर्ण से जँचे सवाया, केश-कान्ति जीते अलिपाँत ।
वक्षस् से लजता गज-मस्तक, क्या सुन्दर नितम्ब भारी !
कोमल वाणी हर लेती मन, स्वाभाविक भूषण नारी ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चन्द्रमा के समान विकसित होनेवाले अर्थात् सुन्दर मुख, कमलों की हँसी करने में अर्थात् लजानेवाले दोनों नयन, सुवर्ण को निन्दित करनेवाला अर्थात् उसकी अपेक्षा भी रुचिर वर्ण (अङ्गकान्ति), भ्रमरियों को जीतनेवाला अर्थात् उनसे अधिक काले केश, हाथी के गण्डस्थल की शोभा को हरनेवाले अर्थात् पुष्ट तथा उन्नत उभय कुच, गुरु अर्थात् दुःख से वहन करने योग्य नितम्ब, मधुर और कोमल वाणोविलास अर्थात् बोली ये सब युवतियों के स्वाभाविक भूषण हैं ॥ ५ ॥

स्मितं किञ्चिन्मुग्धं सरलतरलो दृष्टिविभवः
परिस्पन्दो वाचामभिनवविलासोक्ति-सरसः ।
गतानामारम्भः किसलयितलीलापरिकरः
स्पृशन्त्यास्तारुण्यं किमिव न हि रम्यं मृगदृशः ॥६॥

६—युवती का आकर्षण (१)

चञ्चल सरल नेत्र से देखे, मन्द मन्द मुसकाती है ।
दिखला नये विलास रसीली—बातें कभी बनाती है ॥
किसलय सी धीरे चलती है, मृगनयनी मस्ताने पर ।
कौन भाव सुन्दर नहिं होते, युवा अवस्था आने पर ?

यौवनावस्था में पहुँचनेवाली मृगनयनियों की कौन सी वस्तु सुन्दर नहीं होती अर्थात् सभी कुछ रमणीय होता है। जैसे—मन्दहास (स्मित) कुछ रमणीय ही होता है। दर्शन-सम्पत्ति (देखने का ढंग) सरल एवं चञ्चल हुआ करता है। भाषण की चतुराई (शैली) नये विलासपूर्ण वचनों द्वारा रसपूर्ण होती है। गतियों (चालों) का उपक्रम भिन्न-भिन्न प्रकार की अनेक लीलाओं से सम्बन्ध रखता है ॥ ६ ॥

द्रष्टव्येषु किमुत्तमं ? मृगदृशः प्रेमप्रसन्नं मुखं
घ्रातव्येष्वपि किं ? तदास्यपवनः, श्रव्येषु किं ? तद्वचः ।
किं स्वाद्येषु ? तदोष्ठपल्लवरसः, स्पृश्येषु किं ? तद्वपु-
र्ध्येयं किं नवयौवने सहृदयैः सर्वत्र तद्विभ्रमाः ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

७—युवती का आकर्षण (२)

दर्शनीय सबसे उत्तम क्या ? मृगनयनी-मुख प्रेम भरा।
चले सुवासित वायु कहाँ ? उसके मुँह से ही महँक भरा॥
सुनने को क्या ? बातें उसकी, स्वाद कहाँ ? अधरामृत पान।
छूने को ? उसका शरीर ही, ध्यान योग्य ? सब यौवन शान॥

इस संसार में नवीन यौवनावस्था के समय सहृदयों (रसिकों) को दर्शनीय वस्तुओं में उत्तम क्या है ? मृगनयनी का प्रेम से प्रसन्न मुख; आघ्राण (सूंघना) के योग्य में उत्तम क्या ? उसके मुख का सुगन्धित पवन, श्रवण-योग्यों (सुनने लायक वस्तुओं) में उत्तम क्या ? उसके मधुर वचन; अनुभवनीयों में उत्तम क्या ? उसके पल्लव के समान ओष्ठ का रस अर्थात् अधरामृत; स्पर्श-योग्य वस्तुओं में उत्तम क्या ? उसका कुसुम-सुकुमार शरीर; और ध्यान (चिन्तन) योग्यों में उत्तम क्या ? सब देशों में या सब समय उस विलासिनी के विलास ही चिन्तनीय हैं। यहाँ प्रश्नोत्तर द्वारा नेत्रादि षट् इन्द्रियों के आनन्ददायक पदार्थ कवि ने वर्णित किये हैं॥ ७॥

एताश्चलद्वलयसंहतिमेखलोत्थ
झङ्कारनूपुरपराजितराजहंस्यः।
कुर्वन्ति कस्य न मनो विवशं तरुण्यो
वित्रस्तमुग्धहरिणीसदृशैः कटाक्षैः॥८॥

८—युवती का आकर्षण (३)

चञ्चल तरुणी चलें बजाती, कंकन नूपुर की झनकार।
राजहंसिनी देख चाल को, खाती हैं अपने मन हार॥
डरे हुए भोले मृगनयनों, देखा कहीं कटाक्ष किया।
है वह कौन, न मन जिसका हो, चन्द्रमुखी ने जीत लिया॥

गति की विचित्रता से ऊपर-नीचे होने वाले कङ्कण अथवा चूड़ियाँ, घुँघरूदार करधनी से उत्पन्न होनेवाली झंकार (झन-झन, झुन-झुन की) ध्वनि एवं नूपुर (चरणालङ्कार-पायजेब आदि) की ध्वनि से राजहंसियों को मात करने-वाली अर्थात् सशब्द मन्द गमन द्वारा राजहंसियों को जीतनेवाली ये तरुणियाँ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चकित अतएव सुन्दर हरिणियों के समान कटाक्षों से किसके मन को विवश नही करतीं ? अर्थात् सभी को अपने अधीन करती हैं ॥ ८ ॥

कुङ्कुमपङ्ककलङ्कितदेहा गौरपयोधरकम्पितहारा ।
नूपुरहंसरणत्पद्मा कं न वशीकुरुते भुवि रामा ॥ ९ ॥

९—युवती का आकर्षण (४)

उबटन केसर कर शरीर पर, कँपा हार गोरी छाती ।
चरण कमल के नूपुर से जो, हंस शब्द करती जाती ॥
यौवनपूर्ण मनोहर रामा, पृथ्वीतल पर यों बिचरे ।
कौन बचा है जिसे सुन्दरी, वश अपने में नहीं करे ॥

केसर के चन्दन से चिह्नित देहवाली, अतएव अरुण वर्ण या हरिद्राभ सुन्दर स्तनों से हार (मोती की माला) को कँपानेवाली, कमलरूपी चरणों पर शब्दायमान हंस-रूपी नूपुरों को धारण करनेवाली, सुन्दरी इस भूमि पर किसे वश में नहीं लाती ? अर्थात् सभी को वश में करती है ॥ ९ ॥

नूनं हि ते कविवरा विपरीतवाचो
ये नित्यमाहुरबला इति कामिनीस्ताः ।
याभिर्विलोलतरतारकदृष्टिपातैः
शक्रादयोऽपि विजितास्त्वबलाः कथं ताः ॥१०॥

१०—कामिनियों को अबला कहकर कवियों ने भूल की, वे तो सबला हैं-

बतलाईं कामिनि जिन निबला, वे कवि बोलें बिना बिचार ।
कैसे हो सकतीं वे अबला, जब उनका ये बल-विस्तार ॥
इन्द्रादिक परास्त करती हैं, तिरछी नजरों करें शिकार ।
निश्चय जानो सबला उनको, चाहे अबला कहें हजार ॥

वे श्रेष्ठ कवि या कवीन्द्र निश्चय ही विपरीत भाषण करनेवाले हैं अर्थात् उलटा या असत्य कहनेवाले हैं, जो सर्वदा उन कामिनियों को "अबला" (बलहीन) कहते हैं। जिन कामिनियों ने अपनी अत्यन्त चंचल आँख की पुतलीवाली आँखों या दृष्टियों के पात से इन्द्र-प्रभृति सामर्थ्यशालियों को भी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जीत लिया, भला वे "अबला" कैसे कही जा सकती हैं। उन्हें अबला कहना उन कवियों की वाणी अवश्य ही विपरीत है ॥ १० ॥

नूनमाज्ञाकरस्तस्याः सुभ्रुवो मकरध्वजः।
यतस्तन्नेत्रसञ्चार-सूचितेषु प्रवर्तते ॥ ११ ॥

११—कामदेव नारी का सेवक है

कामदेव रहते हैं निश्चय, सुन्दर भ्रू वाली के दास।
जिसे देख है सैन चलाती, पहुँच उसी दम लेते फाँस ॥

कामदेव निश्चय ही उस सुभ्रू (सुन्दरभृकुटीवाली) का आज्ञापालक सेवक है। क्योंकि उस कामिनी के नेत्र जिस ओर सूचित करते हैं उसी ओर वह जाने के लिए सर्वदा प्रवृत्त रहता है ॥ ११ ॥

केशाः संयमिनः श्रुतेरपि परं पारं गते लोचने,
अन्तर्वक्त्रमपि स्वभावशुचिभिः कीर्णं द्विजानां गणैः।
मुक्तानां सतताधिवासरुचिरौ वक्षोजकुम्भाविमा-
वित्थं तन्वि ! वपुः प्रशान्तमपि ते रागं करोत्येव नः ॥१२॥

१२–स्त्री में शान्ति के अङ्ग तो हैं पर हममें वे सांसारिक भय उपजाते हैं

छप्पय

केश संयमी बने सँवारे, लोचन पहुँचे श्रुति के पार।
सोहै मुख में दन्तपंक्ति शुचि, द्विजसमूह सी बँधी कतार ॥
सुभग कुम्भ से कुच दो सोहैं, लुभा रहे मन मुक्ताहार।
संयम, श्रुति, द्विज, मुक्ता सबही, शान्ति अङ्ग कर रहे विहार ॥
फिर भी नारी तन हमें, शान्ति नहीं कुछ देत।
केवल डाले राग में, जगत जाल के हेत ॥

हे सुन्दरि ! तुम्हारे केश तो संयमी (बँधे) या यमनियमादि लग्न हैं, और नेत्र श्रुति = वेद अथवा श्रवण (कान) के अन्तिम छोर तक अर्थात् वेदान्त विचार में मग्न अथवा कान के अन्त तक फैले हुए अत्यन्त विशाल हैं। मुख के भीतर रहते हुए भी स्वभावतः शुद्ध अथवा शुभ्र, द्विज = ब्राह्मण या दाँतों के समूहों से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

व्याप्त मुख है। एवं ये स्तनरूपी दोनों घट जीवन्मुक्तों अथवा मोतियों के सतत निवास-स्थान हैं। हे कृशाङ्गि! इस प्रकार वैराग्य के साधनों से पूर्ण अथवा प्रसन्न भी तुम्हारा शरीर हम लोगों को विरागी नहीं बनाता, प्रत्युत अनुरागी संभोगाभिलाषी ही बनाता है ।। १२ ।।

मुग्धे ! धानुष्कता केयमपूर्वा त्वयि दृश्यते ।
यया विध्यसि चेतांसि गुणैरेव न सायकैः ।। १३ ।।

१३—नारी केवल गुण से चित्त को वेध लेती है

कैसा हुनर धनुषविद्या का, मुग्धे, तुमको आता है।
चित्त वेधती केवल गुण* से, बाण न चलने पाता है ॥

हे सुन्दरि ! तुम में यह कौन-सा अपूर्व अर्थात् अद्भुत धनुर्धारी का गुण है ? जिस अपूर्वता से तुम तरुणों के हृदयों को गुणों (ज्या, डोरी) द्वारा ही बेधती हो, बाणों से नहीं। धनुर्धारी बाणों को धनुष पर चढ़ाकर उनके द्वारा दूसरों का वेध करते हैं किन्तु तुम तो बाणों की अपेक्षा न कर गुणरूपी मौर्वी से ही दूसरों के हृदयों को वेधा करती हो—यही अद्भुतपना तुम में है ।। १३ ।।

सति प्रदीपे सत्यग्नौ सत्सु तारारवीन्दुषु ।
विना मे मृगशावाक्ष्या तमोभूतमिदं जगत् ।। १४ ।।

१४—बिना मृगनयनी संसार अन्धकारमय है

यद्यपि चमक रहे तारागण, चन्द्रदेव कर रहे प्रकाश।
दीपक भी है, मणियाँ चमकें, अग्नी करती तिमिर विनाश ॥
पर जग अन्धकारमय भासै, प्रिया-मिलन जब आस न हो।
सब प्रकाश निष्फल हो जाते, जब मृगनयनी पास न हो ॥

दीपक के, अग्नि के, ताराओं के, सूर्य के तथा चन्द्रमा के रहते हुए भी हरिण के बच्चे के समान चंचल नेत्रवाली सुन्दरी के बिना यह जगत् मेरे लिए अन्धकारमय हो रहा है। तात्पर्य उसके बिना सर्व शून्य-सा लगता है ।। १४ ।।

---

* श्लेषालङ्कार (१) गुण = प्रत्यञ्चा, (२) गुण = चतुराई।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उद्वृत्तः स्तनभार एष तरले नेत्रे चले भ्रूलते
रागाधिष्ठितमोष्ठपल्लवमिदं कुर्वन्तु नाम व्यथाम् ।
सौभाग्याक्षरमालिकेव लिखिता पुष्पायुधेन स्वयं
मध्यस्थाऽपि करोति तापमधिकं रोमावलिः केन सा ॥१५॥

१५—युवती का आकर्षण (५)

भले देंय मेरे मन पीड़ा, ऊँचे पुष्ट पयोधर दोय।
चंचल नेत्र भृकुटि सँग डोलें, अथवा अधर प्रेममय होय॥
पर मध्यस्थ रोम जो अवली, स्मर विरची निज कर से आप।
लेख श्रेष्ठ सौभाग्य सरीखी, हाय, रही दे क्यों संताप ?

ये तुम्हारे उभरे हुए स्तन अत्यन्त वर्तुल (गोल) अथवा उन्मार्गगामी हैं, ये दोनों नेत्र विलास से घूमनेवाले अथवा चंचल हैं, और भौंहें भी संकेत आदि में लीन होने से चपल अथवा अस्थिर हैं, और यह ओष्ठ-पल्लव अर्थात् अधरोष्ठ ललाई अथवा मत्सरता से पूर्ण है, अतः ये सब मन को भले ही पीड़ित करें; किन्तु कामदेव ने स्वयं अपने हाथ से लिखी सौभाग्य (सौन्दर्य) के अक्षरों की पंक्ति के समान भासमान यह रोम-राजि किस कारण से मध्यप्रदेश अथवा मध्यस्थ (तटस्थ) को अत्यन्त सन्ताप दे रही है। दुर्जनों का दूसरों को कष्ट देना स्वभाव है, परन्तु सज्जन क्यों कष्टदायक हो रहा है—यह ज्ञात नहीं होता ॥ १५ ॥

मुखेन चन्द्रकान्तेन महानीलैः शिरोरुहैः ।
कराभ्यां पद्मरागाभ्यां रेजे रत्नमयीव सा ॥ १६ ॥

१६—युवती का आकर्षण (६)

चन्द्रकान्त सा मुखड़ा जिसका, महानील से केश-समूह ।
पद्मराग से करतल जिसके, क्या रमणी रत्नों का व्यूह ?

चन्द्र के समान सुन्दर अथवा चन्द्रकान्त मणिरूप मुख से अत्यन्त काले अथवा इन्द्रनील (नीलम, सिंहल द्वीपोत्पन्न रत्नविशेष) रूप केशों से, कमल की-सी लालिमा धारण करनेवाले अथवा पद्मराग (लाल) रत्न रूप हाथों से वह (कामिनी) मानो रत्नस्वरूप ही शोभती थी ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गुरुणा स्तनभारेण मुखचन्द्रेण भास्वता ।
शनैश्चराभ्यां पादाभ्यां रेजे ग्रहमयीव सा ॥ १७ ॥

१७—युवती का आकर्षण (७)

पुष्ट पयोधर गुरु ग्रह जानो, मुख से चन्द्र सूर्य आभास।
लाल चरण हैं मन्द शनी से, क्या रमणी ग्रहगण का वास ?

दुर्भर अर्थात् अत्यन्त पुष्ट अथवा देवगुरु (बृहस्पति) रूप स्तनभार से, प्रकाशवान अथवा कान्ति या सूर्यस्वरूप मुखरूपी चन्द्र से, मन्द मन्द चलने-वाले अथवा शनैश्चर-स्वरूप चरणों से वह सुन्दरी मानो ग्रह-स्वरूप हो शोभती थी ॥ १७ ॥

तस्याः स्तनौ यदि घनौ जघनं च हारि
वक्त्रं च चारु तव चित्त ! किमाकुलत्वम् ।
पुण्यं कुरुष्व यदि तेषु तवास्ति वाञ्छा
पुण्यैर्विना न हि भवन्ति समीहितार्थाः ॥ १८ ॥

१८—बिना पुण्य सुन्दर स्त्री नहीं मिलती

पुष्ट पयोधर यदि कान्ता, जंघा मनहारी ।
यदि है आनन रुचिर, चित्त क्यों व्याकुल भारी ॥
मन में है जो चाह, पुण्य क्यों नहीं कमाते ?
बिना पुण्य इच्छित फल-हाथों कभी न आते ॥

रे मन ! उस तरुणी के स्तन यदि अत्यन्त पुष्ट या एक दूसरे से सटे हुए हैं और जघन (स्त्री-कटि का पुरो भाग) यदि मनोहर है एवं मुख भी सुन्दर है तो तुमको क्यों व्याकुलता (घबड़ाहट) है ? तुमको यदि उनकी (स्तनादि की) चाह है तो तू पुण्य अर्थात् सत्कर्म कर। क्योंकि अभिलाषाएँ बिना पुण्यों के पूर्ण नहीं होती ॥ १८ ॥

इमे तारुण्यश्रीनवपरिमलाः प्रौढसुरत-
प्रतापप्रारम्भाः स्मर-विजय-दान-प्रतिभुवः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चिरं चेतश्चोरा अभिनवविकारैकगुरवो
विलासव्यापाराः किमपि विजयन्ते मृगदृशाम् ॥१६॥

१६—युवती का आकर्षण (८)

स्मर को विजय करानेवाली, गुरु श्रेष्ठ चित-चोर-विकार।
इठलाहट मतवाली क्या है ? रति विलास ही का शृङ्गार॥
सुन्दर परिमल यौवन श्री हैं, मकरध्वजकी छटा अनूप।
ऐसी क्रीडाएँ मृगनयनी, बढ़ती हैं आश्चर्य स्वरूप॥

यौवन की श्री के नवीन परिमल स्वरूप प्रचण्ड रति के सामर्थ्य के प्रारम्भ रूप, कामदेव को विजय दिलाने में मध्यस्थ रूप, बहुत समय तक चित्त को चुरानेवाली, यौवन के नवीन विकार (भय, कंप, अनुकरण आदि) के एकमात्र गुरु-स्वरूप ये मृगनयनी की विलास की चेष्टाएँ अवर्णनीय तथा सर्वश्रेष्ठ हैं ॥१६॥

प्रणयमधुराः प्रेमोद्गारा रसाश्रयतां गताः
फणितिमधुरा मुग्धप्रायाः प्रकाशित-सम्मदाः।
प्रकृतिसुभगा विस्रम्भार्द्राः स्मरोदयदायिनो,
रहसि किमपि स्वैरालापा हरन्ति मृगीदृशाम् ॥२०॥

२०—कान्ता के आलाप का एकान्त में सुख

छप्पय

प्रीति पूर्ण होने से मीठा, प्रगटा प्रेम सुरस बरसाय।
कर्णमधुर, स्वर से सुखदायक, आनँद का प्रकाश दिखलाय॥
सुन्दर लगता है स्वभाव से, डूबा हुआ अमी-विश्वास।
मृगनयनी आलाप अलग में, कामदेव छलकाता खास॥
अकथनीय सुख पाइये, जब ये तन मन व्याप्त हो।
भाग्यशील नर जानिये, जिसको यह सुख प्राप्त हो॥

प्रेम विशेष से मधुर, स्नेहपूर्ण वचनवाले, रस का अवलम्बन लेनेवाले, संदर्भ विशेष से मृदुल, सुकुमारता से प्रायः भरे, हर्ष को जतानेवाले, स्वभावतः सुन्दर विश्वासपूर्ण, काम को उत्पन्न करनेवाले मृगनयनियों के एकान्त में स्वच्छन्दता पूर्वक (नर्मोक्तियाँ) कुछ भी अर्थात् सर्वस्व को हर लेती हैं ॥ २० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(संभोग-वर्णन)

विश्रम्य विश्रम्य वन-द्रुमाणां
छायासु तन्वी विचचार काचित् ।
स्तनोत्तरीयेण करोद्धृतेन
निवारयन्ती शशिनो मयूखान् ॥ २१ ॥

२१—एक स्त्री अंचल से चाँदनी रोकती हुई गई

ठहर ठहर कर वृक्ष छाँह में, गई एक बाला सुकुमार ।
निज अंचल को उठा हाथ से, बचा चन्द्र प्रगटा शृङ्गार ॥

सोई कृशाङ्गी वन में हाथ से ऊपर उठाये हुए स्तन के आवरण-पट (आंचल) से, विरही को सन्तापदायक चन्द्रमा की किरणों को निवारण करती अर्थात् रोकती हुई गयी ॥२१॥

अदर्शने दर्शनमात्र-कामा दृष्ट्वा परिष्वङ्ग-सुखैक-लोला ।
आलिङ्गितायां पुनरायताच्यामाशास्महे विग्रहयोरभेदम् ॥२२॥

२२—स्त्री-दर्शन के पश्चात् आलिङ्गन की और उसके पश्चात् उसे न छोड़ने की इच्छा।

जब मिलना था कठिन—चाह तब रही एक केवल दर्शन।
पर दर्शन कर प्राप्त, चाह—हो जाती है प्रेमालिङ्गन॥
प्रेमालिङ्गन चन्द्रमुखी से, जिस क्षण में हो जाता है।
अब कदापि जाये न छूट कर, मन में यही समाता है॥

स्त्री पति के न दिखाई पड़ने पर केवल दर्शन मात्र की इच्छा करती है और देखने के बाद आलिङ्गन रस के लिए चञ्चल हो उठती है । विशालनयनी का आलिङ्गन करते हुए हम लोग दोनों (स्त्री-पुरुषों के) शरीरों का एक हो जाने अर्थात् भिन्नता न मालूम पड़ने की आशा करते हैं ॥२२॥

मालती शिरसि जृम्भणं मुखे,
चन्दनं वपुषि कुङ्कुमाविलम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वक्षसि प्रियतमा मदालसा,
स्वर्ग एष परिशिष्ट आगमः ॥ २३ ॥

२३—सच्चा सुख प्यारी का संग है

कली-मालती माला माथे, जल्दी हो खिलनेवाली।
तन चर्चित केसरिया चन्दन, उर लिपटी हो मतवाली॥
यही स्वर्ग है सच्चा देखो, बाकी कहैं बढ़ाकर लोग।
बिना गोद प्यारी बिठलाये, व्यर्थ समझना सब उद्योग॥

मस्तक पर विकसित होनेवाली मालती-पुष्पमाला, शरीर पर केसर मिला हुआ चन्दन और हृदय पर मद से आलस्यवाली प्रियतमा यह समुदाय ही, इन सबका एक साथ होना ही, मुख्य स्वर्ग (सुख-स्थान) है। इसके अतिरिक्त शास्त्रोक्त स्वर्ग अज्ञात होने से गौण (अप्रधान) हैं ॥ २३ ॥

प्राङ्मामेति मनागनागतरसं जाताभिलाषं ततः
सव्रीडं तदनु श्लथोद्यममथ प्रध्वस्त-धैर्यं पुनः।
प्रेमार्द्रं स्पृहणीयनिर्भररहः क्रीडाप्रगल्भं ततो
निस्सङ्गाङ्गविकर्षणाधिकसुखं रम्यं कुलस्त्रीरतम् ॥ २४ ॥

२४—कुल युवती का प्रेम धन्य है

छप्पय

प्रथम क्रोध के भाव दिखा, कर देना नाहीं।
फिर अभिलाषा जता, स्वयं करना गुमराही॥
लज्जित हो ढीला कर—तन को धैर्य छुड़ाना।
कुल युवती का प्रेम धन्य, अतिशय मन भाना॥
प्रेममगन एकान्त में, क्रीड़ा चतुराई दिखा।
हो निर्भय अँग खींचना, वांछनीय आनंद चखा॥

आरम्भ में थोड़ा-थोड़ा "नहीं, मत" इत्यादि निषेध वचन द्वारा अनुराग-विशेष न उत्पन्न होनेवाला, तदनन्तर उत्पन्न अभिलाषावाला, बाद लज्जोत्पादक, फिर शरीर को शिथिल करनेवाला और धैर्य को नष्ट करनेवाला, फिर प्रेम से सान्द्र अतएव अभिलषित, गाढ़, एकान्त की क्रीडाओं से प्रौढ़ और उसके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बाद निःसंकोच शरीरावयव मर्दन से अधिक सुखकर ऐसा कुलीन स्त्रियों का रत (नर्मक्रीडा) बहुत ही सुन्दर होता है ॥ २४॥

उरसि निपतितानां स्रस्तधम्मिल्लकानां
मुकुलितनयनानां किञ्चिदुन्मीलितानाम् ।
उपरि सुरतखेदस्विन्नगण्डस्थलाना-
मधरमधु वधूनां भाग्यवन्तः पिबन्ति ॥ २५ ॥

२५—स्त्री-भोग भाग्यवान नर पाते हैं (१)

वक्षस्थल आ पड़ी, केश—खुल रहे, गन्ध मन भाया।
खोले कुछ कुछ नेत्र, थकी, श्रमबिन्दु कपोलों आया ॥
अधरामृत ऐसी कान्ता के, भाग्यवान नर पीते।
सुरत खेद को मिटा, मना—आनन्द, जगत में जीते ॥

कुछ भाग्यशाली पुरुष ही पुरुषायित सुरत के समय हृदय पर आरूढ़ होने-वाली, सुरत वेग से ढीले पड़े संयत केशवाली लज्जा के कारण मीलित (बंद) नेत्रवाली तथापि उत्सुकतावश अर्धखुली आंखवाली, पुरुषायित सुरत के कारण उत्पन्न श्रमजन्य स्वेद से आर्द्र गण्डस्थलवाली, वधुओं के अधर-मधु का पान करते हैं ॥ २५ ॥

आमीलितनयनानां यः सुरतरसोऽनु संविदं भाति ।
मिथुनैर्मिथोऽवधारितमवितथमिदमेव कामनिर्वहणम् ॥२६॥

२६—स्त्री-भोग भाग्यवान नर पाते हैं (२)

आलस भरे नेत्रवालों को, मिलता है जो रस अनुभूत।
नर-नारी दोनों का उससे, रति-पुरुषार्थ लीजिये कूत ॥

सुखाधीन होने से किंचित् २ नेत्रों को मीलित करनेवाले अर्थात् मूंदनेवाले युवाओं को जो नर्मक्रीडा का आनन्द ज्ञान के अनन्तर ज्ञात होता है, यह वस्तुतः कामदेव का अथवा पुरुषार्थ-चतुष्टयान्तर्गत कामनामक पुरुषार्थ का स्थापन या उज्जीवन है—ऐसा रसिक स्त्री-पुरुषों ने आपस में निश्चित किया है ॥ २६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इदमनुचितमक्रमश्च पुंसां
यदिह जरास्वपि मान्मथा विकाराः ।
तदपि च न कृतं नितम्बिनीनां
स्तनपतनावधि जीवितं रतं वा ॥ २७ ॥

२७–वृद्धावस्था में नर-नारी को काम से पीड़ित कर ब्रह्मा ने अनुचित किया

अति ही अनुचित किया विधाता, वृद्ध मनुज दे काम विकार ।
यौवन ढली नारि रति इच्छा, बेजा बहुत, न डाली मार ॥

इस संसार में पुरुषों की वृद्धावस्थाओं में भी जो कामदेव के विकार अर्थात् कामवासनाएँ उत्पन्न की गईं—यह अयोग्य है और मर्यादा से भी बाह्य है । इसी प्रकार नितम्बिनियों अर्थात् स्त्रियों का सुरत अथवा जीवन स्तन-पतन तक नहीं किया वह भी अनुचित और मर्यादा रहित है ॥२७॥

राजंस्तृष्णाम्बुराशेर्नहि जगति गतः कश्चिदेवावसानं
को वाऽर्थोऽर्थैः प्रभूतैः स्ववपुषि गलिते यौवने सानुरागे ।
गच्छामः सद्म यावद्विकसितनयनेन्दीवरालोकिनीना-
माक्रम्याक्रम्य रूपं झटिति न जरया लुप्यते प्रेयसीनाम् ॥२८॥

२८—स्त्री तभी तक प्यारी लगती है जब तक वृद्धावस्था उसका रूप न बिगाड़ दे

छप्पय

देह बीच गल गई जवानी, भरी हुई अनुराग बहार ।
इससे महाराशि धन की है, हमको नृपति नहीं दरकार ॥
वदन प्रिया भी तब तक प्यारा, जरा न जब तक करे तबाह ।
अभी कुमुद अरु कमल नेत्र से, मेरी देखे निसदिन राह ॥
पास प्रिया बस जायँगे, जब तक वो सुकुमार है ।
तृष्णासागर थाह क्या ? कोइ न पाई पार है ॥

हे राजन् ! इस लोक में कोई भी पुरुष तृष्णा अर्थात् धन की इच्छा (चाह)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रूपी समुद्र के पार नहीं गया। अपने शरीर से अनुराग या संभोग की इच्छा के जनक यौवन के निकल जाने पर संचित बहुत से धनों से क्या काम? इसलिए हम लोग घर जायँगे। क्योंकि जरा अर्थात् बुढ़ापा जब तक कि विकसित नील कमल के समान नयनों से देखनेवाली प्रियतमाओं के रूप (सौन्दर्य) को बार-बार आक्रमण कर शीघ्र ही न हर ले। स्त्रियों के तारुण्यमूलक सौन्दर्य-काल में ही घर जाना योग्य है, अनन्तर तो व्यर्थ है ॥ २८ ॥

रागस्यागारमेकं नरकशतमहादुःखसम्प्राप्तिहेतु-
र्मोहस्योत्पत्तिबीजं जलधरपटलं ज्ञानताराधिपस्य ।
कन्दर्पस्यैकमित्रं प्रकटितविविधस्पष्ट-दोष-प्रबन्धं
लोकेऽस्मिन्नह्यनर्थव्रजकुलभवनं यौवनादन्यदस्ति ॥ २९ ॥

२९—नवयौवन से बड़ा अनर्थ का स्थान नहीं

परमधाम है जगत राग का, शतशः नरक-दुःख दिखलाय ।
यही बीज जो मोह उगावे, हो घन ज्ञानचन्द्र ढँक जाय ॥
परम मित्र है कामदेव का, दोष बहुत प्रगटै संसार ।
नहीं बड़ा यौवन से कोई, अनर्थ का अनुपम भण्डार ॥

मात्सर्य अथवा प्रेम का मुख्य भवन, अनेकों नरकों में मिलनेवाली तीव्र पीड़ाओं की प्राप्ति का कारण, मोह अर्थात् अन्याभिलाष का मूल बीज, ज्ञान-रूपी चन्द्रमा के लिए प्रतिबन्धक रूप मेघ समूह, कामदेव का मुख्य मित्र, नाना प्रकार के स्पष्ट दोषों को प्रकटित करनेवाला यौवन है। अतः इस संसार में यौवन के अतिरिक्त अन्य कोई भी वस्तु अनेक अनर्थों की उत्पत्ति का घर नहीं है। अर्थात् जवानी ही सब अनर्थों की जड़ है ॥ २९ ॥

शृङ्गारद्रुमनीरदे प्रसृमरक्रीडारसस्रोतसि
प्रद्युम्नप्रियबान्धवे चतुरवाङ्मुक्ताफलोदन्वति ।
तन्वीनेत्रचकोरपावणविधौ सौभाग्यलक्ष्मीनिधौ
धन्यः कोऽपि न विक्रियां कलयति प्राप्ते नवे यौवने ॥ ३० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

३०—नवयौवन में भी जिसको नीच विकार न हों वह पुरुष धन्य है

छप्पय

द्रुम समूह शृङ्गार सींचता, क्रीडारस का स्रोत प्रधान।
प्यारा भाई कामदेव जो, मुक्ता चतुर वचन की खान॥
कामिनि-नेत्र-चकोर-चन्द्र है, सुख समृद्धि लक्ष्मी भण्डार।
नव यौवन पा ऐसा मन में, जिसके उपजे नहीं विकार॥

युवक धन्य वह जानिये, सब युवकों के बीच।
यौवन मद का काल पा, चलन न भावे नीच॥

शृङ्गाररूपी वृक्ष के लिए मेघस्वरूप अर्थात् पोषक, फैलनेवाले क्रीडारूपी रस के लिए प्रवाह रूप अर्थात प्रवर्तक, कन्दर्प के प्रिय बन्धु अर्थात् सहायक, चातुर्यपूर्ण वचनरूपी मौक्तिकों के लिए आधारभूत समुद्र स्वरूप, विलासिनियों के नयन रूप चकोरोंके लिए पूर्णिमाके चन्द्र के समान आह्लादक, सौन्दर्य-सम्पत्ति के निधान (निधि) रूप, नवीन यौवन के प्राप्त होने पर कोई ही विरला महात्मा भाग्यशाली पुरुष काम-विकार को नहीं प्राप्त होता। अर्थात् काम-विकार सभी को प्रायः सताता है॥ ३०॥

संसारेऽस्मिन्नसारे कुनृपतिभवन-द्वारसेवाकलङ्क-
व्यासङ्गव्यस्तधैर्यं कथममलधियो मानसं संविदध्युः।
यद्येताः प्रोद्यदिन्दुद्युतिनिचयभृतो न स्युरम्भोजनेत्राः
प्रेङ्खत्काञ्चीकलापाः स्तनभरविनमन्मध्यभाजस्तरुण्यः॥३१॥

३१—घर में कान्ता बैठी बाट देख रही है ऐसा ध्यान कर मनुष्य कष्टों को झेल लेता है

छप्पय

ऐसा कौन विमल मति मानव, सेवा का कलङ्क लेकर।
अकुलाता जो दुष्ट नृपति घर, किसी प्रकार धैर्य को धर॥
कारण यही सहारा उसका, उदित चन्द्रमुख मदमाती।
कांचीझुन झुन करती जिसकी, कटि स्तन भार झुकी जाती॥
ध्यान चक्षु से देखता, गृह में जोहति बार।
मृगनयनी शोभावती, मोहि बिनु नहीं करार॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस असार संसार में उदित होनेवाले चन्द्रमा की कान्ति की राशियों को धारण करनेवाली, कमलतुल्य नेत्रवाली, बजनेवाले घुँघुरुओं से युक्त करधनी रूप अलङ्कार से भूषित, स्तनों के भार से झुकनेवाले मध्य भाग से सुशोभित, सुन्दरियाँ यदि न होतीं तो निर्मल बुद्धिवाले अर्थात् बुद्धिमान (विद्वान) लोग कुत्सित राजाओं के द्वारपालों के अनुवर्तन रूप कलङ्क में अत्यासक्ति से नष्ट धीरजवाले अपने मन को कैसे ठीक-ठीक बनाये रखते। बुद्धिमान भी कष्टकारक राजसेवादि तरुणियों के मनोरंजन के लिए ही करते हैं॥ ३१॥

सिद्धाध्यासितकन्दरे हरवृषस्कन्धावरुग्णद्रुमे
गङ्गाधौतशिलातले हिमवतः स्थाने स्थिते श्रेयसि।
कः कुर्वीत शिरः प्रणाममलिनं म्लानं मनस्वी जनो
यद्वित्रस्तकुरङ्गशावनयना न स्युः स्मरास्त्रं स्त्रियः॥३२॥

३२—जब घर में स्त्री आ जाती है तो स्वतन्त्र मनुष्य दीनभाव प्रकट करने लगता है

छप्पय

सिद्ध लोग जहँ ध्यान लगाते, बैठे आसन कन्दर बीच।
साधारण पाषाण जहाँ के, गंगाजल से जाते सींच॥
महादेव का नन्दी जहँ पर, विचरण करता है स्वच्छन्द।
वृक्षों को है रगड़ गिराता, लगा जोर अपने स्कन्ध॥
वासी ऐसी भूमि का, दीन वचन मुख से कहे।
काम अस्त्र ले कामिनी, आकर जब घर में रहे॥

सिद्ध या तपस्वियों के द्वारा जिसकी गुहा सेवित की जाती है और शिवजी के वाहनभूत, वृषभ अर्थात् नन्दी के स्कन्ध से जहाँ के वृक्ष भग्न होते हैं एवं गङ्गा-जल द्वारा जहाँ की चट्टानें धोई गई हैं, ऐसी श्रेष्ठ हिमालय पर्वत की चोटी (शिखर) के रहते कौन स्वाभिमानी पुरुष अपने मस्तक को कुत्सित नृपों के चरणों पर प्रणाम के द्वारा मलिन अतएव महत्त्व (गौरव) हीन करता? यदि भयभीत हरिण के छौनों के समान चंचल नेत्रवाली, कामदेव का जगद्विजयी अस्त्र (बाण) रूप स्त्रियाँ न होतीं। चंचलनयनियों के कारण मानी पुरुषों को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दुष्ट धनिकों के सामने सिर झुकाना पड़ता है अन्यथा उनके लिए पर्वत ही उत्तम शरण है ॥ ३२ ॥

संसार ! तव पर्यन्तपदवी न दवीयसी ।
अन्तरा दुस्तरा न स्युर्यदि ते मदिरेक्षणाः ॥ ३३ ॥

३३–कामिनी बीच में न होती तो संसार पार कर जाना कठिन न था

नहीं कठिन था हमको जाना, पार तुम्हारे हे संसार।
मदनाक्षी ये कामिनि निर्दय, बनी न होतीं बिच दीवार ॥

ऐ संसार ! तुम्हारा अन्तिम छोर या आखिरी सीमा बहुत दूर नहीं है अर्थात् समीप ही है। यदि, बीच में पार करने में अशक्य महानदियों की तरह मदिरा से पूर्ण नेत्रवाली ये सुन्दरियाँ दुस्तर न होतीं। स्त्रियाँ संसार को पार करने में प्रतिबन्धक हैं, उनका त्याग करने पर कल्याण हो सकता है ॥ ३३॥

(विरक्तयनुरक्तिरूप-पक्षद्वयनिरूपणम्)

दिश वनहरिणीभ्यो वंशकाण्डच्छवीनां
कवलमुपलकोटिच्छिन्नमूलं कुशानाम् ।
शकयुवतिकपोलापाण्डुताम्बूलवल्ली-
दलमरुणनखाग्रैः पाटितं वा वधूभ्यः ॥ ३४ ॥

३४—कान्ता जन को उत्तम ताम्बूल प्रिय है

वनमृगियों को प्यारा जैसे, हरित कटा कोमल कुश भाग।
कान्ता जन तैसे रखती हैं, ताम्बूलों से अति अनुराग ॥
पर हों वे ऐसे पीले, शक युवती के जैसे गाल।
अरुण नखों वाली तोड़े हों, यत्नपूर्वक खूब सँभाल ॥

ऐ मनुष्य ! तपस्या करते समय बाँस के अंकुर के समान छविवाले अर्थात् हरे, पत्थर की कोर से कूचने के कारण जड़ कट जाने से मुलायम हुए कुशों के कवल वन में हरिणों को खाने के वास्ते दो। अथवा संसरण के समय लाल-लाल नखों के अग्र से फाड़े हुए अतएव शक देश की स्त्रियों के कपोल के समान चारो ओर से धवल ताम्बूली दल अर्थात् पान वधुओं को रसिकता के लिए दो ॥३४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

असाराः सर्वे ते विरतिविरसाः पापविषया
जुगुप्स्यन्तां यद्वा ननु सकलदोषास्पदमिति ।
तथाप्येतद्भूमौ नहि परहितात् पुण्यमधिकं
न चास्मिन् संसारे कुवलयदृशो रम्यमपरम् ॥ ३५ ॥

३५—परोपकार से बड़ा पुण्य और कमललोचनी से अधिक
रम्य वस्तु संसार में नहीं है

विषय भोग हैं सब असार, बाधक वैराग्य इन्हें जानों।
पूर्ण त्याग इनका कीजे—जो, दोषों के उद्गम मानों ॥
पर सब में है श्रेष्ठ पुण्य, यह—जग में करना पर उपकार।
और नहीं है वस्तु रम्यतर, कंज-लोचनी से संसार ॥

ये शब्दादि अथवा स्रक्चन्दनादि वस्तुएँ पापजनक होने से परिणाम में असार हैं अथवा सम्पूर्ण महान् दोषों के स्थान हैं—इस प्रकार संसार की निन्दा भले हो करिए; तथापि (वैराग्य पक्ष में) इस भूमि पर परहित अर्थात् परोपकार से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। (अनुराग पक्ष में) इस संसार में कमलनयनियों से बढ़कर दूसरी वस्तु सुन्दर नहीं है ॥ ३५ ॥

*एतत्कामफलो लोके यद् द्वयोरेकचित्तता ।
अन्यचित्तकृते कामे शवयोरिव संगमः ॥

(एकचित्तता समागम का मुख्य फल है)

एक चित्त कर देय समागम, मुख्य मदनफल ये मानो।
अन्यासक्त रहैं यदि दम्पति, वह तो शव-संगम जानो ॥

स्त्री-पुरुष दोनों का एकचित्त हो जाना ही संसार में काम का वास्तविक फल पाना है, दोनों का चित्त भिन्न-भिन्न विषयों में लगे रहने पर भी जो रति की जाती है वह तो मानों दो निर्जीव देहों का संमिलन है।

मात्सर्यमुत्सार्य विचार्य कार्य-
मार्याः समर्यादमिदं वदन्तु ।

---

* इस चिह्न से युक्त श्लोकों को सर्वत्र प्रक्षिप्त श्लोक समझें ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सेव्या नितम्बाः किमु भूधराणा-
    मुत स्मरस्मेर-विलासिनीनाम् ॥ ३६ ॥

३६—मदमाती स्त्रियाँ सेवनीय हैं

कर विचार निष्पक्ष बताओ, सेवनीय इन दो में क्या ?
उत नितम्ब*भूधर सुन्दर हैं, इत नितम्ब सुन्दरी तिया ॥
मद उमङ्ग से जो मुसकाती, रमण-विलासिनि मदमाती।
पण्डित गण, तज मत्सरता को, कहौ हाथ धर के छाती ॥

आर्यो ! ईर्ष्या या पक्षपात को दूर कर कर्तव्य कर्म का विचार कर मर्यादा के साथ यह कहिए:—क्या पहाड़ों के नितम्ब अर्थात कटि-प्रदेशों (गुहा आदि) का आश्रय करना चाहिए अथवा कामावेग से मुसकाती विलासिनियों के कटिदेश का सेवन करना चाहिए। (वैराग्य पक्ष में) तपस्या करनी हो तो पर्वताश्रय लेना चाहिए और (अनुराग पक्ष में) स्त्री-नितम्ब-सेवन करना उत्तम है ॥ ३६ ॥

संसारे स्वप्नसारे परिणतितरले द्वे गती पण्डितानां
तत्त्वज्ञानामृताम्भःप्लवललितधियां यातु कालः कथञ्चित् ।
नो चेन्मुग्धाङ्गनानां स्तनजघनघनाभोगसम्भोगिनीनां
स्थूलोपस्थस्थलीषु स्थगितकरतलस्पर्शलीलोद्यमानाम् ॥ ३७ ॥

३७—स्वप्न-समान चञ्चल संसार में योग और भोग दो ही गति हैं

चञ्चल स्वप्न समान अनोखा, बना हुआ है ये संसार।
पण्डित प्रवर, गती हैं दो ही, इनमें लो मारग निरधार ॥
या तो नित्य नहाओ धँस कर, तत्त्वज्ञान के जल में जाय।
या फिर ललना मतवालिन सँग, लखौ कुतूहल मस्त स्वभाय ॥

स्वप्न की स्थिरता के समान स्थिरतावाले अर्थात् मिथ्यास्वरूप तथा परिणाम में चंचल अर्थात् अस्थिर इस संसार में विद्वानों की दो ही स्थितियाँ

---

*श्लेषालंकार (१) नितम्ब=पर्वत का मध्य भाग।
(२) नितम्ब=स्त्री का कटि भाग।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हैं। (वैराग्यावस्था में) यथार्थ-संसार-स्वरूप-रूप ज्ञानमृत के प्रवाह में बहने से सुन्दर (वास्तविक) बुद्धिवालों का समय किसी प्रकार अर्थात् अतीव कठिनाई में व्यतीत होता है—यह एक अवस्था हुई। यदि ऐसा न हो तो (अनुराग दशा में) स्तन और घन (विपुल) जघन के विस्तार में संभोग की इच्छावाली सुन्दर स्त्रियों के स्थूल काम-मन्दिरों में आच्छादन किए हुए करतल के स्पर्श रूप लीला के लिए प्रयत्न करनेवाले अर्थात् स्मरमन्दिर का स्पर्शसुख अनुभव करनेवाले उन सज्जनों का समय आनन्द से बीतता है—यह दूसरी अवस्था है॥ ३७॥

आवासः क्रियतां गाङ्गे पापहारिणि वारिणि।
स्तनद्वये तरुण्या वा मनोहारिणि हारिणि॥ ३८॥

३८—या तो गंगातट पर वास करे या फिर कामिनियों के पास रहे

कै तो करिये बास जाय, गंगा-तट निश्चल।
पापहरण जल पान किये, मति होवे निर्मल॥
कै फिर रहिये पास, कामिनी के वक्षस्थल।
हार लस दिलदार, चित्त—हरते कर छल बल॥

(वैराग्य काल में) सब प्रकार के पापों को हरनेवाले श्री गंगाजी के जल में अर्थात् जल के समीप स्नान-पान द्वारा आश्रय होता है। अथवा (अनुराग काल में) मन हरनेवाले, मुक्ताहार से सुन्दर प्रतीत होनेवाले तरुणी के कुचद्वय का ही सहारा होता है॥ ३८॥

किमिह बहुभिरुक्तैर्युक्तिशून्यैः प्रलापै-
र्द्वयमिह पुरुषाणां सर्वदा सेवनीयम्।
अभिनवमदलीलालालसं सुन्दरीणां
स्तनभरपरिखिन्नं यौवनं वा वनं वा॥ ३९॥

३९—या तो वन में वास करे या फिर कामिनियों के पास रहे

पुरुष योग्य सेवन हैं दो ही, बात बहुत रक्खा क्या सार?
कै तो वन जा करे तपस्या, अरु खुलवाले स्वर्ग किवाड़।
कै फिर खेले यौवन लीला सुन्दरियों सँग मदमाती।
नव कामिनी लालसावाली, खिन्न भार अपनी छाती॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यहाँ पर बहुत से युक्तिरहित कहे हुए अनर्थकारी वचनों से क्या लाभ? इस संसार में पुरुषों को केवल सर्वदा इन (निम्नलिखित] दो का ही सेवन करना चाहिए। एक-(अनुरागावस्था में) नवीन मदलीला अर्थात् कामावेग-जन्य विलासों में अत्यन्त आसक्त, स्तन के भार से परिश्रान्त सुन्दरियों का यौवन अथवा द्वितीय (वैराग्य दशा में) वन सेवनीय हैं॥ ३९॥

सत्यं जना वच्मि न पक्षपाताल्लोकेषु सप्तस्वपि तथ्यमेतत्।
नान्यन्मनोहारि नितम्बिनीभ्यो दुःखैकहेतुर्न च कश्चिदन्यः॥४०॥

४०—तरुणी सुख-दुःख दोनों का कारण है

बिना पक्ष सच सप्त लोक में बात कहूँ ये गुणकारी।
कान्ता से बढ़कर नहिं कोई वस्तु मनुज को मनहारी॥
फिर भी तरुणी ही को जग में, सबसे दुखदायी मानो।
कारण यही कष्ट की होती, तत्त्व बात यह पहिचानो॥

हे मनुष्यो! मैं सच कहता हूँ; पक्षपात से नहीं। सातो लोकों में यह बात सत्य है कि (अनुरागावस्था में) नितम्बवती स्त्रियों के अतिरिक्त दूसरा कोई पदार्थ वास्तविक सुन्दर नहीं है। साथ ही (वैराग्य दशा में) उनके सिवाय कोई दूसरो वस्तु दुःख का मूल कारण नहीं है। अर्थात् सुख तथा दुःख दोनों का कारण भिन्न-भिन्न दृष्टियों से सुन्दरियाँ ही हैं॥ ४०॥

कान्तेत्युत्पललोचनेति विपुलश्रोणीभरेत्युन्नम-
त्पीनोत्तुङ्गपयोधरेति सुमुखाम्भोजेति सुभ्रूरिति।
दृष्ट्वा माद्यति मोदतेऽभिरमते प्रस्तौति विद्वानपि
प्रत्यक्षाशुचिभस्त्रिकां स्त्रियमहो मोहस्य दुश्चेष्टितम्॥ ४१॥

४१—नारी रूप के महामोह में पण्डित भी फँस जाते हैं

कमल नयन कान्ता के भारी—श्रोणी, पुष्ट पयोधर देख।
मोहित बुध आनन्द मनाते, अरु रमते, स्तुति करें विशेष॥
पर यथार्थ में अशुचि पिटारी, समझो नारी रूप सुजान।
महामोह के चक्कर में पड़, फँसते पण्डित बन अनजान॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

युक्तायुक्त विचारशील विद्वान् भी (साधारणों की बात ही क्या?) प्रत्यक्ष में अपवित्रता को जगानेवाली स्त्री को देखकर "यह सुन्दरी है, कमल-नयनी है, विपुल (पुष्ट तथा विशाल) नितम्बवती है, ऊपर उठते हुए, पुष्ट और उन्नत कुचवाली है, सुन्दर कमलमुखी है, और रमणीय स्मर-धनुष के समान तिरछी भ्रुकुटियोंवाली है"—इस प्रकार सोचता हुआ मतवाला होता है, प्रसन्न होता है, विलास करता है, अनेक प्रकार से उसकी स्तुति करता है। मूर्खता का यह दुर्व्यापार है, अत्यन्त आश्चर्य है ॥ ४१ ॥

स्मृता भवति तापाय दृष्टा चोन्मादकारिणी ।
स्पृष्टा भवति मोहाय सा नाम दयिता कथम् ॥ ४२ ॥

४२—स्त्री का स्मरण, दर्शन और स्पर्श तीनों मोह में डालते हैं। ऐसी नारी को प्यारी क्यों कहते हैं ?

सुमिरन से हो ताप, देखने-भर से मादकता चढि जाय।
छूने से होवे बेहोशी, नारी क्यों प्यारी कहलाय ?

प्रवास में सादृश्य के कारण उसका स्मरण होने से वह सन्ताप (दुःख) का कारण होती है। दिखाई पड़ने पर उन्मत्त बना देती है। और यदि उसका स्पर्श किया जाय तो बुद्धिभ्रंश का कारण बन जाती है। ऐसी दशा में भला वह दयिता (प्रिया) ····कैसे···हो सकती है ॥ ४२ ॥

तावदेवामृतमयी यावल्लोचनगोचरा ।
चक्षुष्पथादतीता तु विषादप्यतिरिच्यते ॥ ४३ ॥

४३—स्त्री आँखों के सामने अमृत प्रतीत होती है परन्तु दूर जाकर विष हो जाती है

आँख सामने जब तक रहती, लगती है अम्मृत भरपूर।
पर विष से बढ़कर दुख देती, जा करके अपने से दूर॥

वह (दयिता) जब तक आंखों के सामने रहती है तभी तक अमृत समान मधुर है। जब आंखों से ओझल हो जाती है अर्थात् आंखों सामने से दूर (हट) जाती है तब तो विष (जहर) से भी बढ़ जाती अर्थात् प्राणों को कष्ट पहुँचानेवाली हो जाती है ॥ ४३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नामृतं न विषं किञ्चिदेतां मुक्त्वा नितम्बिनीम् ।
सैवामृतलता रक्ता विरक्ता विषवल्लरी ॥ ४४ ॥

४४—अनुरक्त स्त्री सुधातुल्य पर विरक्त नारी विष है
अमृत, विष, नारी से बढ़कर, नहीं और हैं जग के बीच ।
जब अनुरक्त लता अमृत है, पर विरक्त विष-वल्लरि नीच ॥

इस पृथुल नितम्बवाली सुन्दरी को छोड़कर न कोई अमृत है और न कोई विष ही है। जब वह अनुराग से पास में रहती है तब वही अमृत की लता है। प्रेम विहीन होने से दूर रहने के कारण वही विष की वल्लरी (लता) सी ही जाती है ॥ ४४ ॥

आवर्तः संशयानामविनयभुवनं पट्टणं साहसानां
दोषाणां सन्निधानं कपटशतमयं क्षेत्रमप्रत्ययानाम् ।
स्वर्गद्वारस्य विघ्नो नरकपुरमुखं सर्वमायाकरण्डं
स्त्रीयन्त्रं केन सृष्टं विषममृतमयं प्राणिलोकस्य पाशः ॥४५॥

४५—स्त्री माया की डिबिया है, जीव फँसाने का फन्दा है

छप्पय

संशय भँवर, नगर साहस का, अविनय और दोष सोपान ।
अविश्वास अरु कपट सैंकड़ों, की मानो है लम्बी खान ॥
किसने यह स्त्री यन्त्र बनाया, छुडा स्वर्ग अरु नरक दिखाया ।
सुधा लपेटा विष भीषण है, प्राण देय नर इसको पाय ॥
माया की डिबिया बनी, धोखे नारि न आइये ।
जीव फंसाने के लिए फन्दा है बच जाइये ॥

सब प्रकार के सन्देहों का परिपाकरूप, अविनयों (उद्धतता) का लोक, साहस के कार्यों का नगर, राग-द्वेषादि दोषों की अक्षय निधि, सैकड़ों छल-कपटों से पूर्ण, अविश्वासों का क्षेत्र अर्थात् उत्पत्ति-स्थान, स्वर्ग में जाने के लिए रहवेवाले द्वार का विघ्नरूप (रुकावट करनेवाला), नरक नगरी का मुख्य प्रवेश-मार्ग, सब प्रकार की मायाओं (इन्द्रजालों) की पेटिका या सन्दूक,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अमृतमय विष अर्थात् बाहर से अमृत के समान प्रतीयमान विषरूप सब प्राणियों के लिए पाश (बन्धन) रूप यह स्त्रीरूपी यन्त्र किसने अर्थात् विधाता ने बनाया है ॥ ४५ ॥

नो सत्येन मृगाङ्क एष वदनीभूतो न चेन्दीवर-
द्वन्द्वं लोचनतां गतं न कनकैरप्यङ्गयष्टिः कृता ।
किन्त्वेवं कविभिः प्रतारितमनास्तत्त्वं विजानन्नपि
त्वङ्मांसास्थिमयं वपुर्मृगदृशां मन्दो जनः सेवते ॥ ४६ ॥

४६—कवियों ने स्त्री की झूठी प्रशंसा की है जिसके कारण मूर्ख पुरुष बहकावे में आकर उसकी सेवा करते हैं

नहीं चन्द्र ले आनन विरचा, नहीं कमल के नेत्र बने।
नहीं स्वर्ण की देह बनाई, कविजन वृथा लगे कहने ॥
त्वचा, हाड़ अरु मांस बनीं, ये मृगनयनी निश्चय मानो।
कवियों के बहकावे से नर, मूर्ख करें सेवा जानो ॥

यह प्रत्यक्ष में दिखाई पड़नेवाला चन्द्रमा मृगनयनियों का वास्तविक रूप में मुख नहीं हुआ, न दो नीले कमल ही नेत्रद्वय हुए और न यह देहलता ही सुवर्णों से बनाई गई; किन्तु इस प्रकार कवियों द्वारा जिनका मन ठगा गया है ऐसे मूर्ख लोग सच्ची बात को अच्छी तरह जानते हुए भी त्वचा, मांस और हड्डी से बने कामिनियों के शरीर का सेवन करते हैं ॥ ४६ ॥

लीलावतीनां सहजा विलासा-
स्त एव मूढस्य हृदि स्फुरन्ति ।
रागो नलिन्या हि निसर्गसिद्ध-
स्तत्र भ्रमत्येव वृथा षडङ्घ्रिः ॥ ४७ ॥

४७—लीलावतियों का स्वभाव ही लीला करना है, परन्तु मूर्ख पुरुष अपने लिये भाव दिखाना समझता है और धोखा खाता है

लीलावतियों का स्वभाव से, लीला करना सहज विलास।
पर मूरख क्यों उत्तेजित हो, वृथा लखे अपना आभास ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जैसे नलिनी वन में जब, प्राकृत लाली के ढिग जाते।
अपने हित में समझ उसे, मोहित भौंरे धोखा खाते॥

विलासिनियों की लीलाएँ स्वाभाविक हैं वे हो मूर्ख के मन में भाती हैं। जैसे-कमलिनी की ललाई स्वाभाविक ही है, परन्त भौंरा उसपर व्यर्थ ही मँडराया करता है॥ ४७॥

*संमोहयन्ति मदयन्ति विडम्बयन्ति
निर्भर्त्सयन्ति रमयन्ति विषादयन्ति।
एताः प्रविश्य सदयं हृदयं नराणां
किं नाम वामनयना न समाचरन्ति॥

सुन्दर नारियों के आचरण (१)

दयाशील नर के उर में घुस, अवगुण उसमें कई भरें।
दिखा आचरण सुन्दर-लोचनि, क्या क्या लीला नहीं करें॥
मोहित करतीं, मस्ती लातीं बिडम्बना हैं करवातीं।
रमण करातीं, कभी झिड़कतीं अरु विषाद भी पहुँचाती॥

ये सुन्दर नेत्रोंवाली रमणियाँ मनुष्यों के दयायुक्त हृदय में प्रविष्ट होकर उन्हें संमोहित करती हैं, मतवाला बना देती हैं, उनकी विडम्बना (उपहास) करती हैं, भर्त्सना करती हैं, (फटकारती हैं), रमण कराती हैं एवं विषाद दिलाती हैं—क्या नहीं कर डालती हैं।

यदेतत्पूर्णेन्दुद्युतिहरमुदाराकृति परं
मुखाब्जं तन्वङ्ग्याः किल वसति यत्राधरमधु।
इदं तत्किम्पाकद्रुमफलमिदानीमतिरसं
व्यतीतेऽस्मिन् काले विषमिव भविष्यत्यसुखदम्॥ ४८॥

४८—सुन्दर नारियों के आचरण (२)

राकाशशि छबि मन्द पड़ रही, कामिनि का मुख कमलनिहार।
अधरों में इस सुन्दर तन्वी, मधु का छलक रहा उपहार॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बना हुआ इस क्षण तो हैं ये, मीठा जैसे फल किंपाक।
पर अति शीघ्र हलाहल होगा, मेरी चाह डालके खाक॥

कृशाङ्गी का यह जो मुखरूपी कमल है वह पूर्णचन्द्र अर्थात् पूर्णिमा के चन्द्र की कान्ति को हरनेवाला अर्थात् तत्समान है और सुन्दर आकारवाला है तथा जिसमें अधरोष्ठ में मकरन्द या अमृत रहता है। वही यह मुखकमल इस समय आरंभ काल में अर्थात् जवानी में रस से भरे आम्रवृक्ष के फल के समान अत्यन्त रसपूर्ण है अथवा किम्पाक नामक वृक्ष के फल-जो आपात-मधुर एवं परिणाममें विपरीत है—के समान है। इस समय के व्यतीत हो जाने पर विष की भाँति दुखदायी हो जायगा ॥ ४८ ॥

उन्मीलत्त्रिवलीतरङ्गनिलया प्रोत्तुङ्गपीनस्तन-
द्वन्द्वेनोद्गतचक्रवाकयुगला वक्त्राम्बुजोद्भासिनी।
कान्ताकारधरा नदीयमभितः क्रूराऽत्र नापेक्षते
संसारार्णवमज्जनं यदि तदा दूरेण सन्त्यज्यताम् ॥ ४९ ॥

४९—स्त्री कुटिल सरिता के समान है। मुक्ति-मार्ग प्राप्त करने के लिये इसका त्याग उचित है।

छप्पय

लसती सरित तरङ्ग, उदर त्रिवली में सुन्दर।
चकवाक युग बैठे हैं, बन पुष्ट पयोधर॥
कमल सरीखा उज्ज्वल मुख, मोहित मन करता।
कुटिला कान्ता भास रही, जैसे वन सरिता॥
जो नहिं चाहौ डूबना, भवसागर में जाय कर।
दूर त्याग वनिता करो, मुक्ति-मार्ग अपनाय कर॥

ऊपर उठनेवाली त्रिवली रूप तरङ्गों से पूर्ण, ऊँचे और पुष्ट स्तनयुगल के कारण चक्रवाक पक्षी का जोड़ा जिसमें उछल या तैर रहा है ऐसी, मुख-कमल से शोभनेवाली, क्रूरा अर्थात् सर्वथा कुटिल हृदयवाली अथवा चारों ओर टेढ़ी प्रवाह (धारा) की गतिवाली सुन्दर रूपवाली अथवा स्त्री-रूपिणी नदी है यदि संसार-सागर में डूबना न चाहते हों तो दूर ही से इसका त्याग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करना उचित है। अन्यथा इसके (स्त्री या नदी के) आश्रय से समुद्र में डूबना ही निश्चित है ॥ ४६ ॥

जल्पन्ति सार्धमन्येन पश्यन्त्यन्यं सविभ्रमाः ।
हृद्गतं चिन्तयन्त्यन्यं प्रियः को नाम योषिताम् ॥ ५० ॥

५०—स्त्री का कोई प्यारा नहीं

बातें करतीं इधर उधर कर-दृग बिलास ललचातीं मौन ।
तिसरे की है चाह लगी मन, कहौ नारि का प्यारा कौन ?

स्त्रियां किसी एक दूसरे के साथ बातचीत करती हैं, विलास अर्थात् हावभाव आदि के साथ दूसरे की ओर देखती हैं तथा मन में बसनेवाले किसी अन्य के विषय में सोचा करती हैं। फिर बताइये भला कि स्त्रियों का प्यारा कौन है ? अर्थात् कोई नहीं ॥ ५० ॥

मधु तिष्ठति वाचि योषितां हृदि हालाहलमेव केवलम्
अतएव निपीयतेऽधरो हृदयं मुष्टिभिरेव ताड्यते ॥ ५१ ॥

५१—स्त्री की वाणी में अमृत और हृदय में बिष रहता है

सुधा बसै कामिनि-वाणी में, उर में केवल हालाहल ।
इसीलिये कर अधर पान, नर मुष्टि मारते वक्षस्थल ॥

स्त्रियों के वचन में मधु रहता है, हृदय में तो केवल हलाहल विष ही रहता है। अतएव अधरामृत का पान किया जाता है और हृदय को मुष्टियों (मुक्कों) से ताड़न किया जाता है ॥ ५१ ॥

अपसर सखे ! दूरादस्मात् कटाक्षविषानलात्
प्रकृतिविषमाद्योषित्सर्पाद्विलासफणाभृतः ।
इतरफणिना दष्टः शक्यश्चिकित्सितुमौषधै-
श्चतुरवनिताभोगिग्रस्तं त्यजन्ति हि मन्त्रिणः ॥५२॥

५२—स्त्री विषधर सर्प के समान है जिसके भोग में ग्रसे मनुष्य की औषधि नहीं

स्वाभाविक विषधर है नारी, इसका फन विलास पहिचान ।
विष अग्नी रहती कटाक्ष में, बचना मित्र, न खोना जान ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

औषधि और वैद्य मिल जाते, इसे सर्प को डस संसार।
भोग ग्रसा पर चतुर नारि जो, औषधि मन्त्र उसे बेकार॥

कोई अपने मित्र को समझाते हुए कह रहा है—हे मित्र! कटाक्षरूप विषाग्निज्वालावाले, स्वभावतः कुटिल, विलास की चेष्टारूप फणाओं को धारण करनेवाले, इस स्त्रीरूप सर्प से दूर ही से हट जाओ। क्योंकि दूसरे सर्प द्वारा काटा (डँसा) हुआ आदमी औषधों द्वारा स्वस्थ या नीरोग किया जा सकता है। क्योंकि मांत्रिक लोग अर्थात् मंत्र-तंत्र या झाड़फूँक करनेवाले ओझा प्रभृति गुणीजन भी चतुर स्त्रीरूप सर्प से काटे हुए व्यक्ति को छोड़ देते हैं अर्थात् ऐसे स्थान पर वे भी कुछ नहीं करते। कारण यहाँ उनका मणि-मंत्र औषध आदि उपाय सफल नहीं होते ॥ ५२ ॥

विस्तारितं मकरकेतनधीवरेण
स्त्रीसंज्ञितं बडिशमत्र भवाम्बुराशौ।
येनाचिरात्तदधरामिषलोलमर्त्य-
मत्स्यान् विकृष्य विपचत्यनुरागवह्नौ ॥ ५३ ॥

५३—कामदेवरूपी धीवर स्त्रीरूपी वंशी से शिकार खेलता है

छप्पय

धीवर कामदेव की वंशी, भव समुद्र में है नारी।
अधर पान जिसमें चारा है, नर झख फाँसन हित डारी॥
खा चारा ज्यों मछली फँसती, अधर पान फँसते नर हैं॥
धीवर जाल कसे जाते हैं, कामदेव वश किंकर हैं॥

धीवर मछली भूनता, भट्ठी ऊपर सेक।
कामदेव भूने मनुज, प्रेम अग्नि उद्रेक॥

इस संसार-सागर में कामरूपी मछुवे ने स्त्रीनामक बडिश=मछली फँसाने का काँटा या वंसी को फैलाया है जिसके द्वारा वह शीघ्र ही कामिनी के अधररूपी मांस के लिए लालायित मनुष्यरूपी मीनों को खींचकर प्रेमाग्नि में भूनता है ॥ ५३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कामिनीकायकान्तारे कुचपर्वतदुर्गमे ।
मा संचर मनःपान्थ ! तत्रास्ते स्मरतस्करः ॥ ५४ ॥

५४—कान्ता के कुचरूपी दुर्गम पर्वतों में कामदेवरूपी बटमार बास करता है

कान्ता के वनरूपी तन में, कुच पर्वत हैं अगम अपार।
हे मन यात्री उधर न जाना, कामदेव रहता बटमार॥

हे मनरूपी यात्री ! कुचरूपी पर्वतों के कारण अप्रवेश्य, कामिनी के शरीररूपी दुर्गम मार्ग या वन में मत फिर या घूम। क्योंकि वहाँ कामरूपी लुटेरा है ॥ ५४ ॥

व्यादीर्घेण चलेन वक्रगतिना तेजस्विना भोगिना
नीलाब्जद्युतिनाऽहिना परमहं दष्टो न तच्चक्षुषा ।
दष्टे सन्ति चिकित्सका दिशि दिशि प्रायेण धर्मार्थिनो
मुग्धाक्षीक्षणवीक्षितस्य न हि मे वैद्यो नचाप्यौषधम् ॥५५॥

५५–मुग्धाक्षी की आँख के काटे पर वद्य और औषधि का वस नहीं चलता

छप्पय

कामिनि आँख और विषधर में, गुण मिलते हैं लो पहिचान।
अति चंचल, हैं तिरछे चलते, नील कंज से वपुः समान॥
तेजस्वी दोनों बाँके हैं, अनायास करते हैं चोट।
काट गिराते हैं जब नर को, मुर्दासा जाता है लोट॥
मिलते हैं अहि दंश के, धर्म चिकित्सक सब कहीं।
पर मुग्धाक्षी कटे को, वैद्य और औषधि नहीं॥

बहुत लम्बे अथवा कान तक फैले हुए, चञ्चल-स्वभाववाले, टेढ़ी चाल चलनेवाले, बलवान् अथवा अति दिव्य, नील कमल की-सी कान्तिवाले या कृष्णवर्ण, भोग करनेवाले अथवा सर्प से मैं डसा नहीं गया किन्तु उस कामिनी के नेत्र से प्रत्येक दिशा में वैद्य (सर्प-विष दूर करनेवाले) धर्मार्थी अर्थात् परोपकार में लीन प्रचुरमात्रा में हैं। सुन्दरनयनी के द्वारा क्षणभर के लिए देखे गये मेरे लिए न कोई वैद्य है और न कोई औषधि ही है ॥ ५५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इह हि मधुरगीतं नृत्तमेतद्रसोऽयं
स्फुरति परिमलोऽसौ स्पर्श एष स्तनानाम् ।
इति हतपरमार्थैरिन्द्रियैर्भ्राम्यमाणः
स्वहितकरणधूर्तैः पञ्चभिर्वञ्चितोऽस्मि ॥ ५६ ॥

५६—अभागी इन्द्रियाँ स्त्री की सुन्दरता में फँस गई
कान लुभाये मधुर गीत में, आँखें देखि मनोहर नांच।
स्वाद फँसी है जिह्वा डाइन, नाक लगी परिमल की जांच॥
स्तन छू सुख त्वचा उठाती, स्वारथ रहीं इन्द्रियें साध।
भटकातीं अरु ठगतीं मुझको, कैसी धूर्त करें अपराध॥

इन्हीं कामिनियों में ही श्रोत्रेन्द्रियसुखकारी मधुर गान, यह नयनेन्द्रियानन्दकर नृत्य, यह रसनेन्द्रिय को स्वादाधिक्य देनेवाला रस अर्थात् अधरामृत, यह केसर-कस्तूरी घ्राणेन्द्रिय को आनन्दित करनेवाली चन्दन लेपन द्वारा सुगन्धि एवं त्वगिन्द्रिय को सुख पहुँचानेवाला कुचों का स्पर्श स्पष्ट प्रतीत होता है—इस प्रकार परमार्थ से हीन अर्थात् विषयासक्त, अपनी ही भलाई करनेवाली धूर्त इन पाँचों इन्द्रियों से भूलभुलैया में डाला गया मैं पूर्णरूप से ठगा गया। स्वहित साधनतत्पर श्रोत्रादि पांचों इन्द्रियों ने भुलावे में डालकर मुझे ठग लिया ॥ ५६ ॥

न गम्यो मन्त्राणां न च भवति भैषज्यविषयो
न चापि प्रध्वंसं व्रजति विविधैः शान्तिकशतैः ।
भ्रमावेशादङ्गे कमपि विदधद् भङ्गमसकृत्
स्मरापस्मारोऽयं भ्रमयति दृशं घूर्णयति च ॥५७॥

५७—काम-विकार असाध्य रोग है, मृगी सा है
बार-बार तोड़े अङ्गों को मृगी रोग सा-काम बिकार।
दे दे भ्रम आँखें फिरवावे, ऐसा इसका कठिन खुमार॥
नहीं मन्त्र चल सकता इस पर औषधि से यह साध्य नहीं।
शान्तिपाठ शतशः कर डालो, क्या होता है शान्त कहीं ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यह कामरूप अपस्मार (मिर्गी) रोग मंत्रसाध्य नहीं, औषधि द्वारा भी दूर नहीं किया जा सकता, अनेक प्रकार के सैकड़ों शान्तिक कर्मों से भी नष्ट नहीं हो पाता, मोह को उत्पन्न करने के कारण अथवा बुद्धिभ्रंशकर होने से शरीर (हाथ, पैर आदि अवयवों) में अनिर्वचनीय जडता (पटकना, छटपटाना आदि) को बार-बार करता हुआ दृष्टि को भ्रम में डालता है तथा चक्रवत् घुमाता है ॥ ५७ ॥

जात्यन्धाय च दुर्मुखाय च जराजीर्णाखिलाङ्गाय च
ग्रामीणाय च दुष्कुलाय च गलत्कुष्ठाभिभूताय च ।
यच्छन्तीषु मनोहरं निजवपुर्लक्ष्मीलवश्रद्धया
पण्यस्त्रीषु विवेककल्पलतिकाशस्त्रीषु राज्येत कः ॥ ५८ ॥

अध्याय (३) स्त्रियों से वैराग्य

५८—वेश्या की निन्दा (१)

छप्पय

मिले जन्म का अन्ध, कुरूपी, जराजीर्ण नर ।
वो होवे ग्रामीण, नीच कुल कुष्ठी पामर ॥
वेश्या देती सौंप, लोभवश सुन्दर तन को ।
मैला होवे जार, अरुचिकर चाहे मन को ॥
वल्ली विवेक काटती, शस्त्र लिये खर धार का ।
पुरुष कौन मतिमान जो प्रेमी ऐसी नारि का ॥

कौन विवेकी अथवा अविवेकी पुरुष जन्मान्ध और रोगादि द्वारा अथवा स्वभावतः विकृत मुखवाले तथा बुढ़ापे के कारण जीर्ण सर्वाङ्गवाले, एवं ग्रामीण (विलासादि से अनभिज्ञ), दुष्ट कुलोत्पन्न और गलत्कुष्ठवाले पुरुष को थोड़े से द्रव्य पाने की आशा से सुन्दर अपने शरीर को सौंपनेवाली, विवेकरूपी कल्पलता को काटनेवाली छुरी के समान, वाराङ्गना (वेश्याओं) पर अनुरक्त होगा ? अर्थात् ऐसी बाजारू स्त्रियों पर कोई भी अनुरक्त नहीं हो सकता ॥ ५८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वेश्यासौ मदनज्वाला रूपेन्धनविवर्धिता ।
कामिभिर्यत्र हूयन्ते यौवनानि धनानि च ॥ ५९ ॥

५९—वेश्या की निन्दा (२)

कामदेव की ज्वाला गणिका, रूप इँधन से बढ़े प्रचण्ड ।
धन यौवन की आहुति देते, फँस कामी उसके पाखण्ड ॥

यह वेश्या सौन्दर्य रूप इंधन से बढ़ाई गई कामाग्नि की ज्वाला ही है। जिसमें कामुक पुरुष अपने यौवन और धन की आहुतियाँ दिया करते हैं ॥५९॥

कश्चुम्बति कुलपुरुषो वेश्याधरपल्लवं मनोज्ञमपि ।
चारभटचोरचेटकनटविटनिष्ठीवनशरावम् ॥ ६० ॥

६०—वेश्या की निन्दा (३)

चूमे कौन अधर वेश्या का, यदपि मनोहर अरु सुकुमार ।
कुल-पुरुषों की चीज नहीं, वो थूकपात्र अपवित्र अपार ॥
गन्दा करते जिसको हरदम फौजी, तस्कर, चेटक, चार ।
इससे रहते दूर विवेकी, अशुद्धता का ये आगार ॥

चार (खुफिआ), भट (सिपाही), चोर, चेटक (स्त्री-पुरुषों को मिलानेवाले दूत), नद (स्वांग बनानेवाले), और विट (जार) के उच्छिष्ट पात्र, सुन्दर भी वेश्या के अधरपल्लव का कौन कुलीन पुरुष चुम्बन करता है अर्थात् कोई नहीं ॥ ६० ॥

धन्यास्त एव धवलायतलोचनानां
तारुण्यदर्पघनपीनपयोधराणाम् ।
क्षामोदरोपरि लसत्त्रिवलीलतानां
दृष्ट्वाऽऽकृतिं विकृतिमेति मनो न येषाम् ॥६१॥

६१—भाग्यवान नर वह है जिसके चित्त में नवयुवती के देखने पर विकार उत्पन्न न हो

यौवन की तरंग में जिसके, हो आये कुच पुष्ट सघन ।
आँखें उजली बड़ी-बड़ी हैं, उदर क्षीण में त्रिवली फबन ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ऐसी नारी का दर्शन पा, नहिं विकार जिसके मन होय।
भाग्यशील कहते हैं उसको, धन्य पुरुष जानों जग सोय॥

सुन्दर एवं विशाल नेत्रवाली, यौवन के गर्व से अत्यन्त पुष्ट स्तनोंवाली, क्षीण, उदर (मध्यभाग) पर शोभायमान त्रिवली लतावाली विलासिनियों के आकार को देखकर भी जिनका मन विकार (चंचलता) को नहीं प्राप्त होता वे ही महाशय धन्य हैं ॥ ६१ ॥

बाले ! लीलामुकुलितममी मन्थरा दृष्टिपाताः
किं क्षिप्यन्ते-विरम-विरम व्यर्थ एष श्रमस्ते ।
सम्प्रत्यन्ये वयमुपरतं बाल्यमास्था वनान्ते
क्षीणो मोहस्तृणमिव जगज्जालमालोकयामः ॥६२॥

६२—विरक्त चित्त वाले पर स्त्री का वश नहीं (१)

हे बाले, मत करै वृथा श्रम, रुक जा तेरी कौन मजाल ?
आलसपूर्ण अधखुली आँखों से, मारे क्यों तीर निकाल ?
बदल गये हम, गया लड़कपन, मन अब बसता बन में है।
छूटा मोह, जुटे साधन में, जगज्जाल सम तृन के है॥

हे बाले ! विलास के कारण अर्धमोलनपूर्वक आलस से भरे इन कटाक्षों को हम पर क्यों गिरा रही हो ? कटाक्षपात के व्यापार से एकदम रुक जाओ, क्योंकि तुम्हारा यह कटाक्षवीक्षण का प्रयत्न व्यर्थ है। कारण यह है कि लड़कपन बीता, अब हम कुछ अन्य से ही हो रहे हैं। अब वन में श्रद्धा (रहकर चिन्तन का विचार) हुई है। मोह नष्ट हो गया। सांसारिक प्रपंच को तृण के समान व्यर्थ विचार रहे हैं ॥ ६२ ॥

इयं बाला मां प्रत्यनवरतमिन्दीवरदल-
प्रभाचोरं चक्षुःक्षिपति किमभिप्रेतमनया ।
गतो मोहोऽस्माकं स्मरशबरबाणव्यतिकर-
ज्वर-ज्वाला शान्ता तदपि न वराकी विरमति ॥६३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

६३—विरक्त चित्त वाले पर स्त्री का वश नहीं (२)

कौन प्रयोजन इस बाला का ? मुझको जो ये ताक रही—
नये कमल की सुन्दरता के, प्रभा चोर हैं चक्षु सही॥
काम शिकारी की शर ज्वाला, शान्त हुई मन मोह गया।
फिर भी नहीं छोड़ती बाला, नेत्र चलाना, मूर्ख तिया॥

यह सुन्दरी नीलकमल के पत्ते की सुन्दरता को चुरानेवाली अर्थात् नील कमलतुल्य अपनी चक्षु को सर्वदा लगातार मुझ पर डाला करती है अर्थात् कटाक्ष से मुझे सदा देखा करती है । इसने क्या सोचा है ? हमारा मोह अर्थात् विषयासक्ति नष्ट हो चुकी है । कामदेव रूप भिल्ल के बाणों के सम्बन्ध से उत्पन्न होनेवाला ज्वर का ताप भी शान्त हो गया अर्थात् मिट गया फिर भी यह बेचारी उस व्यापार से नहीं रुक रही है ॥ ६३ ॥

किं कन्दर्प ! करं कदर्थयसि रे कोदण्डटङ्कारितं
रे रे कोकिल ! कोमलं कलरवं किंवा वृथा जल्पसि ।
मुग्धे ! स्निग्धविदग्धचारुमधुरैर्लोलैः कटाक्षैरलं
चेतश्चुम्बितचन्द्रचूडचरणध्यानामृतं वर्तते ॥ ६४ ॥

६४—विरक्त चित्तवाले पर स्त्री का वश नहीं (३)

छप्पय

अरे मदन, करके टँकार धनु, शरसाधन क्यों करता है ?
क्यों रे कोयल, कर कोमल रव, मन मेरा क्या हरता है ?
कान्ते, तेरी चंचल चितवन, सरस, मनोहर अरु बाँकी।
प्रेम, मधुरता, हाव भाव सब, व्यर्थ जायगी चालाकी ॥
मेरा मन अब लग रहा, चंद्रचूड-पद-ध्यान में ।
चरणामृत का कर रहा, हिरदे भीतर पान में ॥

रे काम ! धनुष की मौर्वी की टङ्कारध्वनियों से अपने हाथ को क्यों बेकार कर रहे हो ? अरी कोयल ! कोमल-कोमल अपनी कुहू की ध्वनि से क्यों व्यर्थ कूक रही हो ? हे सुन्दरि ! प्रेमपूर्ण, विलासपूर्ण, सुन्दर और मधुर तथा चंचल अपने कटाक्षपातों को बस रहने दो, क्योंकि अब कोई प्रयोजन नहीं है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कारण यह है कि अब मेरा मन शिवजी के चरणों के ध्यानरूप अमृत में लीन हो गया है ॥ ६४ ॥

विरहेऽपि सङ्गमः खलु परस्परं सङ्गतं मनो येषाम् ।
हृदयमपि विघट्टितं चेत् सङ्गी विरहं विशेषयति ॥ ६५ ॥

अध्याय (४) विविध विषय ।

६५—मन मिले हों तो वियोग भी मिलन तुल्य है। फटे दिलों का संयोग वियोग से भी बुरा है

मन सगति हो प्रेम भरी, तो वियोग भी रहता संगम ।
फटे दिलों का कैसा मिलना, बियोग से ज्यादा हों गम ॥

जिन स्त्री-पुरुषों का मन आपस में अनुराग से बँधा हुआ है, उनका वियोग में भी निश्चय ही सङ्गम हुआ करता है। यदि मन को विघटित वैराग्योन्मुख किया जाय तो सङ्गम वियोग को ही विशेष करता है अर्थात् बढ़ाता है ॥ ६५ ॥

किं गतेन यदि सा न जीवति प्राणिति प्रियतमा तथापि किम् ।
इत्युदीक्ष्य नवमेघमालिकां न प्रयाति पथिकः स्वमन्दिरम् ॥६६॥

६६—वर्षा काल में यात्री का उत्साह कुण्ठित हो जाता है

जो नहिं जिन्दा प्रिया हमारी, तो हम जाय करेंगे क्या ?
यदि जीती है परम दुलारी, फिर भी धाय करेंगे क्या ?
नव घन मंडल देखि गगन में, यात्रा से ऐसे ऊबे ।
आगे घर की ओर न जाते, पथिक शोक-सागर डूबे ॥

कोई प्रवासी विचार द्वारा वैराग्य को प्रकट करते हुए कह रहा है—यदि वह मेरी प्रियतमा विरह-व्यथा से जीवित न हो तो जाने से क्या लाभ ? और यदि जीवित है तो भी क्या ? ऐसा सोचकर कोई एक पथिक नई मेघ की घटा को देखकर भी अपने घर नहीं जा रहा है ॥ ६६ ॥

विरमत बुधा ! योषित्सङ्गात्सुखात्क्षणभङ्गुरात्
कुरुत करुणामैत्रीप्रज्ञावधूजनसङ्गमम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न खलु नरके हाराक्रान्तं घनस्तनमण्डलं
शरणमथवा श्रोणीबिम्बं रणन्मणिमेखलम् ॥ ६७ ॥

६७—कान्ता-सुख क्षण-भंगुर है, नरक से बचा न सकेगा
क्षणभंगुर सुख है कान्ता का, पण्डित इसको देना त्याग।
करुणा, प्रज्ञा, मैत्री रूपी, वधू जनों से हो अनुराग॥
घने पयोधर हार सुशोभित, अथवा कटि भूषित कांची।
जाते नरक, सहाय न करते, बात समझ लो ये सांची॥

बुद्धिमानो ! क्षण में ही नष्ट होनेवाले अर्थात् क्षणिक स्त्री-सङ्गम रूपी सुख से विराम करिये अर्थात् उससे अपने को बचाइये। करुणा-दीनों पर दया सज्जनों के साथ मित्रता और विशिष्ट-बुद्धि रूप स्त्रीजनों का सङ्गम करिये। कारण यह है कि नरक में हार से सुशोभित, परस्पर संलग्न स्तन-मण्डल झनझनावाले घुंघुरुओं से बनी करधनीवाला नितम्बभाग निश्चयेन रक्षक नहीं हो सकता। इसमें सांख्यमत है ॥ ६७ ॥

यदा योगाभ्यासव्यसनकृशयोरात्ममनसो-
रविच्छिन्ना मैत्री स्फुरति कृतिनस्तस्य किमु तैः।
प्रियाणामालापैरधरमधुभिर्वक्त्रविधुभिः
सनिश्वासामोदैः सकुचकलशाश्लेषसुरतैः ॥ ६८ ॥

६८—योगी जन को चन्द्रमुखी से क्या प्रयोजन ? (१)

छप्पय

करते जो अभ्यास योग, एकान्त बैठ साधन में।
पाते हैं अतिस्फुरित मित्रता, आत्मा में अरु मन में॥
कौन प्रयोजन उन्हें, नारि प्यारी के मिठ बोलों से॥
अधरामृत के पान, चन्द्रमुख, खासा कल्लोलों से।
कौन काम की कान्ता, जो उसको देखा करें।
कुच-कलशों को उर लगा, प्रेम-सीम लेखा करें॥

जिस समय जिस मनुष्य के अष्टाङ्गयोग अर्थात् यम-नियमसहित चित्तवृत्ति के रोध से कृश हुए आत्मा और मन की मैत्री अविच्छिन्न अर्थात् लगातार

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकाशित होती रहती है, उस धन्यात्मा को उन निम्नलिखित पदार्थों से क्या लाभ है। प्रियाओं के मधुर पारस्परिक भाषणों से अधरामृत (पान) से, निश्वास से उत्पन्न सुगन्धिपूर्ण मुखचन्द्रों से तथा कुचंकलशों के सहित आलिङ्गन-क्रीडाओं से। अर्थात् वैरागी को इन सांसारिक वस्तुओं की आवश्यकता नहीं। योगमतानुसार यह पद्य प्रतीत होता है॥ ६८॥

यदासीदज्ञानं स्मरतिमिरसञ्चारजनितं
तदा दृष्टं नारीमयमिदमशेषं जगदिति।
इदानीमस्माकं पटुतरविवेकाञ्जनजुषां
समीभूता दृष्टिस्त्रिभुवनमपि ब्रह्म मनुते॥ ६९॥

६९—योगीजन को चन्द्रमुखी से क्या प्रयोजन (२)

काम जनित मद अंधकार, अज्ञान पूर्ण जब तक मन था।
तब तक हमको नारि भरा, सब जगत महा सम्मोहन था॥
पर अब पा अंजन विवेक, आँखों पर जब से सारा है।
दृष्टी-गोचर ब्रह्म रूप ही, त्रिभुवन बीच हमारा है॥

वेदान्तमत से निरूपण यहाँ है। जब कामोत्पन्न अन्धकार के फैलने से उत्पन्न अज्ञान (मूढ़ता) था, तब यह संपूर्ण जगत् नारीमय दिखाई (जान) पड़ता था। अब अत्यन्त उचित (ठीक-ठीक) ज्ञान रूप अञ्जन (सुरमा) लगानेवाले हमलोगों की सम (ठीक-ठीक) भई हुई दृष्टि या विचार तीनों भुवनों को भी ब्रह्म-स्वरूप मानती या मानता है॥ ६९॥

तावदेव कृतिनामपि स्फुरत्येष निर्मलविवेकदीपकः।
यावदेव न कुरङ्गचक्षुषां ताड्यते चटुललोचनाञ्चलैः॥ ७०॥

७०—सुन्दरी के दर्शन से ज्ञान दीप बुझ जाता है॥

निर्मल ज्ञान दीप है जलता, तब तक सुकृती उर पावन।
कान्ता चन्द्रमुखी का जब तक, न हो प्राप्त नर को दर्शन॥
अंचल रूपी दृग मृग-लोचनि, चंचल हो दे वायु कहीं।
बुझ जायेगा ज्ञान दीप, फिर-जलने की सामर्थ नहीं॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर पुरुषों का भी यह शुद्ध विवेक अर्थात् सदसद्विचार रूप दीपक तभी तक प्रकाशित होता (जलता) रहता है जभीतक मृगनयनियों के चंचल कटाक्षों से विद्ध नहीं होते ॥ ७० ॥

वचसि भवति सङ्गत्यागमुद्दिश्य वार्ता
श्रुतिमुखरमुखानां केवलं पण्डितानाम् ।
जघनमरुणरत्नग्रन्थिकाञ्चीकलापं
कुवलयनयनानां को विहातुं समर्थः ॥७१॥

७१—कमलनयनी का त्याग कठिन है

पण्डित जन कह संग त्याग को, केवल करते-हैं बकवास ।
शास्त्र ज्ञान से उनके बनता, नहीं काम है कोई खास ॥
पद्माक्षी की खचित पद्ममणि, देखि काञ्ची दिव्य स्वरूप ।
और मनोहर जंघा कान्ता, त्याग सके को वस्तु अनूप ?

निरन्तर वेदाभ्यास में तत्पर विद्वानों की केवल वार्तालाप में ही स्त्रीसङ्ग के त्यागसम्बंधी बात चलती है। कमलनयनियों के पद्मराग नामक रत्न से जड़ी हुई करधनी ही भूषण जिसकी ऐसे जघन को कौन छोड़ सकता है? अर्थात् कोई नहीं ॥ ७१ ॥

स्वपरप्रतारकोऽसौ निन्दति योऽलीकपण्डितो युवतीः ।
यस्मात्तपसोऽपि फलं स्वर्गः स्वर्गेऽपि चाप्सरसः ॥ ७२ ॥

७२—तपस्या से अन्त में स्वर्ग व अप्सरायें ही मिलती हैं

निन्दा कर जो युवती जन की, औरों को है ठगता ।
है वह पण्डित स्वयं अधूरा, पूरी बात न कहता ।
कारण करे तपस्या तब भी, अवशि स्वर्ग जाता है ।
भोग अप्सरा जा मिलता है, छोड़ कहाँ पाता है ?

शास्त्र-रहस्य का अज्ञाता अपने को पण्डित समझनेवाला जो व्यक्ति युवतियों की निन्दा किया करता है यह (वह) स्वप्रतारक और परप्रतारक अर्थात् अपने आपको और दूसरों को ठगनेवाला है। जिस कारण से तपस्या

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(व्रतोपवास या चान्द्रायणादि) का फल स्वर्ग है और स्वर्ग में भी अप्सरा अर्थात् उनका सङ्गम फल हैं ॥ ७२ ॥

मत्तेभकुम्भदलने भुवि सन्ति धीराः
केचित् प्रचण्डमृगराजवधेऽपि दक्षाः ।
किन्तु ब्रवीमि बलिनां पुरतः प्रसह्य
कन्दर्पदर्पदलने विरला मनुष्याः ॥ ७३ ॥

७३— कोई बिरला पुरुष ही कामदेव का मद चूर्ण कर सकता है

ऐसे धीर पुरुष पृथ्वी पर, करें विदीर्ण मस्त गज मुंड।
ऐसे भी हैं दक्ष मनुज जो, मार सकें मृगराज प्रचण्ड ।
पर कहता ललकार, सुनें सब बीर सनेही।
कामदेव का मद मर्दन, करते विरले ही ॥

कुछ लोग इस पृथ्वी पर मतवाले हाथियों के गण्डस्थल को दलनेवाले हैं और कुछ लोग प्रचण्ड अत्यन्त (क्रोध में भरे) सिंह का वध करने में चतुर और समर्थ हैं । किन्तु बलवानों के सामने दृढ़ता के साथ मैं कहता हूँ कि कामदेव के गर्व को चूर्ण करने में समर्थ बिरले ही लोग (नहीं के बराबर) हैं ॥७३॥

सन्मार्गे तावदास्ते प्रभवति च नरस्तावदेवेन्द्रियाणां
लज्जां तावद्विधत्ते विनयमपि समालम्बते तावदेव ।
भ्रूचापाकृष्टमुक्ताः श्रवणपथगता नीलपक्ष्माण एते
यावल्लीलावतीनां हृदि न धृतिमुषो दृष्टिबाणाः पतन्ति ॥७४॥

७४ मनुष्य सन्मार्ग में तभी तक चलता है, जब तक लीलावती की कटाक्ष-दृष्टि नहीं पड़ती

नर चलता सन्मार्ग तभी तक, है इन्द्रियजित कहलाता।
लज्जाशील, विनीत, धीरधर, अनुपम गुण भी दिखलाता ॥
जब तक भृकुटी करके बाँकी, लीलावति अवरोध न दे ।
नील रोम मय खिंचा कान तक, नेत्रबाण उर भेद न दे ॥

इस लोक में पुरुष तभी तक सन्मार्ग (सदाचरण) में रहता है, और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपनी इन्द्रियों पर अधिकार रहता है अर्थात् इन्द्रियों को अपने वश में रखता है तथा तभी तक लज्जा भी करता है और तभी तक विनय का आधार लेता है अर्थात् नम्र बना रहता है, जब तक कि भृकुटिरूप धनुष से खींचकर छोड़े, कान के मार्ग में पहुँचे, नील या काली बरौनीवाले, धीरज को चुराने वाले ये विलासिनियों के कटाक्षपातरूपी बाण हृदय पर नहीं गिरते अर्थात् चोट नहीं पहुँचाते। विलासिनियों के अपाङ्गलोचन से धीरज छूट जाने पर सन्मार्गादि पर रहना पुरुषों के लिए कठिन हो जाता है ॥ ७४ ॥

उन्मत्तप्रेमसंरम्भादारभन्ते यदङ्गनाः ॥
तत्र प्रत्यूहमाधातुं ब्रह्मापि खलु कातरः ॥ ७५ ॥

७५—जब स्त्रियाँ प्रेम में मग्न हो कोई काम करती हैं तब ब्रह्मा भी नहीं रोक सकते

अति उत्कण्ठ उमङ्ग प्रेम में, जब ललनायें काम करें।
हो जाते असमर्थ विधाता, कौन रोक अरु थाम करें ?

स्त्रियां अति उत्कट प्रेम के वेग से जो उचित या अनुचित काम आरंभ करती हैं उसमें ब्रह्मा भी विघ्न या अड़चन डालने में निश्चय ही कातर अर्थात् असमर्थ है ऐसी दशा में दूसरों की बात ही क्या ? संभव ही नहीं ॥ ७५ ॥

तावन्महत्त्वं पाण्डित्यं कुलीनत्वं विवेकिता ।
यावज्ज्वलति नाङ्गेषु हतः पञ्चेषुपावकः ॥ ७६ ॥

७६—तभी तक महानता, विद्वत्ता, विवेक आदिक गुण विराजते हैं जब तक कामाग्नि प्रज्वलित नहीं होती

तब तक रहते हैं महानता, विद्वत्ता, कुललाज, विवेक।
जब तक लगे न काम-बाण, उर, प्रगटावे पंचाग्नि अनेक ॥

जब तक अङ्गों में नीच कामाग्नि नहीं जलती रहती है, तब तक ही गौरव, विद्वत्ता, उच्च कुल में उत्पत्ति तथा सदसद्विचार आदि बने रहते हैं। कामपीडित व्यक्ति गौरवादि को खो देता है ॥ ७६ ॥

शास्त्रज्ञोऽपि प्रगुणितनयोऽत्यात्तबाधोऽपि बाढं
संसारेऽस्मिन् भवति विरलो भाजनं सद्गतीनाम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

येनैतस्मिन्निरयनगरद्वारमुद्घाटयन्ती
वामाक्षीणां भवति कुटिला भ्रूलता कुञ्चिकेव ।। ७७ ।।

७७— स्त्रियों के कारण पण्डित को सद्गति पाना कठिन है
कितना कोई पढ़े शास्त्र, हो नीतिमान आत्म-ज्ञानी ।
विरला पुरुष सद्गती पाता, भोगी जिन जग में ज्ञानी ।।
कारण टेढ़ी भ्रू कुंजी से, खोल-खोल नरकों-ताले ।
मृगनयनी भरती रहती हैं, ढूंढ ढूँढ कर मतवाले ।।

इस संसार में शास्त्रों के रहस्यों का ज्ञाता भी बारम्बार नीतिशास्त्र का परिशीलनकर्त्ता भी, पूर्णरूप से यथार्थ ज्ञान को प्राप्त भी पुरुष सद्गतियों का पात्र अर्थात् योग्य बिरला ही होता है। तात्पर्य सबकुछ सद्गुण होने पर भी स्वर्ग-मोक्षादि की प्राप्ति असंभव-सी हो है। कारण यह कि इस संसार में सुन्दर नेत्रवाली स्त्रियों की टेढ़ी-टेढ़ी लता के समान भृकुटि नरकपुरी के दरवाजे को अर्थात् उसमें लगे ताले को खोलने वाली ताली का तरह होती है। भाव यह है कि स्त्रियों के कटाक्षपात द्वारा सद्गति छोड़ दुर्गति का प्राप्त होना ही संभव है ।। ७७ ।।

कृशः काणः खञ्जः श्रवणरहितः पुच्छविकलो
व्रणी पूयक्लिन्नः कृमिकुलशतैरावृततनुः ।
क्षुधा क्षामो जीर्णः पिठरककपालार्पितगलः
शुनीमन्वेति श्वा हतमपि च हन्त्येव मदनः ।।७८।।

७८—कामदेव दीनावस्था में भी नहीं छोड़ता
कुत्ता दुबला, बहिरा, काना, लंगड़ा हो वा पुच्छविहीन ।
घायल होवे, पीब पड़ी हो, जिसमें सड़ते कृष्ट नवीन ।।
क्षुधित वृद्ध हो, बीच गले हो, गागर का मुख फंसा हुआ ।
पर कुतिया का पीछा करता, नहीं छोड़ता मदन मुआ ।।

खाने को न मिलने से दुर्बल-शरीरवाला, काना, लंगड़ा, कटे कानवाला बिना पूछ का, सर्वाङ्ग क्षत (घाव) वाला अतएव पीप से भरा सैकड़ों कृमियों से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्ण शरीरवाला, भूख से कृश बुढ़ापे के कारण शिथिल अङ्गवाला एवं भाड़ (अन्न भूजने का मिट्टी का पात्र) में अपना गला फँसाकर दुःख पानेवाला भी कुत्ता मैथुनार्थ कुतिया के पीछे-पीछे दौड़ता है। कामदेव सब प्रकार से नष्ट भी उस कुत्ते को और भी मानसिक कष्ट पहुँचाता ही है ॥ ७८ ॥

स्त्रीमुद्रां कुसुमायुधस्य जयिनीं सर्वार्थसम्पत्करीं
ये मूढाः प्रविहाय यान्ति कुधियो मिथ्याफलान्वेषिणः ।
ते तेनैव निहत्य निर्दयतरं नग्नीकृता मुण्डिताः
केचित् पञ्चशिखीकृताश्च जटिलाः कापालिकाश्चापरे ॥७९॥

७९—कामदेव की मुद्रा स्त्री है

कामदेव की मुद्रा स्त्री, दे जय, सम्पति भोग विलास।
इसको त्यागि मूर्ख जो चाहें, इच्छित फल, अरु करे प्रयास।
उनको कर देता वह नंगा, सिर मुंड़वा पिटवाता है।
रखा जटा या पंचशिखा, दे खप्पर भीख मंगाता है।

जो दुर्बुद्धि अतएव कर्त्तव्याकर्तव्य ज्ञान-हीन मूर्ख सर्व अर्थ अर्थात् धर्म-अर्थ-काम-स्वरूप त्रिवर्ग की सम्पत्ति को करनेवाली कामदेव की सर्वश्रेष्ठ स्त्रीरुपी मुहर या चिह्न को छोड़कर अर्थात् सर्वविध सुख का साधन स्त्री को त्याग कर मिथ्या फल-मोक्षरूप असत्य फल को ढूंढ़ते हुए वानप्रस्थ अथवा संन्यास ग्रहण करते हैं, कामदेव उसी के द्वारा कठोरता से मारकर उनमें से कुछलोगों को नंगा (दिगम्बर) करता है और कुछ लोगों को मुण्डित एवं अर्ध मुण्डित तथा जटाधारी, हाथ में खप्पड़ को धारण करनेवाला बना देता है। जिस प्रकार अनुचित कार्यकर्त्ता को राजा या अधिकारी भिन्न-भिन्न प्रकार का दण्ड देता है उसी प्रकार कामदेव भी स्त्री-त्यागियों की दण्डद्वारा दुर्दशा करता है ॥ ७९ ॥

विश्वामित्रपराशरप्रभृतयो वाताम्बुपर्णाशना-
स्तेऽपि स्त्रीमुखपङ्कजं सुललितं दृष्ट्वैव मोहं गताः ।
शाल्यन्नं सघृतं पयोदधियुतं ये भुञ्जते मानवा-
स्तेषामिन्द्रियनिग्रहो यदि भवेद्विन्ध्यः प्लवेत्सागरे ॥८०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

८०—दूध, दही, घी आदि पदार्थ भोग करते हुए इन्द्रियों को
वश में रखना असम्भव हैं।

छप्पय

विश्वामित्र, पराशर आदिक, मुनिवर साधक विज्ञानी।
करते थे भक्षण, तन रखने को, वायू, पत्ते, पानी॥
सुन्दर मुख-पंकज नारी का देख, हुआ जब उनको मोह।
कहैं बात क्या उन लोगों की, रहैं पुष्टता को जो टोह॥
दूध, दही, घी, संग उड़ा, शालि, अन्न होकर निडर।
इन्द्री फिर भी वश करें, तो विन्ध्य बहै वारीश पर॥

हवा-पानी-पत्ता आदि खानेवाले वे विश्वामित्र-पराशर-शाण्डिल्य आदि मुनि भी अत्यन्त सुन्दर स्त्री (मेनका, रंभा, सत्यवती आदि) के मुख-कमल को देखकर ही मोहित हुए। फिर शालि (धान-विशेष) के भात को घी, दूध, दही के साथ जो मनुष्य खाते हैं, वे यदि अपनी इन्द्रियों का निग्रह (रोकथाम) कर सकें तो यही कहना पड़ेगा कि विन्ध्य पहाड़ समुद्र में तैरने लगे॥ ८०॥

(ऋतु वर्णन में वसन्त)

परिमलभृतो वाताः शाखा नवाङ्कुरकोटयो
मधुरविधुरोत्कण्ठाभाजः प्रियाः पिकपक्षिणाम्।
विरलविरसस्वेदोद्गारा वधूवदनेन्दवः
प्रसरति मधौ धात्र्यां जातो न कस्य गुणोदयः॥८१॥

८१—मधु ऋतु में प्रकृति मतवाली हो जाती है

चलने लगी सुगन्धित वायू, नव अंकुर शाखा सम्पूर्ण।
बुला रहा पिक अपनी प्यारी, भरा मदन उत्कण्ठा पूर्ण॥
ललनाओं के चन्द्र-मुखों पर, स्वेद झलकता सुभग चढ़ा।
पृथ्वी पर मधु ऋतुने आकर, किसमें मद नहिं दिया बढ़ा॥

ऋतुवर्णन-प्रसङ्ग में कवि प्रथम वसन्त ऋतु का वर्णन करता है—पृथ्वी पर वसन्त ऋतु के फैलने पर किस वस्तु के गुण का उत्कर्ष नहीं हुआ? अपितु सभी वस्तुओं के गुण अधिकता से बढ़े। जैसे-उपवन में के पवन ने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुष्पादि और मलयचन्दन की सुगंधि को धारण किया। आम आदि वृक्षों की शाखाओं (टहनियों) ने अपने अग्रभाग में नवीन पल्लवों को धारण किया। पिक पक्षियों की प्रियाओं (कोयलों) ने मधुर=रसाल के अंकुरों के आस्वाद से मिष्ट एवं विधुर-काकों के उपद्रव से द्विगुण कष्टकर उत्सुकता अर्थात् दूनी कुहू की सुन्दर ध्वनि को ग्रहण किया और स्त्रियों के मुखचन्द्रों ने वहुत ही विरलस्वेद (पसीने) का उद्‌गार पसीने की वूंदों को धारण किया ॥ ८१ ॥

मधुरयं मधुरैरपि कोकिला कलरवैर्मलयस्य च वायुभिः ।
विरहिणः प्रहिणस्ति शरीरिणो विपदि हन्त सुधापि विषायते ॥८२॥

८२—मधु ऋतु में विरही और अधिक कष्ट पाते हैं

मलयाचलकी पवन रही वह, पिक गायन मधु बोल अनूप।
पर विरही मरते हैं इनसे, विपदा में अम्मृत विष रूप॥

यह प्रायः सभी को आनन्दित करनेवाला ऋतुराज वसन्त कानों को मधुर मालूम पड़नेवाले कोइलियों 'कुहू' शब्दों से और मलय पर्वत से आनेवाले पवनों से भी वियोगीजनों का नाश करता है। यही बात है कि विपत्तिके समय अमृत भी विष के समान प्राण लेनेवाला हो जाता है ॥ ८२ ॥

आवासः किलकिञ्चितस्य दयिताः पार्श्वे बिलासालसाः
कर्णे कोकिलकामिनीकलरवः स्मेरो लतामण्डपः ।
गोष्ठी सत्कविभिः समं कतिपयैर्मुग्धाः सुधांशोः कराः
केषाञ्चित् सुखयन्ति चात्र हृदयं चैत्रे विचित्राः क्षपाः ॥८३॥

८३—चैत्र मास के भोग विरले भाग्यवान ही पाते हैं

छप्पय

कोयल कलरव कान, आ रहे, मण्डप लता खड़े तैयार।
मृदु विचित्रमाला शोभित उर, सुकवि समागम हो दरबार॥
किंचित्रोष हर्ष भय खाये, कान्ता हो ढिग गुण की खान।
हृदय काम अनुराग प्रफुल्लित, भाग्यवान को दें भगवान॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चन्द्र किरन चमका रहीं, चैत्र मास के भोग।
बड़े पुण्य से जगत में, बिरले पावें लोग॥

चैत के महीने में अर्थात् वसन्त में निम्नलिखित वतुएँ किन्हीं विरले ही लोगों के हृदय को आनन्दित करती हैं। यथा—आसपास में १-क्रोध, आंसू, हर्ष, भीति से मिश्रित शृङ्गार-चेष्टाओं का बना रहना; २-लीलाओं से आलस-पूर्ण प्रेयसियां, ३-कानों में कोइलियों का मीठा स्वर, ४-अधखिले फूलोंवाला लतामण्डप, ५-कुछ (इने-गिने) अन्तरङ्ग सत्कवियों के साथ गोष्ठी अर्थात् बैठक और बातचीत, ६-सुन्दर-सुन्दर चन्द्रमा की किरणें और ७- विचित्र-सी लगनेवाली रातें अथवा भिन्न-भिन्न प्रकार और रंग की मालाएँ। 'क्षपाः' के स्थान पर 'स्रजः' पाठ मानकर दूसरा अर्थ अंत में दिया है॥ ८३॥

पान्थस्त्रीविरहानलाहुतिकलामातन्वती मञ्जरी
माकन्देषु पिकाङ्गनाभिरधुना सोत्कण्ठमालोक्यते।
अप्येते नवपाटलापरिमलप्राग्भारपाटच्चरा
वान्तिक्लान्तिवितानतानवकृतः श्रीखण्डशैलानिलाः॥ ८४॥

८४—वसन्त में बिरहिणी कान्ता की यात्रा

आहुति देने विरह अग्नि में, आम्र-मंजरी फूल रही।
जिसे देख उत्कण्ठित स्वर गा, कोयल प्यारी हूल रही॥
दग्ध वियोगानल से कान्ता, नहीं जा रही प्रेम सँभार।
मलय पवन धीरज देते हैं, अरु नव पाटल पुष्प बहार॥

इस समय कोकिलाएँ आम के पेड़ों पर रहनेवाली, जिनके पति परदेश में गये हुए हैं ऐसी स्त्रियों की वियोगाग्नि में आहुतियां मानो देनेवाली पुष्पमञ्जरियों को बड़ी उत्कण्ठा (चाव) से देखती हैं और नये गुलाब के फूलों की सुगन्धि रूप संपत्ति को चुराने (हरने) वाली, क्लान्ति (थकावट आदि) के विस्तार को कम करनेवाली, मलय पर्वत (चंदन के पेड़ों के उत्पत्तिस्थान) से आनेवाली हवाएं बहुत ही कम बहती हैं। इससे सूचित होता है कि यह वसन्तऋतु का समय है॥ ८४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रथितः प्रणयवतीनां तावत्पदमातनोतु हृदि मानः ।
भवति न यावच्चन्दनतरुसुरभिर्मलयपवमानः ॥८५॥

८५—वसन्तु ऋतु की पवन से प्रिया की प्रसन्नता

मान गुमान टेक है तब तक, प्राण प्रिया के हिरदे बीच ।
मलय सुगन्धित वायु न जब तक, मस्तीसे मन देवे खींच ॥

प्रेम करनेवाली स्त्रियों (प्रेमिकाओं) का प्रसिद्ध वह मान उनके हृदय में तभी तक रहे, जब तक चन्दन के वृक्षपर से आने के कारण सुगन्धित, मलय का पवन नहीं बहता ॥ ७५ ॥

सहकारकुसुमकेसरनिकरभरामोदमूर्च्छितदिगन्ते ।
मधुरमधुरविधुरमधुपे मधौ भवेत् कस्य नोत्कण्ठा ॥८६॥

८६—वसन्त ऋतु में सभी काम में आसक्त हो जाते हैं

जहँ देखों तहँ आम्र-मंजरी, केसर से है भरी हुई ।
खूब पिये मकरन्द मिष्ट, उन्मत्त पांति अलि जमी हुई ॥
पा करके ऋतुराज बसँत को, कहाँ नहीं अनुराग कहो ।
है वह कौन जीव इस जगका, जिसे भोग अभिलाष न हो ?

अति सुगन्धिपूर्ण रसाल (आम) की पुष्पमंजरी (बौर) के समूहों की अधिकता से प्रतीत सुगन्धि से व्याप्त दिङ्मण्डल जिसमें ऐसे, मीठे मकरन्द-पान से उन्मत्त भ्रमरवाले वसन्त में किस पुरुष अथवा स्त्री को संभोग की उत्सुकता न उत्पन्न हो। अर्थात् ऐसे समय सभी को वासना उत्पन्न होती है ॥ ८६ ॥

अच्छाच्छचन्दनरसार्द्रतरा मृगाक्ष्यो
धारागृहाणि कुसुमानि च कौमुदी च ।
मन्दो मरुत् सुमनसः शुचि हर्म्यपृष्ठं
ग्रीष्मे मदं च मदनं च विवर्धयन्ति ॥ ८७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

८७—निदाघ ऋतु में मद और मदन का जोर

चन्द्र चाँदनी पुष्प प्रफुल्लित, धारागृह के फव्वारे।
मृगनयनी चन्दन रस-चर्चित, भव्य भवन के चौबारे॥
शीतल मन्द पवन चलती हो, दिन का ताप भगाने दूर।
मद अरु मदन बढ़ा देते हैं, ऋतु निदाघ में ये भरपूर॥

ग्रीष्म ऋतु में अत्यन्त स्वच्छ चंदन के रस (घिसा हुआ चंदन) से अतीव आर्द्र मृगनयनियां, फौव्वारे (जलयंत्र), सुगंधित पुष्प, चांदनी, धीमी हवा, मन को आनंदित करनेवाली महलों की अट्टालियाँ—ये सब पदार्थ हर्ष एवं काम को बढ़ाते (दूना-चौगुना करते) हैं॥ ८७॥

स्रजो हृद्यामोदा व्यजनपवनश्चन्द्रकिरणाः
परागः कासारो मलयजरजः शीधु विशदम्।
शुचिः सौधोत्सङ्गः प्रतनु वसनं पङ्कजदृशो
निदाघर्तावेतद्विलसति लभन्ते सुकृतिनः॥ ८८॥

८८—निदाघ ऋतु में सुख देने वाली वस्तुएँ।

छप्पय

गन्ध भरे फूलों की माला, चन्दन मलयाचल का होय।
ऊँची छत अरु चन्द चाँदनी, मद्य मोहनी दे गम खोय॥
पट महीन हो, पराग उत्तम, मृगनयनी ले पंखा साथ।
क्रीडाघर का होय सुभीता, कान्ता का मन अपने हाथ॥
ये चीजें प्यारी लगें, ऋतु निदाघ में पाय कर।
भाग्यवान हैं भोगते, इन्हें खूब मन भाय कर॥

मनोहर गन्धवाली मालायें, ताड़ के पंखे की हवा, चाँद की किरणें, कमलों का पराग (धूलि), चंदन का चूर, निर्मल मद्य, पवित्र अर्थात् साफकर पानी से सींची हुई महल की गोद याने अटारी, सूक्ष्म (बारीक, महीन) कपड़ा और कमलनयनियाँ भाग्यवान या पुण्यवान लोग ग्रीष्मऋतु में इन उपर्युक्त पदार्थों के सुख को पाते हैं॥ ८८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सुधाशुभ्रं धाम स्फुरदमलरश्मिः शशधरः
प्रियावक्त्राम्भोजं मलयजरजश्चातिसुरभि ।
स्रजो हृद्यामोदास्तदिदमखिलं रागिणि जने
करोत्यन्तः क्षोभं न तु विषयसंसर्गविमुखे ॥८९॥

८९—जो पदार्थ भोगी के चित्त में क्षोभ उत्पन्न करते हैं योगी के चित्त में नहीं करते

उज्ज्वल धाम पुते चूने से, निर्मल चन्द्र चाँदनी रात।
स्रक् सुगन्ध, तन चन्दन-चर्चित, मुख प्यारी पंकज सम गात ॥
अनुरागी पुरुषों के उर में, ये पदार्थ करते अति क्षोभ।
पर जो विमुख विषय सुख रहते, उनके चित में रंच न लोभ ॥

सुधा = चूना उसके द्वारा छुहे जाने से धवल धाम, निर्मल किरणों से प्रकाशमान चन्द्रमा, प्रिया का मुख-कमल अत्यन्त सुगन्धित चन्दन का चूर्ण, मन को हर्षित करनेवाली मालाएँ—यह सब रागी अर्थात् प्रेमी जन के हृदय में चल-विचल मचाता है वैरागी पुरुष के नहीं ॥ ८९ ॥

तरुणीवेषोद्दीपितकामा विकसज्जातीपुष्पसुगन्धिः ।
उन्नतपीनपयोधरभारा प्रावृट् तनुते कस्य न हर्षम् ॥९०॥

९०—वर्षा ऋतु की शोभा (१)

तरुणी का है वेश, काम उद्दीपित करती।
विकसित जाती-पुष्प सरीखी, महक निकलती ॥
ऊँचे कुच अरु पुष्ट, सुशोभित हैं उर ऊपर।
किसे हर्ष वर्षा नहिं करती, बदन दिखाकर ?

अत्यन्त तीव्र काम अथवा सुरताभिलाषवाली, खिलनेवाली मालती के फूलों की गन्ध से भरी, उनये गाढ़ मेघों से पूर्ण अथवा उन्नत और पुष्ट स्तनों वाली, तरुणी स्त्री के वेष के समान वेषवाली यह वर्षा किसके हर्ष को नहीं करती ? अर्थात् सभी को हर्षित करती है ॥ ९० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वियदुपचितमेघं भूमयः कन्दलिन्यो
नवकुटजकदम्बामोदिनो गन्धवाहाः ।
शिखिकुलकलकेकारावरम्या वनान्ताः
सुखिनमसुखिनं वा सर्वमुत्कण्ठयन्ति ॥९१॥

९१—वर्षा ऋतु की शोभा (२)

मेघाच्छन्न अकाश, अंकुरित है अब पृथ्वी।
कुटज कदम्ब गंध ले वायू, इठलाती ज्यों तन्वी॥
मोरों के केकारव देते, वन प्रदेश को रम्य बनाय।
उत्कण्ठा सुख भोग, सभीके, सुखी दुखी उर देत उठाय॥

उपचित मेघवाला (प्रायः नित्य ही आकाश में बांदल जमा होते हैं) आकाश, अंकुरवाली भूमियाँ, नये कुटज (वन्यपुष्प) और कदम्ब के फूल से सुगन्धित उपवन के पवन मयूरों की सुन्दर केका (मयुरवाणी) की गूंजों से मनोहर ये क्रीडावन के मध्यभाग सुखी या दुःखी सभी प्राणियों को उत्कण्ठित करते हैं ॥ ९१ ॥

उपरि घनं घनपटलं तिर्यग्गिरयोऽपि नर्तितमयूराः ।
क्षितिरपि कन्दलधवला दृष्टिं पथिकः क्व पातयति ॥९२॥

९२—वर्षा ऋतु की शोभा (३)

नभ घनघोर मेघ हैं छाये, वाम-दहिन गिरि नाचें मोर।
हरे भरे अंकुर पूरित महि, यात्री कहो लखै किस ओर ?

ऊपर आकाश में घने बादलों का समूह है, तिरछे अर्थात् दिशाओं में मेघों के कारण उल्लासवशवाले मयूरों से पूर्ण पहाड़ हैं और अंकुरों की उत्पत्ति से स्वच्छ पृथिवी है। ऐसी दशा में पथिक अपनी दृष्टि को कहाँ पर डाले। क्योंकि मार्ग में दिखाई पड़नेवाले ये सभी पदार्थ उद्दीपक (सतानेवाले) हैं ॥ ९२ ॥

इतो विद्युद्वल्लीविलसितमितः केतकितरोः
स्फुरन् गन्धः प्रोद्यज्जलदनिनदस्फूर्जितमितः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इतः केकिक्रीडाकलकलरवः पक्ष्मलदृशां
कथं यास्यन्त्येते विरहदिवसाः सम्भृतरसाः ॥९३॥

९३—वर्षा ऋतु में विरहिणी स्त्रियों की व्याकुलता (१)
दामिनि दमके यहाँ, वहाँ, उत्कट सुगन्धि केतकी चली।
घन गरजें घनघोर इधर, वाँ शोर मचाती मोर अली॥
रस उद्दीपित हो जब चहुँ दिशि, सभी सृष्टि हो मतवाली।
विरह काल ये कैसे काटें, सुन्दरि सुबरौनो वाली॥

इस ओर बिजली की चमक हैं, केतकी (केवड़ा) नामक वृक्ष के पुष्पों की उठनेवाली सुगन्ध है, इस ओर उठनेवाले बादलों की गर्जन की ध्वनि है, इस तरफ मोरों का क्रीड़ा में सुन्दर कोलाहल है। ऐसे समय चंचल नेत्रवाली कामिनियों के शृङ्गारपूर्ण ये (कष्टकर) वियोग के दिन कैसे बीतेंगे या कटेंगे ? उनके लिए ये दिन अत्यन्त ही दुखदायी हैं॥ ९३ ॥

असूचीसञ्चारे तमसि नभसि प्रौढजलद-
ध्वनिप्राज्ञम्मन्ये पतति पृषतानां च निचये।
इदं सौदामन्याः कनककमनीयं विलसितं
मुदं च म्लानिं च प्रथयति पथि स्वैरसुदृशाम् ॥९४॥

९४—वर्षा ऋतु में विरहिणी स्त्रियों की व्याकुलता (२)
घोर निविडतम नभ जब ऐसा, सूई भी नहिं दीख पड़े।
मेघ गरजते, झड़ी लगाते, कानों महिमा कहैं खड़े॥
जब वर्षा में बिजली चमके, सुवरन की रेखा सम होय।
भोगे अभिसारिका सुनयनी, दुख-सुख ले ऊपर दोय॥

स्वच्छन्दता से कान्त के प्रति अभिसरणशील कामिनियों को मार्ग में अन्धकार के अत्यन्त घने होने पर घने उमड़े बादलों की गर्जना से पूर्ण आकाश के रहते और लगातार बूंदों के गिरते-रहते सोने के सामान पीतवर्ण यह बिजली का विलास अर्थात् प्रकाश (चमक) हर्ष एवं खिन्नता अर्थात् दुख दोनों को करता है। प्रियतम के भवन का मार्ग दिखाई पड़ते से हर्ष

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और स्वयं के प्रकाशित हो जाने के भय से दुख-इस प्रकार बिचार उनके मन में उठते हैं ॥ ९४ ॥

आसारेण न हर्म्यतः प्रियतमैर्यातुं बहिः शक्यते
शीतोत्कम्पनिमित्तमायतदृशा गाढं समालिङ्ग्यते ।
जाताः शीकरशीतलाश्च मरुतो रत्यन्तखेदच्छिदो
धन्यानां बत दुर्दिनं सुदिनतां याति प्रियासङ्गमे ॥ ९५ ॥

९५—वर्षा ऋतु में प्रेमियों का सुख

लगातार वर्षा से प्रियतम, घर बाहर नहिं जा पाते।
आयतनयनी देख ठिठुरती, प्रेमालिङ्गित हो जाते॥
जलकणमय शीतल मारुतभी, मिटा रहे उनके श्रमको।
भाग्यवान यों प्रिया-संग से करे दूर दुर्दिन गम को॥

मूसलधार पानी की वर्षा के कारण प्यारे महलों से बाहर नहीं जा सकते। विशालाक्षी प्रियतमाएँ शीत के कारण उठनेवाली कँपकपी को मिटाने या दूर करने के लिये गाढ़ आलिंगन करती हैं। रतिक्रीड़ा से उत्पन्न श्रम को दूर करनेवाली हवाएँ पानी की बूदों से मिली होने से शीतल हो जाती हैं। कुछ भाग्यवान पुरुषों के दुर्दिन-बादलोंवाले दिन अथवा बुरे दिन प्रिया-सङ्गम के कारण सुदिन हो जाते हैं। आश्चर्य की बात है कि औरों के नहीं ॥ ९५ ॥

अर्द्धं सुप्त्वा निशायाः सरभससुरतायाससन्नश्लथाङ्गः
प्रोद्भूतासह्यतृष्णो मधुमदनिरतो हर्म्यपृष्ठे विविक्ते ।
सम्भोगक्लान्तकान्ताशिथिलभुजलतावर्जितं कर्करीतो
ज्योत्स्नाभिन्नाच्छधारं पिबति न सलिलं शारदं मन्दपुण्यः ॥ ९६ ॥

९६—शरद ऋतु के भाग्यहीन नर

छप्पय

अंग थके हों संगम-श्रम से, कोठे पर हो आधी रात।
मदसे मत्त, तृषा से व्याकुल, प्यारी उठा मगावे पाथ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चन्द्र चाँदनी चमकत प्याला, जल नहीं झाड़ी ढाल भरे।
कष्ट शिथिलता का कह अपने, उपालम्भ बक मान करे॥
जो ऐसी कान्ता मिली, नहीं शरद जल पाइये।
तो विलासरत पुरुषको, मन्द भाग्य ही जानिये॥

ठीक आधी रात तक सोकर उद्वेग के साथ सुरत के श्रम से खिन्न अतएव शिथिल अङ्गवाला कोई मंदभागी असहनीय पिपासा लगजाने पर मद्य के नशे में चूर (लीन) होने से सुनसान महल को अटारी पर सुराही में से संभोग से श्रान्त अपनी प्रियतमा के शिथिल भुजा से उड़ेले हुए, चाँदनी के मिल जाने से निर्मल धारवाले, शरद ऋतु के कारण ठंडे पानी को नहीं पीता। भाग्यवान ऐसे पानी को जरूर ही पीते हैं॥ ९६॥

(हेमन्त)

हेमन्ते दधिदुग्धसर्पिरशना माञ्जिष्ठवासोभृतः
काश्मीरद्रवसान्द्रदिग्धवपुषश्छिन्ना विचित्रै रतैः।
वृत्तोरुस्तनकामिनीजनकृताश्लेषा गृहाभ्यन्तरे
ताम्बूलीदलपूगपूरितमुखा धन्याः सुखं शेरते॥ ९७॥

९७—हेमन्त ऋतु के सुख (१)

बढ़िया वस्त्र पहिरने वाले दूध, दही, घी से अति चाव।
तन में केसर लेप लगाये, रति-विचित्र से खिन्न सुभाव॥
पुष्ट पयोधर जंघावाली, मृगनयनी का सँग करते।
भरे हुए मुख पान-सुपारी, मित्र-मण्डली में फिरते॥
पुरुष धन्य ये जानिये, ऋतु हिमन्त के बीच।
सुखपूर्वक जो सो रहे, कान्ता उर में भींच॥

हेमन्त ऋतु में दही-दूध, घी खानेवाले, प्रायः मँजोठ रँग (लटकन का रंग) से रँगे कपड़ों को पहिरनेवाले, केसरी चन्दन से पूरी तरह चर्चित गात्रवाले, तरह-तरह की नर्मक्रीडा से श्रान्त हुए, वर्तुल और पीन कुचवाली कामिनीजन के साथ आलिंगन किये हुए पान (बीड़ा) और सुपारी से भरे मुखवाले कुछ भाग्यवान पुरुष घर के भीतर सुखपूर्वक शयन करते हैं॥९७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ओद्यत्प्रौढप्रियङ्गुद्युतिभृति विकसत्कुन्दमाद्यद्द्विरेफे
काले प्रालेयवातप्रचलविलसितोदारसन्दारधाम्नि ।
येषां नो कण्ठलग्ना क्षणमपि तुहिनक्षोददक्षा मृगाक्षी
तेषामायामयामा यमसदनसमा यामिनी याति यूनाम् ॥९८॥

९८—हेमन्त ऋतु के सुख (२)

छप्पय

लता प्रियंगु प्रफुल्लित होती, कुन्द पुष्प बन भौंरे मस्त।
शीतल वायू चमका देती, मन्दारों को कर-कर गस्त॥
ऋतु हेमन्त ठंड नहिं जाती, युवा पुरुष को छोड़ कहीं।
शीत-निवारण-दक्ष कामिनी, यदि छाती से लगे नहीं॥
लम्बी रातें काटते, दिलमें जिनके लगन हो।
उत्सुक प्रेमी जागते, जैसे यमका सदन हो॥

उत्पन्न होकर बढ़ी हुई प्रियंगु की कान्ति को धारण करनेवाले, खिलनेवाले कुन्द-पुष्पों से मतवाले भ्रमरों से पूर्ण, हिम से पूर्ण अर्थात् ठंडे पवन के चलने से शोभा पानेवाले अतएव सुन्दर मन्दार नामक वृक्षों के धाम स्वरूप काल में अर्थात् हेमन्त समय में शीत के निवारण में निपुण मृगनयनी क्षणभर के लिए भी जिन युवा-पुरुषों के कण्ठ में आलिङ्गन करने के लिए नहीं आ लगो; उन युवाओं को लम्बे पहरोंवाली रात यमराज के भवन के समान अर्थात् प्राण लेनेवाली-सी बीतती है॥ ९८॥

(शिशिर)

चुम्बन्तो गण्डभित्तीरलकवति मुखे सीत्कृतान्यादधाना
वक्षस्सूत्कञ्चुकेषु स्तनभरपुलकोद्भेदमापादयन्तः ।
ऊरूनाकम्पयन्तः पृथुजघनतटात्स्रंसयन्तोंऽशुकानि
व्यक्तं कान्ताजनानां विटचरितभृतः शैशिरा वान्ति वाताः ॥९९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

९९—शिशिर काल के पवन का विट सदृश आचरण

करता है चुम्बन कपोल का अलक ढके मुख सी-सी होय।
वक्षस्थल से वस्त्र उठा, रोमांच जगाता है कुच दोय।।
पुष्ट जांघ कम्पित कर डाले, चीर हटा करके तनका।
विटसदृश आचरण, प्रकट-में होता शिशिर प्रभंजन का।।

कपोल प्रदेशों को चूमनेवाले, बालों की लटों के आ जाने से सुन्दर मुख में "सी-सी" की ध्वनि को उत्पन्न करनेवाले, चोली (ब्लाउज आदि) से ढकी छातियों पर पुष्ट स्तनों को रोमाञ्चित करनेवाले, ऊरु भागों को कँपानेवाले, विशाल जघनों के प्रान्त से परिधानीय वस्त्रों को ढीला करनेवाले ये शिशिर ऋतु के पवन स्पष्ट रूप से विटों के चरित्र को धारण करते हैं अर्थात् विटों के समान ये वात आचरण करते हैं ।। ९९ ।।

केशानाकुलयन् दृशो मुकुलयन् वासो बलादाक्षिप-
न्नातन्वन् पुलकोद्गमं प्रकटयन्नावेगकम्पं शनैः।
बारंबारमुदारसीत्कृतकृतो दन्तच्छदान् पीडयन्
प्रायः शैशिर एष सम्प्रति मरुत् कान्तासु कान्तायते ।।१००।।

१००—शिशिर काल के पवन का पति-सदृश आचरण

छितराता कान्ता केशों को, मुकुलित कर देता है आँख।
झटका देकर वस्त्र खींचता, पुलकावलि प्रगटा गुस्ताख।।
ओठों से करवाता सी सी, पीड़ित करता है भरपूर।
पतिका सा आचरण करे, यह शिशिर कालका मारुतशूर।।

शिशिर ऋतु और कान्त का श्लेष से वर्णन करते हुए कवि कह रहा है—केशों को अपने झोंक से अथवा रतिक्रीडा से व्याकुल (इधर-उधर) करता हुआ, दृष्टि को सुख से अथवा पुरुषस्पर्श से निमीलित करता हुआ, वस्त्र (जघनांशुक) को वेग से अथवा संभोग की इच्छा से बलात् आकर्षण करता हुआ, रोमाञ्च को शीतस्पर्श से अथवा शृङ्गार की उत्पत्ति से उत्पन्न करता हुआ, शरीर के अवयवों में धीरे-धीरे कंप को प्रकट करता हुआ, सुन्दर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सीत्कार करनेवाले अधरोष्ठों को शीत की अधिकता से अथवा दन्तक्षत से बारबार पीड़ित करता हुआ यह शिशिर ऋतु-सम्बन्धी पवन सुन्दरियों के विषय में इस समय प्रायः कान्त अर्थात् प्रियतम के समान व्यवहार करता है ॥१००॥

***यद्यस्य नास्ति रुचिरं तस्मिंस्तस्य स्पृहा मनोज्ञेऽपि ।**
रमणीयेऽपि सुधांशौ न मनः-कामः सरोजिन्याः ॥

मन में चाह न होने पर सुन्दर वस्तु भी कुछ नहीं
सुन्दर वस्तु न होय मनोहर, यदि दिल में कुछ चाह नहीं ।
अति रमणीय सुधाकर उत्सुक, कमलिन के परवाह नहीं ॥

जिसके लिये जो रुचिकर नहीं होता है मनोहर होने पर भी उसमें उसको स्पृहा ही नहीं रहती है, जैसे कि चन्द्रमा के रमणीय होने पर भी उसमें कमलिनो के मन का अभिलाष नहीं होता अर्थात् वह विकसित नहीं होती ।

***वैराग्ये संचरत्येको-नीतौ भ्रमति चापरः ।**
शृङ्गारे रमते कश्चिद् भुवि भेदाः परस्परम् ॥

लोग अपनी रुचि के अनुसार वैराग्य, नीति व शृङ्गार से प्रेम करते हैं

है वैराग्य किसी को प्यारा, कोई नीति शास्त्र अनुरक्त ।
मद माता कोई शृँगार का, अपनी-अपनी रुचि के भक्त ॥

कोई एक वैराग्य में विचरण करता है, कोई दूसरा नोति में भ्रमण करता है और कोई शृङ्गार में रमता है इस प्रकार संसार में लोगों में परस्पर भिन्नता है ही ।

❀ इति शुभं भूयात् ❀

—:*:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

६१

श्रीभर्तृहरिविरचितं

वैराग्यशतकम्

(हिन्दी-गद्य-पद्यानुवाद)

गद्यानुवादक—

साहित्याचार्य श्री जगन्नाथ शास्त्री होशिंग

पद्यानुवादक—

श्री राधेलाल त्रिवेदी

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

१९६७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकाशक : चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी

मुद्रक : विद्याविलास प्रेस, वाराणसी

संस्करण : द्वितीय, वि० संवत् २०२४

मूल्य : १-२५

© The Chowkhamba Vidyabhawan,
Chowk, Varanasi-1 (India)
1967

Phone : 3076

प्रधान कार्यालय :—

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

गोपाल मन्दिर लेन,

पो० आ० चौखम्बा, पोस्ट बाक्स ८, वाराणसी-१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्राक्कथन

प्रस्तुत ग्रन्थ योगीन्द्र महाराज भर्तृहरि कृत—सुभाषितत्रिशती—का तृतीय शतक 'वैराग्यशतक' है। इसमें उन्होंने १० दशकों में क्रम से निम्नलिखित विषयों पर सुललित पद्यों में विद्वत्तापूर्ण सूक्तियाँ कही हैं—

१—तृष्णा के दोष, २—विषय-परित्याग की आवश्यकता, ३—याञ्चा तथा दीनता के दोष, ४—भोगों की अस्थिरता, ५—काल की महिमा, ६—संन्यासी और राजा का संवाद, ७—मन को समझाना तथा उसको नियन्त्रित करना, ८—नित्य तथा अनित्य वस्तुओं का विचार, ९—शिवजी की पूजा, १०—अवधूत पुरुषों के आचरण आदि।

यह शतक भारतवर्ष में सर्वत्र विद्वद्वर्ग में प्रचलित एवं आदृत है।

महाराज भर्तृहरि व्याकरण के अत्यन्त कठिन उच्चकोटि के 'वाक्यपदीय' नामक ग्रन्थ के कर्त्ता माने जाते हैं। ऐसी किंवदन्ती है कि परमसिद्ध गुरु गोरक्षनाथजी के यह शिष्य थे, और उन्हीं से योगविद्या की शिक्षा लेकर उसकी साधना से हो अमर हो गये हैं। इन्हें लोग महाराज विक्रमादित्य का भाई भी मानते हैं।

अस्तु, हिन्दीभाषियों की सुविधा के लिये श्री जगन्नाथ शास्त्री होशिङ्ग जी ने इसकी हिन्दी व्याख्या की है तथा श्री राधेलाल त्रिवेदी ने हिन्दी पद्यों में भावानुवाद भी किया है, जिससे सर्वसाधारण भी इसके भावों को हृदयङ्गम कर शान्तिलाभ कर सकते हैं।

इसीमें पुष्पचिह्न (*) से अङ्कित श्लोकों को प्रक्षिप्त मानना चाहिए। मूल ग्रन्थ में इनका पाठ नहीं है किन्तु उपयुक्त समझकर उनका भी समावेश कर लिया गया है तथा उनका भी हिन्दी पद्यानुवाद एवं भावानुवाद कर दिया गया है।

यदि इससे जनता का कुछ भी उपकार हुआ तो प्रकाशक तथा सम्पादक अपने परिश्रम को सफल समझेंगे।

—सम्पादक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषयानुक्रमणिका

श्लोकसंख्या		पृष्ठ
१	ज्ञानस्वरूप शिवशङ्कर की जय हो	१
२	आशातृष्णा—तृष्णा की प्रबलता (१)	२
३	" " (२)	"
४	" " (३)	३
५	अज्ञान—अविवेकी कर्म	"
६	अज्ञान—अपनी चालबाजी के कारण तपों के फल न पा सके	४
७	आशातृष्णा—तृष्णा तो बूढ़ी न हुई हम ही बूढ़े हो गये	५
८	" तृष्णा बुढ़ापे में तरुण होती है	"
ॐ	" तृष्णा का त्याग उचित है	६
९	" आशा की प्रबलता	"
१०	आशा तृष्णा को त्याग कर योगीजन परमानन्द पाते हैं	७
११	परब्रह्म का ध्यान, पुण्यकर्मों के फल से भी भय है	"
१२	विषयों के भोगों को स्वयं त्याग करने में सुख है	८
१३	ईश्वरोपासना—भोग की इच्छा का त्याग कठिन है	९
१४	ईश्वरोपासना— वे नर धन्य हैं जो एकान्त में परब्रह्म का ध्यान करते हैं	"
१५	विषयों के भोग—त्याग कठिन है	१०
१६	नारी-शरीर का वास्तविक वर्णन—कवियों द्वारा उसकी झूठी प्रशंसा	"
१७	काशीवास—शिवस्तुति	११
१८	अज्ञान—महामोह की महिमा	१२
१९	मिथ्या ज्ञान—विषयों में सुख की भ्रान्ति	"
२०	अज्ञान—नाशवान धन-वैभव का मोह	१३
२१	याच्ञा में विवशता—बाल-बच्चों के लिये माँगना ही पड़ता है	"
२२	आत्मसम्मान, पेट विडम्बनाओं की जड़ है	१४
२३	आत्मसम्मान, समान कुलवालों में दीन होना अच्छा नहीं	१५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्लोकसंख्या		पृष्ठ
२४	आत्मसम्मान—अपमानित जीवन से हिमालयवास श्रेष्ठ है। (१)	१५
२५	,, ,, ,, ,, ,, (२)	१६
२६	,, ,, ,, ,, ,, (३)	१७
२७	,, ,, ,, ,, ,, (४)	,,
२८	आत्मसम्मान-तपस्या के समय अपमानित जीवन को हँस हँस याद करेंगे	१८
२९	संतोष की महिमा—संतोषी पुरुष के लिये सोने का पहाड़ भी बेकार	,,
३०	संतोष—भिक्षाहार की प्रशंसा	१९
३१	वैराग्य—भयरहित केवल वैराग्य है	२०
३२	संसार के पदार्थ क्षणभंगुर हैं। वह कौन वस्तु है जो किसी से ग्रसित नहीं है	,,
३३	संसार के पदार्थ क्षणभंगुर हैं, कोई वस्तु स्थिर नहीं है	२१
३४	संसारके पदार्थ क्षणभंगुर हैं। लोकानुग्रह और ब्रह्मध्यान करना उचित है	,,
३५	धैर्य्य समाधि—संसार निस्सार है ब्रह्मध्यान करना उचित है	२१
३६	परब्रह्म का ध्यान—भोगों का त्याग	२३
३७	वैराग्य—संसार में सुख कहाँ ?	२४
३८	वैराग्य—संसार निस्सार है। अहित आचरण से बचो	,,
३९	परब्रह्म का ध्यान—भोग क्षणभंगुर हैं	२५
*	ईश्वरोपासना—तपस्वियों को धन्य है	,,
४०	परब्रह्म का ध्यान—ब्रह्मसुख महान सुख है	२६
४१	काल की प्रबलता—सबके भक्षक काल को प्रणाम है	२७
४२	काल की प्रबलता—समर्थ कालपुरुष का खेल	,,
४३	अज्ञान—मोह-मदिरा का मद	२८
४४	अज्ञान—मोह का अन्धकार	२९
४५	व्यर्थ जीवन—संसार में जन्म लेकर योग अथवा भोग नहीं किया तो जीवन व्यर्थ गया	,,
४६	व्यर्थ जीवन—बिना विद्या, यश अथवा भोग के युवावस्था निष्फल है	३०
४७	व्यर्थ जीवन—विद्याहीन, माता-पिता की सेवा तथा भोग से रहित जीवन व्यर्थ गया	३१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्लोकसंख्या		पृष्ठ
४८	जीवन की अल्पता—मृत्यु अवश्यम्भावी है	३२
४९	जीवन की अल्पता—सुख का अभाव	,,
५०	संसार के पदार्थ क्षणभंगुर हैं, मनुष्य की अवस्थायें मृत्यु तक क्षण-क्षण बदलती रहती हैं।	३३
५१	आत्मसम्मान—राजा और साधु के सम्मान में बराबरी (१)	३४
५२	,, ,, (२)	३५
५३	,, ,, (३)	,,
५४	वैराग्य—अभिमानी दुष्टों का त्याग	३६
५५	आत्मसम्मान—राजा और साधु के सम्मान में बराबरी (४)	,,
५६	अपने को राजदर्शन के अयोग्य बताने के व्याज से राजा की निन्दा	३७
५७	आत्मसम्मान-छोटे छोटे धनिकों के अभिमान का कोई कारण नहीं (५)	,,
५८	आत्मसम्मान—पृथ्वी का मालिक बनकर घमण्ड नहीं विषाद करना चाहिये (६)	३८
५९	आत्मसम्मान—पृथ्वी के मालिक बनकर घमण्ड नहीं विषाद करना चाहिये (७)	३९
६०	आत्मसम्मान—अभिमान की निन्दा (८)	,,
६१	परब्रह्म का ध्यान—दूसरों के मन में घुसने के बजाय अपने मन में घुसो	४०
ॐ	वैराग्य—तपस्या ही में सुख है	४१
६२	धैर्य, समाधि—चिन्ता का त्याग (१)	,,
६३	धैर्य, समाधि—शान्तभाव की प्रशंसा (२)	४२
६४	अज्ञान—मोह को त्याग कर शिवचरणों में प्रीति करो	,,
६५	काशीवास—लक्ष्मी का तिरस्कार	४३
६६	धैर्य समाधि—यदि उच्चश्रेणी के भोग प्राप्त नहीं हैं तो उनको त्याग योग में स्थित होना उचित है (३)	४४
६७	ईश्वरोपासना—वैभव और लक्ष्मी से क्या ! बिना ब्रह्मज्ञान सब व्यर्थ हैं	,,
६८	वैराग्य—कामादि विकार से रहित निर्जन वन में शिव की भक्ति चाहते हैं	४५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्लोकसंख्या		पृष्ठ
६९	परब्रह्म का ध्यान—ब्रह्मसुख की प्राप्ति (१)	४६
७०	परब्रह्म का ध्यान—परमानन्द देता है (२)	,,
७१	परब्रह्म का ध्यान—ब्रह्मानन्द में प्रवेश किये बिना विद्या और कर्म निष्फल हैं (३)	४७
*	काशीवास, धनियों के तिरस्कार से बचने के लिये	४८
७२	शरीर की क्षणभंगुरता	,,
७३	काल की प्रबलता—बुढ़ापे में दुर्गति	४९
७४	तरुणियाँ बूढ़ों को दूर से ही छोड़ देती हैं	५०
७५	ईश्वरोपासना—निरोग और स्वस्थ रहते अपने कल्याण के लिये यत्न कर लेना चाहिये	,,
७६	जीवन की अल्पता—अल्प आयु में क्या क्या किया जाय	५१
७७	परब्रह्म का ध्यान-ज्ञानवान को केवल तपस्या ही कल्याणकारी है	५२
७८	वैराग्य—सांसारिक भोग नष्ट होने पर गङ्गाकिनारे कुटी में निवास करना उचित है (१)	,,
७९	वैराग्य—संसार की अनित्यता का ध्यान आते ही सुन्दर वस्तुओं से रुचि हट जाती है (२)	५३
८०	वैराग्य-भोगादिक को चंचल जान राजमहल त्याग वन को चले आये	५४
८१	वैराग्य-जब तक अभिमान है अन्तःकरण वश में नहीं रह सकता (४)	,,
८२	वैराग्य पूर्व तप का फल है	५५
८३	काशीवास—निराशा में शिवचरणों का ही आसरा है (१)	५६
८४	काशीवास—शिवजी के चरणकमल में मेरी भक्ति हो (२)	,,
८५	काशीवास—हम कब गङ्गाद्वीप पर, एकान्त में, शिव-शिव रटते हुए, आनन्दित होंगे (३)	५७
*	काशीवास—राजर्षि भर्तृहरिजी की इच्छा (४)	,,
८६	काशीवास—मैं किस दिन अकिंचन हो रात्रि भर शिवचरणों का ध्यान करूँगा (५)	५८
८७	काशीवास-कब हम काशीजी में शिवभजन करते हुए दिन काटेंगे (६)	,,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्लोकसंख्या		पृष्ठ
*	काशीवास—घोर तप करने के लिये (७)	५९
८८	काशीवास—मैं कब एकान्त में स्थित हो शिवजी की पूजा व ध्यान में मन लगाऊँगा और धनियों की सेवा के दुःख से छूटूँगा (८)	६०
	काशीवास—कब हम कर्मों की जड़ उखाड़ने में समर्थ होंगे ? (९)	"
८९	काशीवास-शिवजी के प्रसाद से योगियों को ब्रह्मसुख सुलभ है (१०)	६१
९०	काशीवास—यदि योगमहोत्सव में चित स्थित है तो तीन लोक का राज्य किस काम का ? (११)	६२
९१		"
९२	संतोष—संतोषी को लोभ नहीं (१)	
९३	संतोष—निस्पृह विरक्तों के लिये लक्ष्मी किस काम की ! (२)	६३
९४	काशीवास—शान्त पुरुष अपनी वैराग्य रूपी स्त्री के साथ राजाओं के समान सुख से सोते हैं (१२)	"
९५	काशीवास—तपस्वी की रहन (१३)	६४
९६	काशीवास—योगी जन किसी के अनुपयुक्त कहने पर हर्ष अथवा रोष नहीं करते (१४)	६५
९७	आत्मानुसन्धान करते हुए जीवन बिताना उचित है	"
९८	परब्रह्म का ध्यान—कब हम गङ्गातट पर हिमालय की कन्दरा में ब्रह्मध्यान के अभ्यास में योगनिद्रा को प्राप्त होंगे ! (१)	६६
*	परब्रह्म का ध्यान—यदि परमात्मा की ज्योति से हृदय प्रकाशित नहीं हुआ तो सारा वैभव व्यर्थ है (२)	६७
९९	परब्रह्म का ध्यान—विरक्त पुरुषों का जीवन धन्य है (३)	"
*	परब्रह्म का ध्यान—ब्रह्मसुख के आगे तीनों लोकों का राज्य फीका है	६८
१००	परब्रह्म का ध्यान—निर्मल ज्ञान से मोह की महिमा दूर हुई अब हम परब्रह्म में प्रवेश कर रहे हैं (५)	६९
*	परब्रह्म का ध्यान—ज्ञानवान पुरुष ईश्वरतुल्य हैं (६)	"
*	परब्रह्म का ध्यान—योगी का कुटुम्ब और भय-रहित जीवन (७)	७०
*	परब्रह्म का ध्यान—मेरे दिन भोग अथवा योग में शिव-शिव कहते व्यतीत हों (८)	७१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

॥ श्रीः ॥

वैराग्यशतकम्

(मङ्गलाचरण)

चूडोत्तंसितचन्द्रचारुकलिका-चञ्चच्छिखाभास्वरो
लीलादग्धविलोलकामशलभः श्रेयोदशाग्रे स्फुरन् ।
अन्तःस्फूर्जदपारमोहतिमिरप्राग्भारमुच्चाटयं-
श्चेतःसद्मनि योगिनां विजयते ज्ञानप्रदीपो हरः ॥१॥

१—ज्ञान स्वरूप शिवशङ्कर की जय हो

छप्पय

चन्द्र बनाया भूषण शिर का, कला मनोहर करे प्रकाश ।
मर्यादा हित काम जलाया, भक्तों को नहि किया निराश ॥
ज्ञान दीप हो योगिजनों के उर-अन्तर में रहते हैं ।
अन्तःकरण भरे मोहादिक अन्धकार तम हरते हैं ॥
ज्योति महा प्रगटा रहे, बाँह दीन आरत गहो ।
चरणों में मन ध्यान धर, जय जय शिव शङ्कर कहो ॥

मस्तक पर भूषणस्वरूप प्रतीत होनेवाले चन्द्रमा की सुन्दर कला के समान चमकनेवाली शिखा से प्रकाशमान, खेल में ही चंचल कामरूपी शलभ (फतिंगा) को भस्म करनेवाले, कल्याणकारी दशा (वर्त्ति) के अग्रभाग में प्रकाशमान, हृदय ज्ञानरूप दीपक, श्री शिवजी योगियों के हृदय-मन्दिर में विराजते हैं ॥ १ ॥

(तृष्णादूषण)

भ्रान्तं देशमनेकदुर्गविषमं प्राप्तं न किञ्चित् फलं
त्यक्त्वा जातिकुलाभिमानमुचितं सेवा कृता निष्फला ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भुक्तं मानविवर्जितं परगृहेष्वाशङ्कया काकवत्
तृष्णे जृम्भसि पापकर्मपिशुने नाद्यापि सन्तुष्यसि ॥२॥

२—आशा तृष्णा-तृष्णा की प्रबलता (१)

घोर दुर्ग अरु देश बहुत से—घूमे, कुछ नहिं प्राप्त किया।
वंश, जाति-मर्यादा तजिकर, निष्फल सेवा भार लिया॥
भय में भोजन किया काकवत्, जा परगृह, तजिकर के मान।
नहीं छोड़ती अब भी तृष्णे, बाकी कौन रहा अरमान ?

अनेक प्रकार के जल, वृक्ष, पर्वत आदि दुर्गों (किलों) के कारण प्रवेश करने में कठिन देशों (स्थानों) का मैंने भ्रमण किया, पर कुछ भी फल नहीं पाया। योग्य जाति और कुल का अभिमान छोड़कर धनी लोगों की निष्फल सेवा की। दूसरों के घरों पर बिना सम्मान के लोलुपतावश काक के समान भोजन किया। बुरे कर्मों में प्रवर्तन करनेवाली हे तृष्णे! तुम और भी बढ़ रही। अभी भी शान्त नहीं हो रही हो॥ २॥

उत्खातं निधिशङ्कया क्षितितलं ध्माता गिरेर्धातवो
निस्तीर्णः सरितां पतिर्नृपतयो यत्नेन सन्तोषिताः।
मन्त्राराधनतत्परेण मनसा नीताः श्मशाने निशाः
प्राप्तः काणवराटकोऽपि न मया तृष्णे! सकामा भव ॥३॥

३—आशा तृष्णा—तृष्णा की प्रबलता (२)

गहरे गहरे गड्ढे खोदे, गड़े खजाने पाने को।
गिरि से लाकर धातें फूँकीं, उनसे लाभ कमाने को॥
कर समुद्र को पार, भूमिपति यत्नों से सन्तुष्ट किये।
जाकर रात मसान जगाये, मन्त्रसिद्धि का लक्ष्य लिये॥
कानी कौड़ी तक कभी, लगी न अपने हाथ।
तृष्णे तेरी जय रही, तुझे नवाते माथ॥

यहाँ खजाना (गड़ा हुआ द्रव्य) मिलेगा, इस आशा से भूमि को खना; मैनसिल आदि पहाड़ों की धातुओं को आग में रखकर फूँका, समुद्र को पार किया, बड़े परिश्रम से राजा आदि श्रीमानों को सन्तुष्ट किया, सिद्धिप्रदायक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मन्त्रों की उपासना में तत्पर मन के द्वारा श्मशान में भी कितनी निशाएँ बिताईं, पर ऐ चाह (लालच)! मैंने फूटी (कानी) कौड़ी भी न पाई। इसलिए तुम सफल या प्रसन्न हो जाओ ॥ ३ ॥

खलालापाः सोढाः कथमपि तदाराधनपरै-
र्निगृह्यान्तर्बाष्पं हसितमपि शून्येन मनसा ।
कृतो वित्तस्तम्भप्रतिहतधियामञ्जलिरपि-
स्त्वमाशे ! मोघाशे ! किमपरमतो नर्तयसि माम् ॥४॥

४—आशा तृष्णा-तृष्णा की प्रबलता (३)

हुए शान्त कटुवचन दुष्ट सुन, बोले फिर अहसान मना।
रोक आँसुओं को आँखों में, हँसे शून्य-मन बात बना ॥
धन-मदमाते नीच नरों के, धीरज धरकर जोड़े हाथ।
आशा तू क्यों घेर रही है, नचा रही क्यों अपने साथ ?

उनकी सेवा में लगे हुए हम लोगों ने दुर्जनों के दुर्वचन अत्यन्त कष्ट से सहे, कारण वैसा न करने पर अपने काम का नाश होगा—इस भय से सहन किये। आँसुओं को मन के भीतर दबाकर अर्थात् आँसुओं के घूँट पीकर सूने मन से हम हँसे भी। धन के कारण जड़ और कर्तव्यविमुख बुद्धिवालों को हाथ भी जोड़े अर्थात् प्रणाम भी किया। ऐ व्यर्थ आशावाली तृष्णे ! इससे बढ़कर मुझे और क्यों नचा रही हो। इतना सताना बस हुआ, अब मत सताओ ॥ ४ ॥

अमीषां प्राणानां तुलितबिसिनीपत्रपयसां
कृते किं नास्माभिर्विगलितविवेकैर्व्यवसितम् ।
यदाढ्यानामग्रे द्रविणमदनिस्संज्ञमनसां
कृतं मानव्रीडैर्निजगुणकथापातकमपि ॥५॥

५—अज्ञान—अविवेकी कर्म।

चंचल जल ज्यों कमलपत्र पर, तैसे विचलित रहते प्राण।
क्या क्या किया विवेक त्याग कर, जिससे हो इनका कल्याण ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बुद्धि हरी धन मद ने जिनकी, जाकर तिनके पास कभी।
किया पाप निज गुण बखान कर, बना मुखागर कुटिल सभी॥

कमल के पत्ते पर पड़े हुए जल के समान क्षणभंगुर इन अविश्वसनीय प्राणों की रक्षा के लिए विवेकहीन हम लोगों ने क्या क्या नहीं किया! किंतु सभी अनुचित कार्य किये। क्योंकि धन के नशे में असावधान चित्तवाले श्रीमानों के सामने हमने निर्लज्ज होते हुए अपने गुणों की कथा (कथन) रूप पातक भी किया॥ ५॥

क्षान्तं न क्षमया गृहोचितसुखं त्यक्तं न सन्तोषत-
स्सोढो दुस्सहशीततापपवनक्लेशो न तप्तं तपः।
ध्यातं वित्तमहर्निशं नियमितप्राणैर्न शम्भोः पदं
तत्तत्कर्म कृतं यदेव मुनिभिस्तैस्तैः फलैर्वञ्चिताः॥६॥

६—अज्ञान—अपनी चालवाजी के कारण तपों के फल न पा सके।
क्षमा बखानी, करी न धारण, तजा न गृह-सुख कर संतोष।
शीत वात अरु घाम सहे, पर किया न कुछ तप, तजा न रोष॥
त्याग अर्थ चिन्ता, संयम कर, शिव-सेवा मन नहिं लाये।
किये कर्म तो मुनियों के से, तप-फल हाथ नहीं आये॥

जो जो कर्म मुनियों से किया जाता है, वह वह कर्म हमने भी किया; किन्तु मुनिलभ्य उन उन फलों से हम वञ्चित रहे। जैसे—अपमान का कारण रहते हुए भी सहन कर चित्त में दुःख न उत्पन्न होने देना—ऐसी क्षमा से नहीं सहन किया किन्तु असमर्थता के कारण सहन किया। घर में उचित भोजनादि सुख स्वेच्छा से नहीं छोड़ा अपितु वैसा कर नहीं सकते इसलिये छोड़ा। तपस्या के लिए दुस्सह शीत, ताप और पवन नहीं सहे किन्तु जीविका के लिए देशान्तर घूमने में ये सब सहे। पर तपश्चरण नहीं किया। अपने प्राणों को बंधन (वश) में रखकर रात-दिन शिवजी के चरणों का ध्यान नहीं किया परन्तु केवल कर्म का ही ध्यान रखा। अतः मुनियों से प्राप्य वस्तु नहीं पाई॥ ६॥

भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्तास्तपो न तप्तं वयमेव तप्ताः।
कालो न यातो वयमेव यातास्तृष्णा न जीर्णा वयमेव जीर्णाः॥७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

७–आशा तृष्णा–तृष्णा तो बूढ़ी न हुई हम ही बूढ़े हो गये।
भोगों को क्या भोगा हमने, भोग हमें भुगताय गये।
तपते रहे तपों को हम क्या, तप ही हमको ताय गये॥
रहे सोचते काल काट लें, काल हमें ही काट गया।
तृष्णा तू तो हुई न बूढ़ी हमें बुढ़ापा चाट गया॥

माला, चन्दन आदि सांसारिक वस्तुओं का उपभोग नहीं कर पाये किन्तु उनको पाने की दुश्चिन्ता से हमी लोग ग्रसे गये। तपश्चरण नहीं किया किन्तु आध्यात्मिक आदि त्रिविध चिन्ता से हम लोग ही तपे अर्थात् हमने कष्ट सहे। सज्जन लोगों के साथ सहवास, सदाचरण आदि द्वारा समय नहीं गया किन्तु हम लोग ही सांसारिक वस्तु की प्राप्ति की चिन्ता में बड़े-बूढ़े हो गये। इसी प्रकार आशा जीर्ण नहीं हुई किन्तु हम ही शिथिल हो गये अर्थात् अब किसी काम के न रहे॥ ७॥

वलिभिर्मुखमाक्रान्तं पलितेनाङ्कितं शिरः।
गात्राणि शिथिलायन्ते तृष्णैका तरुणायते॥८॥

८—आशा तृष्णा—तृष्णा बुढ़ापे में तरुण होती है।
पड़ीं झुर्रिया मुख के ऊपर, बाल सफेदी सिर आई।
हुए शिथिल हैं अङ्ग अङ्ग, पर तृष्णा तरुणाई छाई॥

वलियों अर्थात् वार्धक्य के कारण पड़नेवाली झुर्रियों ने मुख को चारों ओर से घेर लिया, बुढ़ापे की सफेदी ने सिर को चिह्नित किया अर्थात् मस्तक के सभी केश श्वेत हो गये, हाथ-पैर आदि देह के अवयव ढीले हो रहे हैं परन्तु एक आशा तरुणी के समान बलिष्ठ हो रही है। सब कुछ अस्त-व्यस्त हो जाने पर भी आशा कभी भी छूटती नहीं॥ ८॥

* विवेकव्याकोशे विदधति शमे शाम्यति तृषा
परिष्वंगे तुंगे प्रसरतितरां सा परिणता।
जराजीर्णैश्वर्यग्रसनगहनाक्षेपकृपण-
स्तृषापात्रं यस्यां भवति मरुतामप्यधिपतिः॥

* इस चिह्न से अंकित श्लोकों को सर्वत्र प्रक्षिप्त समझना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आशा तृष्णा—तृष्णा का त्याग उचित है।

ज्ञान ज्योति से शान्ति प्रगट हो, तृष्णा दूर भगाती है।
नहिं तो विषयों का सँग पाकर, दिन दिन बढ़ती जाती है॥
तृष्णा ही से इन्द्र देवपति, महाशिथिल बन जाते हैं।
जरा-जीर्ण ऐश्वर्य-भोग से, खुद को बचा न पाते हैं॥

विवेक से प्रकट होने से शम (शान्ति) होने पर विषयों को भोगने की तृष्णा शान्त हो जाती है। नहीं तो विषयों का अत्यधिक प्रसङ्ग होने से वह (भोगतृष्णा) बलवती होकर बढ़ती जाती है। जिससे (देवताओं के राजा इन्द्र भी जरा (वृद्धावस्था) से क्षीण एवं ऐश्वर्य-प्राप्ति की अभिलाषी होने से देवपति होकर तृष्णा के पात्र बने रहते हैं अर्थात् उनकी भी भोग-तृष्णा बनी रहती है।

निवृत्ता भोगेच्छा पुरुषबहुमानोऽपि गलित-
स्समानाः स्वर्याताः सपदि सुहृदो जीवितसमाः।
शनैर्यष्ट्युत्थानं घनतिमिररुद्धे च नयने
अहो मूढः कायस्तदपि मरणापायचकितः ॥९॥

९—आशा तृष्णा—आशा की प्रबलता।

भोग-वासना शान्त हुई, सम्मान घटा जग में अपना।
समवयस्क चल बसे, मित्रगण—कठिन पा रहे हैं रहना॥
टेक लगा धीरे उठ पाते, बढ़े धुन्ध दृग हरने को।
फिर भी हाय! शरीर मूढ़ ये, चौंक उठे सुन मरने को॥

सांसारिक पदार्थों की इच्छा चली गई। पुरुषों में जो बहुत सम्मान पहिले था वह भी कम हुआ, बराबरी की अवस्थावाले प्राणतुल्य मित्र भी शीघ्र ही दुरवस्था भोगने के पूर्व ही स्वर्ग को सिधार गये। लाठी के सहारे अब धीरे-धीरे उठ पाते हैं, बहुत ही अँधियारा (रोग विशेष) से न देख सकनेवाली दोनों आँखें हो गईं अर्थात् हम लँगड़े और अंधे हो गये; परन्तु ज्ञानहीन शरीर फिर भी मृत्युरूप नाश से भीत है अर्थात् फिर भी जीने की इच्छा शरीर को है—यह आश्चर्य की बात है॥ ९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आशा नाम नदी मनोरथजला तृष्णातरङ्गाकुला
रागग्राहवती वितर्कविहगा धैर्यद्रुमध्वंसिनी।
मोहावर्तसुदुस्तराऽतिगहना प्रोत्तुङ्गचिन्तातटी
तस्याः पारगता विशुद्धमनसो नन्दन्ति योगीश्वराः ॥१०॥

१०—आशा तृष्णा को त्याग कर योगीजन परमानन्द पाते हैं।
आशा नदी, मनोरथ जल है, तृष्णा की क्या उठें तरंग।
मगर राग के, खग वितर्क के, धीरज द्रुम को करें अपंग॥
भँवर मोह का पड़ता दुस्तर, कूल नदी चिन्ता के बन्ध।
पार जायँ योगी विशुद्ध हिय, तब पाते हैं परमानन्द॥

अच्छा खान-पान-विहार आदि मानसिक इच्छारूप जलवाली, अप्राप्य वस्तु की प्राप्तीच्छारूप तृष्णा की तरङ्गों से पूर्ण, अभीष्ट पदार्थ का प्रेमरूप राग और द्वेष आदि नक्र (नाक, मगर) वाली, 'अमुक वस्तु कब कैसे मिलेगी' इत्यादि विचाररूप जलपक्षियों से भरी, धैर्यरूप वृक्षों को उखाड़कर फेंकनेवाली, अज्ञान वृत्ति दंभ-दर्परूप आवर्त (पानी के घूमने से नाद की तरह होनेवाला भौंरा) से पार पाने में कठिनाईवाली, अत्यन्त गहरी, बढ़ी हुई ऊँची-ऊँची चिन्तारूप तट-वाली इस संसार में एक आशानामक नदी है जिससे पार होना बहुत ही दुर्लभ है। किन्तु शुद्धान्तःकरण महान् योगिराज उस नदी के पार होकर ब्रह्मानन्द में लीन होकर आनन्दित होते हैं। अतएव आशा का त्याग सर्वा-पेक्षया श्रेयस्कर है॥ १०॥

(विषय-त्याग-विडम्बन)

न संसारोत्पन्नं चरितमनुपश्यामि कुशलं
विपाकः पुण्यानां जनयति भयं मे विमृशतः।
महद्भिः पुण्यौघैश्चिरपरिगृहीताश्च विषया
महान्तो जायन्ते व्यसनमिव दातुं विषयिणाम् ॥११॥

११—परब्रह्म का ध्यान, पुण्यकर्मों के फल से भी भय है।
सांसारिक कामों में अपनी कुशल नहीं मैं पाता हूँ।
पुण्यों के फल मन विचार कर उनसे भी भय खाता हूँ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कारण महापुण्य संचय से मिलते जग में भोग महान।
अन्त समय जो विषयी जन को दुख देते हैं विषय समान॥

इस संसार में फल-कामना से किये हुए पुण्य कर्म को श्रेयस्कर मैं नहीं समझ रहा हूँ। क्योंकि सत्कर्मों के परिणाम को सोचते हुए मुझे भय उत्पन्न होता है कि कृतपुण्यकर्मों के फलस्वरूप स्वर्गादि का उपभोग करने से पुण्य क्षीण होने पर फिर भी विपत्तियों का सामना करना पड़ेगा। अत्यधिक पुण्यकर्मों के आचरण से प्राप्त महान् विषय (उपभोगयोग्य पदार्थ) विषयासक्त पुरुषों को विपत्ति देने के लिये ही उत्पन्न हुआ करते हैं॥ ११॥

अवश्यं यातारश्चिरतरमुषित्वापि विषया
वियोगे को भेदस्त्यजति न जनो यत्स्वयममून्।
व्रजन्तः स्वातन्त्र्यादतुलपरितापाय मनसः
स्वयं त्यक्ता ह्येते शमसुखमनन्तं विदधति॥१२॥

१२—विषयों के भोगों को स्वयं त्याग करने में सुख है।

जो भोगे हैं विषय बहुत दिन, अवशि अन्त वह छोड़ेंगे।
क्या कारण हम स्वयं न त्यागें, वह निश्चय मुख मोड़ेंगे॥
देंगे अति संताप हृदय को, छोड़ हमें जब जावेंगे।
पर यदि हम ही उनको त्यागें, परम शान्ति चित पावेंगे॥

ये सांसारिक विषय बहुत कुछ दिनों तक रहकर भी अवश्य ही चले जायँगे अर्थात् एक दिन हमको छोड़ देंगे। उन्होंने हमको या हमने उनको छोड़ा तो उसमें क्या भेद (अंतर) है ? अर्थात् कुछ नहीं दोनों समान हैं। फिर भला सज्जन लोग उनको स्वयं नहीं त्यागते। क्योंकि स्वयं पुरुषों द्वारा छोड़े गये ये विषय अनन्त शान्ति-सुख करनेवाले हैं। इनको स्वयं छोड़ देने से अत्यन्त शान्ति और सुख प्राप्त होता है। अतः इन्हें स्वयं त्यागनो उचित है॥ १२॥

ब्रह्मज्ञानविवेकनिर्मलधियः कुर्वन्त्यहो दुष्करं
यन्मुञ्चन्त्युपभोगभाञ्ज्यपि धनान्येकान्ततो निःस्पृहाः।
सम्प्राप्तान्न पुरा न सम्प्रति न च प्राप्तौ दृढप्रत्ययान्
वाञ्छामात्रपरिग्रहानपि परं त्यक्तुं न शक्ता वयम्॥१३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१३—ईश्वरोपासना, भोग की इच्छा का त्याग कठिन है।
ब्रह्मज्ञान से निर्मल मति पा कठिन कर्म सज्जन करते।
धन जो मूल अनेक भोग का निस्पृह ही उसको तजते॥
हम तो रहे, न हैं या होंगे धन आदिक के मनभाते।
फिर भी इच्छा-मात्र भोग को छोड़ नहीं अब तक पाते॥

ब्रह्मज्ञान अर्थात् तत्त्वज्ञान से उत्पन्न सदसद्विचार द्वारा असंदिग्ध बुद्धिवाले ज्ञानी लोग असाध्य (कठिन) कर्म करते हैं कि उपभोग में आनेवाले भी धनों को अत्यन्त निःस्पृह होते हुए त्याग देते हैं। पूर्वकाल में न मिले हुए, इस समय में भी अप्राप्त तथा भविष्यत् की प्राप्ति में भी जिनका पूर्ण विश्वास नहीं अर्थात् अविश्वसनीय, मनोरथ के द्वारा मन में प्राप्ति के लिए निश्चित किये हुये सांसारिक पदार्थों को छोड़ देने में हम लोग अत्यन्त असमर्थ हैं अर्थात् मनःकल्पित एवं त्रिकाल में भी अप्राप्त वस्तुओं को भी हम लोग छोड़ नहीं सकते। यद्यपि उनका त्याग ही परम श्रेयस्कर है॥ १३॥

धन्यानां गिरिकन्दरेषु वसतां ज्योतिः परं ध्यायता-
मानन्दाश्रु जलं पिबन्ति शकुना निश्शङ्कमङ्केशयाः।
अस्माकं तु मनोरथोपरचितप्रासादवापीतट-
क्रीडाकाननकेलिकौतुकजुषामायुः परं क्षीयते ॥१४॥

१४–ईश्वरोपासना-वे नर धन्य हैं जो एकान्त में परब्रह्म का ध्यान करते हैं।
ते नर धन्य बीच गिरि कन्दर परमज्योति का ध्यान धरें।
जिनके आनन्दाश्रु, पक्षि हो-निर्भय गोदी पान करें॥
पर है दशा हमारी ऐसी खेल मनोरथ जी भाता।
जिसमें आयु व्यर्थ खो रहे नहीं ध्यान कुछ हो पाता॥

गोद में आकर बैठनेवाले पक्षिगण पहाड़ों की खोहों (कन्दराओं) में रहनेवाले, श्रेष्ठ ब्रह्म का ध्यान करनेवाले महात्मा पुरुषों के आनन्द की आँसुओं के जल को निर्भय हो पान करते हैं। मनोरथों द्वारा महल, बावड़ियों के किनारे और विहार के बागों में होनेवाली क्रीडा के कौतुक से, संतुष्ट होनेवाले हम लोगों की आयु तो बहुत ही क्षीण (नष्ट) हो रही है। इसलिए सांसारिक सुखों से मुँह मोड़कर हमें केवल ब्रह्मचिन्तन ही करना चाहिए॥ १४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भिक्षाशनं तदपि नीरसमेकवारं
शय्या च भूः परिजनो निजदेहमात्रम् ।
वस्त्रं विशीर्णशतखण्डमयी च कन्था
हा हा !! तथापि विषया न परित्यजन्ति ॥१५॥

१५—विषयों के भोग—त्याग कठिन है ।

भिक्षा करके नीरस भोजन, करते हैं दिन में इक बार ।
पृथ्वी ही अपनी शय्या है, देह मात्र अपना परिवार ॥
एक पुरानी गुदड़ी ओढ़ें, खोंपे बढ़ते ही जाते ।
पर हा शोक ! विषय घेरे हैं, नहीं छोड़ इनको पाते ॥

एक तो माँग कर लाई वस्तु (भीख) ही आहार है, वह भी रसहीन और एक ही बार, सोने के लिए सेज-बिछौना केवल भूमि है । सेवक केवल अपना शरीर ही है । ओढ़ने-पहिरने के लिए कपड़ा केवल एक कथड़ी (गुदड़ी) जो पुरानी फटी और टुकड़ों (पेबंदों) से सिली हुई है । ऐसी स्थिति होने पर भी भोग की इच्छाएँ हमें नहीं छोड़तीं । हाय, हाय ! उपभोग-योग्य सामग्री के न रहने पर भी भोग की अभिलाषा दूर नहीं होती, यह बड़े दुःख की बात है ॥१५॥

स्तनौ मांसग्रन्थी कनककलशावित्युपमितौ
मुखं श्लेष्मागारं तदपि च शशाङ्केन तुलितम् ।
स्रवन्मूत्रक्लिन्नं करिवरशिरस्स्पर्धि जघनं
मुहुर्निन्द्यं रूपं कविजनविशेषैर्गुरु कृतम् ॥१६॥

१६—नारी शरीर का वास्तविक वर्णन-कवियों द्वारा उसकी झूठी प्रशंसा ।

नारी-स्तन जो मांस-ग्रन्थि हैं, स्वर्ण-कलश से कह डाला ।
थूक-खखार भरा मुखड़ा भी, शशी-स्वरूप सुधा-प्याला ॥
बहते हुए सूत्र से गीली जाँघ कहीं गज-गण्डस्थल ।
निन्द्य रूप नारी उपमा में, कविजन क्या बरनो अटकल ॥

भर्तृहरि कामिनी की निन्दा करते हुए कहते हैं कि—वक्षःथल पर रहनेवाले ये दोनों कुच तो मांस की गाँठें हैं पर सुवर्ण-कलश के समान बतलाये गये,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मुख तो कफ आदि का निवास-स्थान है परन्तु उसको चन्द्रमा की उपमा दी गई है। बहनेवाले मूत्र से भींगे जघन (कटिपुरोभाग) को बड़े हाथी के मस्तक की उपमा से शोभित बनाया। इस प्रकार कुछ विशिष्ट कवियों ने अत्यन्त निन्दनीय कामिनी के रूप को गौरव-पूर्ण बनाया है ॥ १६ ॥

एको रागिषु राजते प्रियतमादेहार्धहारी हरो
नीरागेषु जनो विमुक्तललनासङ्गो न यस्मात्परः ।
दुर्वारस्मरबाणपन्नगविषव्याविद्धमुग्धो जन-
श्शेषः कामविडम्बितान्न विषयान् भोक्तुं न मोक्तुं क्षमः ॥१७॥

१७—काशीवास—शिवस्तुति

रागी जन में शम्भु धन्य हैं दिया अर्ध अँग नारी को।
नहिं विरक्त भी उनसा कोई दीन्हा त्याग दुलारी को ॥
काम सर्प से ग्रसे अन्य जन मुग्ध विडम्बित फिरते हैं।
समरथ भोग न त्याग किसी में पड़े सोच में रहते हैं ॥

प्रियतमा के अर्धदेह को हरण कर उसमें सम्मिलित होनेवाले, प्रेमियों में एक, श्रेष्ठ प्रेमी के रूप में, केवल शिव ही शोभा पा रहे हैं। विरक्त पुरुषों में स्त्री-संग का त्याग करनेवाला उनसे बढ़कर दूसरा कोई भी जन नहीं है। शेष (बाकी दूसरे) जन तो निवारण करने में कठिन कामदेव के बाणरूप सर्प के विष से या तत्सदृश व्यामोह से भरे। अतएव कर्तव्याकर्तव्यज्ञान से हीन होने से कामावस्था से स्वीकृत स्त्रीसंभोग आदि विषयों को न भोग ही सकता है और न छोड़ ही सकता है अर्थात् प्राकृत जन न पूर्ण प्रेमी (अनुरागी) बन सकता है अथवा रागहीन (वैरागी) ही हो सकता है। इस प्रकार वह "न इधर का रहा, न उधर का रहा" इस दशा को पाता है ॥ १७ ॥

अजानन् दाहात्म्यं पततु शलभस्तीव्रदहने
स मीनोऽप्यज्ञानाद्बडिशयुतमश्नातु पिशितम् ।
विजानन्तोऽप्येते वयमिह विपज्जालजटिलान्-
न मुञ्चामः कामानहह ! गहनो मोहमहिमा ॥१८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१८—अज्ञान—महामोह की महिमा ।

अनजाने में जल जाता है, घुसकर शलभा अग्नि प्रचंड ।
अनजाने मछली खा मरती, बंसी लगे मांस के खंड ॥
पर हम समझ-बूझ फँसते हैं, दुखदायी विषयों के जाल ।
कितनी कठिन मोह की महिमा, जानबूझ पड़ते जंजाल ॥

शलभ (पतङ्ग=फतिङ्गा) जलाने के स्वभाव को न जानने के कारण कड़ी आग में गिरे अर्थात् जलकर भले ही मर जाय । इसी प्रकार वह मत्स्य मालूम न होने से बन्सी (मछली पकड़ने का काँटा) में लगे हुए मांस को भले ही खाने की चेष्टा करे अर्थात् उसी में अपने प्राणों को गँवा दे । किन्तु इस लोक में विनिपात का कारण विशेष रूप से जानते हुए भी हम लोग विपत्तियों के जाल से कठिन काम-वासनाओं को नहीं छोड़ते । खेद का विषय है—अज्ञान की महिमा गहन है अर्थात् जानना कठिन है ॥ १८ ॥

तृषा शुष्यत्यास्ये पिबति सलिलं शीतमधुरं
क्षुधार्तः शाल्यन्नं कवलयति मांसादिकलितम् ।
प्रदीप्ते कामाग्नौ सुदृढतरमालिङ्गति वधूं
प्रतीकारं व्याधेः सुखमिति विपर्यस्यति जनः ॥१९॥

१९—मिथ्या ज्ञान—विषयों में सुख की भ्रान्ति ।

हो तृषार्त्त अति शीतल एवं मधुर वारिसेवन करता ।
हो क्षुधार्त्त शाली चावल सह मांस आदि भच्छन करता ॥
हो कामाग्नि-प्रतप्त गाढतर आलिङ्गन रमणी करता ।
है उपाय सब व्याधि-नाश-हित, इनको क्यों सुख है गिनता ॥

मनुष्य प्यास से मुख के सूखने पर ठंडा और मीठा पानी पीता है । भूख से सताये जाने पर मांस; आदि-पद से दूध, दही, घी प्रभृति व्यंजनों से स्वादिष्ट बनाए शालि चावल के भात को खाता है । कामाग्नि के प्रज्वलित होने पर स्त्री का गाढ़तर आलिंगन करता है । व्याधि=पिपासादि के शमन करने के उपाय=जलपानादि को साधारण जन 'सुख है'—ऐसा उलटा ही समझ लेता है अर्थात् वास्तविक तथ्य को नहीं जानता ॥ १९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तुङ्गं वेश्म सुतास्सतामभिमताः सङ्ख्यातिगाः सम्पदः
कल्याणी दयिता वयश्च नवमित्यज्ञानमूढो जनः ।
मत्वा विश्वमनश्वरं निविशते संसार-कारागृहे
सन्दृश्य क्षणभङ्गुरं तदखिलं धन्यस्तु सन्न्यस्यति ॥२०॥

२०—अज्ञान—नाशवान धन-वैभव का मोह ।

भव्य भवन, कल्याणी नारी, धन अपार अरु संत सपूत ।
अज्ञानी जन नई जवानी में—जब पाता सभी विभूत ॥
समझ विश्व अविनाशी, वन्दीगृह में जग के फँस जाता ।
पर नर धन्य त्याग जग नश्वर, है विराग को अपनाता ॥

ऊँची हवेली, विद्या-विनयादि द्वारा सज्जनों को मान्य पुत्र, असंख्य धनराशि प्रियतमा अनुकूल अतएव सुन्दरी, नवीन वय तथा संसार (गृह-पुत्रादि) चिर-स्थायी है-ऐसा मानकर अज्ञान के कारण मूर्ख लोग संसार (प्रपंच) रूप बन्धनालय (जेल) में प्रवेश करते हैं। भाग्यवान् बिरला ही पुरुष उन सबको क्षण में नष्ट होनेवाले सोचकर उस संसार से विरक्त हो उसका त्याग कर देता है ॥ २० ॥

(याञ्चा दीनता-दूषण)

दीना दीनमुखैस्सदैव शिशुकैराकृष्टजीर्णाम्बरा
क्रोशद्भिः क्षुधितैर्निरन्नविधुरा दृश्या न चेद् गेहिनी ।
याच्ञाभङ्गभयेन गद्गदगलत्रुटयद्विलीनाक्षरं
को देहीति वदेत् स्वदग्धजठरस्यार्थे मनस्वी पुमान् ॥२१॥

२१—याञ्चा में विवशता—बाल-बच्चों के लिये माँगना ही पड़ता है ।

भूखे रोते दीन मुखों से,
बालक पहिर पुराने चीर ।
खींचत देखे निज नारी को,
कर-कर उसको महा अधीर ॥
एसा कुटुम न हो यदि संग में,
केवल अपना ही तन हो ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कोन मनस्वी जाय माँगने,
भय तजि याञ्चा भंग कहो ॥

दीन अर्थात् निस्तेज मुखवाले, भूखे अतएव विलाप करनेवाले छोटे बच्चों से सदा ही जिसका पुराना पहिनने का वस्त्र खींचा जा रहा है, घर में अन्न के न होने से दुखी, दीन अर्थात् दरिद्र गृहिणी को यदि देखना न पड़े तो कौन मानी पुरुष अपने जले पेट को भरने के लिए याचना की अस्वीकृति के भय से भीतर से भर आये गले से टूटे-फूटे और अस्फुट अक्षरों में "मुझे दो" ऐसा कहेगा ? अर्थात् मानी पुरुष अपने बाल-बच्चों तथा घरवाली की बिना अन्न के होने वाली दुर्दशा को यदि अपनी आंखों से न देखे तो "चले जाओ, यहाँ क्या रखा है !" इत्यादि कहनेवाले श्रीमानों के सामने केवल अपना पेट भरने के लिए घृणित भीख माँगने का काम कभी न करेगा ॥ २१ ॥

अभिमतमहामानग्रन्थिप्रभेदपटीयसी
गुरुतरगुणग्रामाम्भोजस्फुटोज्ज्वलचन्द्रिका ।
विपुलविलसल्लज्जावल्लीवितानकुठारिका
जठरपिठरी दुष्पूरेयं करोति विडम्बनम् ॥२२॥

२२—आत्मसम्मान, पेट विडम्बनाओं की जड़ है ।

पेट-पिटारी कभी न भरती विडम्बनाएँ बहुत करे ।
यश के सुन्दर शिखर गिरा दे जगह जगह सम्मान हरे ॥
गुण समूह पंकज कोमल को ज्योत्स्ना सी मुरझा देती ।
लज्जा लतापुञ्ज सुन्दर को बन कुठार कटवा लेती ॥

कीर्तिकर अतएव अभीष्ट महान् अभिमान की गाँठ को तोड़ने में समर्थ अर्थात् कुलीनता, विद्वत्ता आदि गुणों से उत्पन्न अभिमान को नष्ट करनेवाली, अनेक अच्छे गुणरूपी कमलों के लिए निर्मल चाँदनी अर्थात उनको संकुचित करनेवाली, अधिकता से शोभनेवाली लज्जारूप लता के विस्तार को जड़-मूल से नष्ट करनेवाली कुल्हाड़ी के समान काम करनेवाली, कभी न भरनेवाली यह पेट-रूपी-कूड़ी हमसे याचना-दीनता का अभिनय कराती है अर्थात् हम लोगों को यह चांडाल पेट भीख माँगने के लिए लाचार करता है ॥ २२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुण्ये ग्रामे वने वा महति सितपटच्छन्नपालीं कपालिं
ह्यादाय न्यायगर्भ-द्विजहुतहुत-भुग्धूमधूम्रोपकण्ठे ।
द्वारं द्वारं प्रविष्टो वरमुदरदरीपूरणाय क्षुधार्तो
मानी प्राणैः सनाथो न पुनरनुदिनं तुल्यकुल्येषु दीनः ॥२३॥

२३—आत्मसम्मान, समान कुलवालों में दीन होना अच्छा नहीं।

छप्पय

हवन विधी से द्विजजन करते, द्वार धूम्र से होय मलीन।
ऐसे सद्गृहस्थ घर भिक्षा करना होती सदा अदीन॥
लिये पात्र उज्ज्वल पट से ढक नगर-ग्राम में जाय कहीं।
पर समान कुल में आरति से दीन होय घिघियाय नहीं॥
पेट कन्दरा-पूर्ति को, भिक्षा करनी उचित है।
पर भिक्षा की प्राप्ति में, मान गँवाये अहित है॥

भूख से सताया मानी पुरुष मीमांसाशास्त्र के सिद्धान्तों तथा वेद-शास्त्र पुराण आदि के तत्त्वों के वेत्ता ब्राह्मणों के द्वारा आहुतियों से पूर्ण अग्नि के धूएँ से लाल-काला आस-पास का भाग जिसका ऐसे पवित्र और बड़े गाँव या वन में अपने प्राणों की रक्षा-निमित्त पेटरूपी कंदरा को भरने के लिए प्रत्येक द्वार (घर) में प्रवेश करे यह बात अच्छी है परन्तु समान कुलवाले बन्धु-बान्धवों के यहाँ दीन बनकर प्रतिदिन जाना अच्छा नहीं है। तात्पर्य यह कि शुद्धता से रहनेवाले अग्निहोत्री आदि के घर जाकर भीख माँगना अच्छा किन्तु अपने भाई-बन्दों में नहीं॥ २३॥

गङ्गातरङ्गकण-शीकर-शीतलानि
विद्याधराध्युषित-चारुशिलातलानि ।
स्थानानि किं हिमवतः प्रलयं गतानि
यत्सावमानपरपिण्डरता मनुष्याः ॥२४॥

२४—आत्मसम्मान-अपमानित जीवन से हिमालयवास श्रेष्ठ है। (१)

शिला जहाँ रहती है शीतल पा फुहारकण गङ्गतरंग।
विद्याधर आनन्दित विहरें मन रहते हैं भरे उमंग॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ऐसे हिमगिरि के प्रदेश, क्या प्रलयकाल ने विनसाये।
जो अपमानित हो, घर घर जा, अन्न पराया नर खाये ॥

गङ्गाजी की तरङ्गों की बूँदें और बर्फ से शीतल, गन्धर्वजाति-विशेष विद्याधरों के बैठने से सुन्दर चट्टानोंवाले, हिमालय पर्वत के स्थान क्या नष्ट हो गये, जिस कारण से मनुष्य अपमान से पूर्ण दूसरों के अन्न की प्राप्ति में लीन हो रहे हैं। पहाड़ी सुन्दर स्थानों को छोड़कर अपमानजनक स्थानों में लोगों का जाना अच्छा नहीं ॥ २४ ॥

किं कन्दाः कन्दरेभ्यः प्रलयमुपगता निर्झरा वा गिरिभ्यः
प्रध्वस्ता वा तरुभ्यः सरसफलभृतो वल्कलिन्यश्च शाखाः।
वीक्ष्यन्ते यन्मुखानि प्रसभमपगत-प्रश्रयाणां खलानां
दुःखाप्त-स्वल्प-वित्तस्मयपवनवशानर्तितभ्रूलतानि ॥२५॥

२५—आत्मसम्मान—अपमानित जीवन से हिमालयवास श्रेष्ठ है (२)

कन्द हुए क्या लोप गुफाओं से पर्वत के।
सरस मधुर डाली, फल बल्कल बिन लागत के ॥
क्या सूख गये झरने जो सज्जन दुख है सहता।
विनयशून्य गर्वीले धनियों का मुँह तकता ॥

पर्वतों की गुफाओं से कन्दमूल आदि खाद्य पदार्थ नष्ट हो गये क्या? अथवा पहाड़ों से झरनेवाले पेय-पदार्थ नाश को पा गये क्या? या पेड़ों की रसीले और मीठे फलोंवाली अर्थात् खाद्य वस्तु से पूर्ण तथा वल्कलवाली (छालटीन-वस्त्रविशेष) अर्थात् परिधानीय वस्तु वाली शाखाएँ टूटकर बिलकुल गायब हो गईं क्या? क्योंकि विनयविहीन (उद्धत) खलों के उन मुखों की ओर लोग कुछ पाने की आशा से देखते हैं जो कठिनाई से प्राप्त थोड़े से धन के गर्वरूपी पवन से चलित (तिरछी) भ्रूलता अर्थात् भ्रुकुटियों वाले हैं। याचक को कष्ट से प्राप्त अल्प धन से जब गर्व होने लगता है तो धनी भौंहों के इशारे से आपस में उनपर हँसने लगते हैं ॥ २५ ॥

पुण्यैर्मूलफलैस्तथा प्रणयिनीं वृत्तिं कुरुष्वाधुना
भूशय्यां नवपल्लवैरकृपणैरुत्तिष्ठ यावो वनम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षुद्राणामविवेकमूढमनसां यत्रेश्वराणां सदा
वित्तव्याधिविकारविह्वलगिरां नामापि न श्रूयते ॥२६॥

२६—आत्मसम्मान—अपमानित जीवन से हिमालयवास श्रेष्ठ है। (३)
खा पवित्र फल, मूल प्रेम से अपनी वृत्ति चलाओगे।
नवपल्लव मय भूशय्या पर सोकर, फिर वन जाओगे॥
धन मदमाते दुष्ट नरों को त्याग यहीं से जाना है।
वचन बाण क्या, नाम नीच का कभी न फिर सुन पाना है॥

दुर्जन स्वामी की सेवा से खिन्न कोई व्यक्ति अपने मित्र से इस प्रकार कह रहा है कि-मित्र! उठो, हम दोनों वन में चलें। पवित्र कन्दमूल से अवर्णनीय प्रेम करनेवाली जीविका चलावें। अधिकता से मिलनेवाले कोपलों से भूमि को सेज बनावें। जहाँ अज्ञान से कर्त्तव्यशून्य हृदय वाले सदा धन रूप रोग' के विकार से विकल वचनवाले, क्षुद्र स्वामियों = प्रभुओं का नाम भी नहीं सुनने में आता ॥ २६ ॥

फलं स्वेच्छालभ्यं प्रतिवनमखेदं क्षितिरुहां
पयः स्थाने स्थाने शिशिरमधुरं पुण्यसरिताम्।
मृदुस्पर्शा शय्या सुललितलतापल्लवमयी
सहन्ते सन्तापं तदपि धनिनां द्वारि कृपणाः ॥२७॥

२७—आत्मसम्मान—अपमानित जीवन से हिमालयवास श्रेष्ठ है। (४)
वनवृक्षों के फल मिलते हैं इच्छा हो सो खाने को।
नदियों के पवित्र जल निर्मल जगह जगह पर न्हाने को॥
चिकनी शय्या को मिल जाते लता, पत्र कोमल डाली।
फिर क्यों कृपण धनी के द्वारे दुष्टों की सहते गाली?

हर एक वन में बिना क्लेश के वृक्षों के फल अपनी इच्छा से प्राप्त हो सकते हैं, स्थान स्थान पर निर्मल अतएव शुद्ध नदियों का ठंडा और मीठा जल भी मिल सकता है एवं अत्यन्त सुन्दर लताओं की कोमल पत्तियों से रची इसीलिए मुलायम मालूम पड़नेवाली सेज भी है। ऐसा होते हुए भी कृपण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अर्थात् धन पाने की इच्छा से पराधीन, दीन, धनाढ्य श्रीमानों के दरवाजे पर दुःख के ताप को सहा करते हैं ॥ २७ ॥

ये वर्तन्ते धनपतिपुरः प्रार्थनादुःखभाजो
ये चाल्पत्वं दधति विषयाक्षेपपर्याप्तबुद्धेः ।
तेषामन्तःस्फुरितहसितं वासराणि स्मरेयं
ध्यानच्छेदे शिखरिकुहरग्रावशय्यानिषण्णः ॥२८॥

२८—आत्मसम्मान—तपस्या के समय अपमानित जीवन को हँस हँस याद करेंगे।

धनियों की विनती करने का दुख जिस दिन सहते हैं।
अथवा विषयी, दुष्ट पुरुष मिल हमें नीच कहते हैं॥
गिरि की गुफा जाय जब निर्मल आसन पर बैठेंगे।
अन्त ध्यान के मन में अपने हँस हँस याद करेंगे॥

आज इष्ट देवता के ध्यान की समाप्ति पर पहाड़ की गुफा के पत्थर रूप सेज पर बैठा हुआ मैं मन में उत्पन्न हँसी से उन लोगों के दिनों को स्मरण करता हूँ जो कि धनपतियों के सामने प्रार्थना या याचना के दुःख को पा रहे थे और विषयवासना से आकृष्ट बुद्धि के कारण हीनता को पा रहे थे ॥ २८ ॥

ये सन्तोषनिरन्तरप्रमुदितास्तेषां न भिन्ना मुदो
ये त्वन्ये धनलुब्धसङ्कुलधियस्तेषां न तृष्णाहता ।
इत्थं कस्य कृते कृतः स विधिना कीदृक्पदं सम्पदां
स्वात्मन्येव समाप्तहेममहिमा मेरुर्न मे रोचते ॥२९॥

२९—संतोष की महिमा—संतोषी पुरुष के लिये सोने का पहाड़ भी बेकार।

जो संतोषी रहें निरन्तर आनन्दित रहते सब काल।
पर व्याकुल जो धन-लालच में रहें बँधे तृष्णा जंजाल॥
किस कारण विरचा है विधि ने कंचन रूपी मेरु पहाड़।
आत्माराम लीन जो साधू उसको है सुमेरु बेकार॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जो लोग भाग्यवश सन्तोष से सर्वदा प्रसन्न रहते हैं उनके आनन्द टूटते नहीं किन्तु बढ़ते ही जाते हैं। और जो दूसरे लोग हैं जिनकी बुद्धि धन में ही संलग्न है उनकी आशा या चाह समाप्त नहीं होती परन्तु बढ़ती ही जाती है। विधाता ने अनिवर्चनीय सम्पत्ति के स्थान उस प्रसिद्ध सुमेरु को किसके लिए निर्माण किया ? क्योंकि उसकी सुवर्ण-विषयक महिमा अपने ही में समाप्त होती है अर्थात् अतुल धनराशि का वह केवल प्रदर्शन करता है दूसरों के उपकार में नहीं आता। अतः स्वार्थी वह मुझे अच्छा नहीं लगता ॥ २९ ॥

भिक्षाहारमदैन्यमप्रतिसुखं भीतिच्छिदं सर्वतो
दुर्मात्सर्यमदाभिमानमथनं दुःखौघविध्वंसनम् ।
सर्वत्रान्वहमप्रयत्नसुलभं साधुप्रियं पावनं
शम्भोः सत्रमवार्यमक्षयनिधिं शंसन्ति योगीश्वराः ॥३०॥

३०—संतोष—भिक्षाहार की प्रशंसा।

जो भिक्षा बिन माँगे मिलती भय-भंजन सुखकारी है।
नाशक महागर्व मद, मत्सर दुख-समूह लयकारी है॥
बिनु प्रयत्न के सुलभ सभी थल साधू प्रिय अरु है पावन।
अक्षय निधि योगीश्वर प्यारी शम्भु-तृप्ति की है साधन॥

बड़े बड़े योगी भिक्षा द्वारा प्राप्त अन्न की प्रशंसा करते हैं। कारण कि इससे दीनता नहीं दिखानी पड़ती, इसके बराबरी का सुख नहीं, सब प्रकार से भय को यह दूर करता है, बुरी ईर्ष्या (जलन), बुरे गर्व और निःसार अहङ्कार को कुचल देता है, दुःख की राशियों को चकनाचूर करता है, सभी स्थानों पर प्रतिदिन अनायास प्राप्त होता है, सज्जन इसे अच्छा समझते हैं, पवित्र तथा जिसकी निधि (खजाने) का क्षय नहीं होता, शिवजी की तृप्ति का साधन भी है क्योंकि शिवजी भिक्षापात्र लेकर 'भिक्षां देहि' कहकर अन्नपूर्णा माता से भिक्षा में अन्न प्राप्त कर तृप्त हुआ करते हैं ॥ ३० ॥

(भोगास्थिरता)

भोगे रोगभयं, कुले च्युतिभयं, वित्ते नृपालाद्भयं,
माने दैन्यभयं, बले रिपुभयं, रूपे जराया भयम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शास्त्रे वादिभयं, गुणे खलभयं, काये कृतान्ताद्भयं
सर्वं वस्तु भयान्वितं भुवि नृणां वैराग्यमेवाभयम् ॥३१॥

३१—वैराग्य—भयरहित केवल वैराग्य है।

कवित्त

भोग में रोग को, वंस में छूट को, वैभव में भय भूपति आनिये।
मान में दैन्य को, ओज में शत्रु को, सुन्दरता में बुढ़ाई बखानिये॥
शास्त्री भये भय वादी सतावत, होय गुणी खल को भय मानिये।
काया रहे जम को भय होय, विराग लिये भय एक न जानिये॥

सांसारिक वस्तुओं के सुखानुभव करने में वात-पित्तादिजन्य ज्वर आदि रोगों से भय है, इसी प्रकार वंश में आचार-भ्रष्टता अथवा सन्तान-विच्छेद का भय है, धन की समृद्धि में राजा अथवा सरकार द्वारा छीने जाने का भय है, मान में दीनता (कृपणता) का भय है, बल में शत्रुओं से भय है, रूप अर्थात् सौन्दर्य में जरा (बुढ़ापा) से भय है, शास्त्र में शुष्कवाद करने वालों से भय है, गुण (विद्या-विनय आदि) में दुर्जनों से व्यर्थ की निन्दा के कारण भय है और शरीर में नाशकारिणी मृत्यु से भय बना हुआ है। इस प्रकार पृथिवी पर मनुष्यों के लिए सभी वस्तुएँ भीति से युक्त हैं; केवल एक वैराग्य ही ऐसा है जिसमें भय का नाम नहीं। अतः सांसारिक भोगादि का त्यागकर वैराग्य का आश्रय लेना ही उत्तम है॥ ३१॥

आक्रान्तं मरणेन जन्म, जरसा चात्युज्ज्वलं यौवनं,
सन्तोषो धनलिप्सया, शमसुखं प्रौढाङ्गनाविभ्रमैः।
लोकैर्मत्सरिभिर्गुणा, वनभुवो व्यालैर्नृपा दुर्जनै-
रस्थैर्येण विभूतयोऽप्युपहता ग्रस्तं न किं केन वा॥३२॥

३२—संसार के पदार्थ क्षणभंगुर हैं। वह कौन वस्तु है जो किसी से ग्रसित नहीं है।

जन्म मृत्यु से, गुण मत्सर से, शान्ती काम-सुरा से।
नृप दुर्जन से, वन नागों से, यौबन काल जरा से॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तोप लोभ से, भूति नाश से, सभी ग्रसित हैं आई।
वस्तु न कोई जग ऐसी, आक्रान्त न होती आई॥

जन्म मृत्यु के द्वारा ग्रसा हुआ है अर्थात् जन्म के बाद मृत्यु अवश्यंभाविनी है, अत्यन्त सुन्दर यौवन जरा (वार्धक्य) से, सन्तोष धन की इच्छा से, शान्ति का सुख प्रगल्भ विलासिनियों के कटाक्षपात आदि हावभावों से ग्रसा हुआ है। परोत्कर्ष को न सहने वाले लोगों से गुण, हिंस्र जन्तुओं से वन के भाग, दुष्ट लोगों से राजा (श्रीमान) लोग, अस्थिर स्वभाव के कारण सम्पत्तियाँ आक्रांत हैं। किसने किसको नहीं ग्रस लिया ? सभी पदार्थ दूसरों के द्वारा दबाये गये हैं अर्थात् अस्थिर हैं ऐसी स्थिति में स्थिर पदार्थ वैराग्य का ही आश्रय करना चाहिए ॥ ३२ ॥

आधिव्याधिशतैर्जनस्य विविधैरारोग्यमुन्मूल्यते
लक्ष्मीर्यत्र पतन्ति तत्र विवृतद्वारा इव व्यापदः।
जातं जातमवश्यमाशु विवशं मृत्युः करोत्यात्मसा-
त्तत्किं तेन निरङ्कुशेन विधिना यन्निर्मितं सुस्थिरम् ॥३३॥

३३—संसार के पदार्थ क्षणभंगुर हैं, कोई वस्तु स्थिर नहीं है।
शतशः आधि व्याधि आकर के, स्वास्थ्य मूल को देंय उखाड़।
शृङ्खल विपदाओं की घुसतीं, लक्ष्मी का करने संहार॥
विवश जीव पैदा होकर, नित—काल गाल खींचे जाते।
कहो निरंकुश विधि विरचे जग, कौन वस्तु स्थिर रह पाते ?

नाना प्रकार की मानसिक तथा शारीरिक अनेक पीड़ाओं के द्वारा आरोग्य अर्थात् स्वस्थता का जड़ से नाश किया जाता है। जिस पुरुष के पास द्रव्य सम्पत्ति टिकती है उस पर द्वार खोलकर आपत्तियाँ आ गिरती हैं अर्थात् आपत्ति पर आपत्ति उस धनी को घेरे रहती है प्रारब्धवश पुनः पुनः जन्म लेनेवाले अतएव पराधीन जीव को मृत्यु अपने अधीन करती है अर्थात् मार डालती है। तब तो मनमाना (बिना रोक-टोक के) काम करने वाले उस विधाता ने जो स्थिर बनाया है वह क्या है ? अर्थात् कुछ नहीं। इसलिए अस्थिर भोग आदि की इच्छा न करनी चाहिए ॥ ३३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भोगास्तुङ्गतरङ्गभङ्गतरलाः प्राणाः क्षणध्वंसिनः
स्तोकान्येव दिनानि यौवनसुखस्फूर्तिः प्रियासु स्थिता ।
तत्संसारमसारमेव निखिलं बुद्ध्वा बुधा बोधका
लोकानुग्रहपेशलेन मनसा यत्नः समाधीयताम् ॥३४॥

३४—संसार के पदार्थ क्षणभंगुर हैं। लोकानुग्रह और ब्रह्मध्यान करना उचित है।

ऊँची अस्थिर जल की लहरें, तैसे चञ्चल भोग विहार ।
क्षण में प्राणपखेरू जाता, नशा जवानी दिन दो चार ॥
हे ज्ञानी पण्डित जन, समझो, है यह सब संसार असार ।
लोकानुग्रह में फिर मन दे, क्यों नहिं करते ब्रह्मविचार ?

सांसारिक वस्तुओं के भोग से उत्पन्न सुख ऊँची उठनेवाली लहरों के भङ्ग के समान चंचल अर्थात् अस्थिर हैं। प्राण भी क्षग में नाश पाने वाले हैं। प्रियतमा से संबद्ध रहनेवाली जवानी के आनन्द स्फूर्ति भी कुछ ही दिनों तक रहती है। इस कारण से उपदेश देने वाले विद्वानो! सारे संसार को सार-हीन समझ कर लोगों पर दया करने में लीन मन से सत्य तत्त्व के उपदेश में प्रयत्न करिये ॥ ३४ ॥

भोगा मेघवितानमध्यविलसत्सौदामिनीचञ्चला
आयुर्वायुविघट्टिताब्जपटलीलीनाम्बुवद्भङ्गुरम् ।
लीला यौवनलालसास्तनुभृतामित्याकलय्य द्रुतं
योगे धैर्यसमाधिसिद्धिसुलभे बुद्धिं विदध्वं बुधाः ॥३५॥

३५—धैर्य्य समाधि—संसार निस्सार है ब्रह्मध्यान करना उचित है।

चञ्चल भोग क्षणिक सुख देते ज्यों बिजली चमके घन में।
आयू चञ्चल वारि-बिन्दु सी कमलपत्र पर उपवन में ॥
चञ्चल यौवन की तरङ्ग भी वृथा न सिर इनमें मारो ।
सुलभ योग है धैर्य समाधी, बुद्धियुक्त इसको धारो ॥

हे बुद्धिमानो! शरीरधारी प्राणियों के भोग मेघों के विस्तार के बीच

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चमकनेवाली बिजली के समान चंचल अर्थात् शीघ्र ही नष्ट होने वाले हैं, आयुष्य या जीवन पवन के द्वारा कंपित कमल-समूह पर पड़े पानी के तुल्य सत्वर नाशशील है और जवानी के कारण उत्पन्न होने वाली वासनाएँ भी अत्यन्त अस्थिर हैं—ऐसा विचार कर शीघ्र ही धीरज और चित्त की स्थिरता की सिद्धि से सहज प्राप्त होने वाले योग अर्थात् ब्रह्मचिन्तन में अपनी बुद्धि को लगाइये ॥ ३५ ॥

आयुः कल्लोललोलं कतिपयदिवसस्थायिनी यौवनश्री-
रर्थाः सङ्कल्पकल्पा घनसमयतडिद्विभ्रमा भोगपूगाः ।
कण्ठाश्लेषोपगूढं तदपि च न चिरं यत् प्रियाभिः प्रणीतं
ब्रह्मण्यासक्तचित्ता भवत भवभयाम्भोधिपारं तरीतुम् ॥३६॥

३६—परब्रह्म का ध्यान—भोगों का त्याग ।

छप्पय

लहराती जल लहर सरीखी चञ्चल आयु चली जाती ।
यौवन छटा भरी सुन्दरता थोड़े दिन सुख दिखलाती ॥
सरिस मनोरथ धन चञ्चल है लक्ष्मी पर पड़ते आघात ।
क्षण भंगुर हैं भोगों के सुख दामिनि दमके ज्यों बरसात ॥
प्रेमालिङ्गन भी प्रिया का, स्थिर बहुत न पाइये ।
भय सागर भव तरन को ब्रह्मध्यान मन लाइये ॥

जीवन ऊँची तरङ्गों की तरह तुरत नाश पाने वाला है, यौवन की सुन्दरता कुछ ही अर्थात् थोड़े ही दिनों तक रहने वाली है, अर्थ याने धन-धान्य-धाम-ग्राम-पशु आदि पदार्थ मनोरथ के समान अस्थिर हैं, सारे भोग वर्षाकालिक मेघों के बीच की बिजली के विलास की तरह हैं और प्रौढ प्रियाओं द्वारा किया गया कण्ठालिङ्गन भी क्षणिक है। अतः संसार के भय रूप सागर के पार तक तैरकर जाने के लिए ब्रह्म में अपने मन को लीन करिये ॥ ३६ ॥

कृच्छ्रेणामेध्यमध्ये नियमिततनुभिः स्थीयते गर्भवासे
कान्ताविश्लेषदुःखव्यतिकरविषमो यौवने चोपभोगः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वामाक्षीणामवज्ञाविहसितवसतिर्वृद्धभावोऽप्यसाधुः
संसारे रे मनुष्या वदत यदि सुखं स्वल्पमप्यस्ति किञ्चित् ॥३७॥

३७—वैराग्य—संसार में सुख कहाँ ?

हाथ पैर सब बँधे गर्भ में सहते कष्ट मूत्र मल बीच।
युवाकाल नारी-विछोह से क्लेशित रहता है मन नीच॥
वृद्ध हुए प्रमदाजन निदरें सिर नीचा कर सहते क्लेश।
कौन समय सुख का जग, लोगो, बता हमें दो यदि हो लेश ?

मनुष्य-प्राणी गर्भ में रहने के समय अपवित्र मूत्र-पुरीष के बीच अपने शरीर को संकुचित करके बड़े कष्ट के साथ रहते हैं। यौवन में संभोग-सुख भी कान्ता के वियोग रूप दुःख के सम्बन्ध से विकल हो जाता है। और वार्धक्य सुन्दर नेत्रवाली स्त्रियों के कृत अपमान द्वारा हँसी का स्थान होने से अच्छा नहीं। अरे मनुष्यो ! संसार में यदि कुछ अल्प भी सुख है तो कहो अर्थात् उदाहरण द्वारा स्पष्ट करो॥ ३७॥

व्याघ्रीव तिष्ठति जरा परितर्जयन्ती
रोगाश्च शत्रव इव प्रहरन्ति देहम्।
आयुः परिस्रवति भिन्नघटादिवाम्भो
लोकस्तथाप्यहितमाचरतीति चित्रम् ॥३८॥

३८—वैराग्य-संसार निस्सार है। अहित आचरण से बचो।

खड़ी सामने जरा बाघिनी डरा रही है आँखें फाड़।
करें प्रहार भयङ्कर रिपु से विषम रोग डंडे से मार॥
फूटे घट ज्यों जल रिसता है आयू के दिन जाते हैं।
है आश्चर्य यही तौभी नर अहितों में मदमाते हैं॥

वृद्धता बाघिन की तरह डराती हुई खड़ी रहती है और रोग शत्रुओं के समान शरीर पर प्रहार करते हैं एवं फटे घड़े से पानी की तरह आयु भी चू जाती है। तथापि लोग अपना अहित अर्थात् परोपकार और अपना भी अपकार करता जाता है—यह बड़ा ही आश्चर्य है॥ ३८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भोगा भङ्गुरवृत्तयो बहुविधास्तैरेव चायं भव-
स्तत्कस्येह कृते परिभ्रमत रे लोकाः कृतं चेष्टितैः।
आशापाशशतोपशान्तिविशदं चेतस्समाधीयतां
कामोत्पत्तिवशात् स्वधामनि यदि श्रद्धेयमस्मद्वचः ॥३९॥

३९—परब्रह्मका ध्यान—भोग क्षणभंगुर हैं।

छप्पय

भोग चलाते हैं जो जग को देखो हैं सब क्षणभंगुर।
फिर ऐसा वह कौन भोग जिस हेतु लगाते तुम चक्कर॥
त्यागो इनकी सब चेष्टायें यदि मेरा विश्वास करो।
तृष्णाओं से हृदय बचा कर परब्रह्म आभास करो॥
आशापाश विनाश से, शुद्ध चित्त कर लीजिये।
स्वयं प्रकाशक ब्रह्म में, प्रीतिसहित मन दीजिये॥

ये भोग अनेक प्रकार के और नाशवान हैं। इन्हीं भोगों से यह संसार अर्थात् शरीर-धारणादि जन्मग्रहण है। अरे अज्ञानी मनुष्यो! इस संसार में किस भोग के पाने के लिए चक्कर लगाया करते हो; अतः भोग-संग्रह बस करो। कवि कहता है कि यदि हमारे वचन में विश्वास हो तो आशारूप अनेक बन्धन के उपशम से अर्थात् आशाओं को त्याग करने से निर्मल हुए अपने चित्त को प्रेम के साथ आत्मरूप धाम में अर्थात् आत्मसाक्षात्कार करने में स्थिर करो। भोगों की ओर से मनको हटाकर आत्मसाक्षात्कार में लीन करना यही सर्वोत्तम कार्य है॥ ३९॥

* सखे धन्याः केचित् त्रुटितभवबन्धव्यतिकरा
वनान्ते चित्तान्तर्विषमविषयाशीविषगताः।
शरच्चन्द्रज्योत्स्नाधवलगगनाभोगसुभगां
नयन्ते ये रात्रिं सुकृतचयचित्तैकशरणाः॥

ईश्वरोपासना—तपस्वियों को धन्य है।

धन्य पुरुष जो वन में बैठे सेवें दिव्य मनोहर रात।
शरद चन्द्रिका आनँद लूटें नभ महान सुन्दर अवदात॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जग-बन्धन जिन तोड़ दिये हैं पुण्य पुञ्ज अवलम्बन है।
विषय वासना विष से निर्मल ईशधाम जिनका मन है॥

हे मित्र! जिन पुरुषों के संसार-बन्धन के सम्बन्ध छूट गये हैं, और भयंकर विषय रूपी सर्प विष से जिनके मन विदूषित नहीं हुए हैं, एवं सुकृत राशि के अर्जन में जिनके मन संलग्न हैं। और शरद काल के चन्द्रमा की चांदनी से धवलित आकाश से सुन्दर लगने वाली जिनकी रातें वन के मध्य में व्यतीत होती हैं वे पुरुष धन्य हैं।

ब्रह्मेन्द्रादिमरुद्गणांस्तृणकणान् यत्र स्थितो मन्यते
यत्स्वादाद्विरसा भवन्ति विभवास्त्रैलोक्यराज्यादयः।
भोगः कोऽपि स एक एव परमो नित्योदितो जृम्भते
भोः साधो! क्षणभङ्गुरे तदितरे भोगे रतिं मा कृथाः॥४०॥

४०—परब्रह्म का ध्यान—ब्रह्मसुख महान सुख है।

सदा सुखद है उदित ब्रह्मसुख सबसे उत्तम और महान।
संस्थित हो जिसमें नर समझे इन्द्रादिक को तुच्छ समान॥
चखकर जिसका स्वाद मनुज को राज विभव फीका लगता।
साधू, केवल भोग वही सुख क्षणिक सुखों में क्यों ठगता?

सर्वाधिक नित्य जिस भोग में स्थित पुरुष ब्रह्मा, इन्द्र प्रभृति देवतागणों को तृण के कण अर्थात् निःसार मानता है, जिसका स्वाद अर्थात् आनन्द प्राप्त करने से त्रिभुवन के राज्य रूप सम्पत्तियाँ उसे नीरस प्रतीत होती हैं वह कोई अपूर्व नित्यकल्याणकारी एक ही भोग ब्रह्मानन्द रूप बढ़ता ही जाता है। अत एव हे सज्जन! क्षण में ही नाश पाने वाले उससे भिन्न दूसरे सांसारिक भोग में आसक्ति न करो॥ ४०॥

(काल-महिमा)

सा रम्या नगरी महान् स नृपतिः सामन्तचक्रं च तत्
पार्श्वे तस्य च सा विदग्धपरिषत्ताश्चन्द्रबिम्बाननाः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उद्वृत्तः स च राजपुत्रनिवहस्ते बन्दिनस्ताः कथाः
सर्वं यस्य वशादगात् स्मृतिपथं कालाय तस्मै नमः ॥४१॥

४१—काल की प्रबलता—सबके भक्षक काल को प्रणाम है।

छप्पय

रम्य नगर अत्यन्त महान् अरु वीर प्रतापी राजा था।
अति प्रचण्ड थे राजपूत मंडल विद्वान विराजा था॥
महिला चन्द्रमुखी उसकी थी वीर बली थे पुत्र सभी।
बड़े कुशल थे बन्दीजन जो कहते अद्भुत कथा कभी॥
लुप्त हुए जिस कालवश, सका न कोई थाम है।
उसी काल को नम्र हो बारम्बार प्रणाम है॥

जिसमें विलास आदि कर चुके ऐसी अनुभूत वह सुन्दर नगरी, वह बड़ा राजा अर्थात् चक्रवर्ती राजा और उसके पास वह देखा हुआ माण्डलिक राजाओं का समूह, और उसकी वह प्रसिद्ध विद्वानों की सभा, चन्द्रमा के बिंब के समान सुन्दर मुखवाली वे रमणियाँ और उद्दण्ड राजकुमारों का समूह, वे स्तुति करने वाले बंदीगण, वे वार्ताएँ ये सभी अनुभूत वस्तुएँ जिसकी अधीनता से केवल स्मरण-मात्र रह गईं, उन सबोंका संहार करने वाले उस काल को प्रणाम। अनुभव की हुई सभी वस्तुएँ जिसके कारण लुप्त हुईं उस काल की महिमा का क्या वर्णन किया जाय अतः केवल हाथ जोड़ना ही पर्याप्त है॥ ४१॥

यत्रानेकः क्वचिदपि गृहे तत्र तिष्ठत्यथैको
यत्राप्येकस्तदनु बहवस्तत्र नैकोऽपि चान्ते।
इत्थं नेयौ रजनिदिवसौ लोलयन् द्वाविवाक्षौ
कालः कल्यो भुवनफलके क्रीडति प्राणिशारैः ॥४२॥

४२—काल की प्रबलता—समर्थ कालपुरुष का खेल।

छप्पय

जिस घर में थे भरे बीसियों वहाँ एक अब शेष रहा।
फिरता था जो एक अकेला कुन्बेवाला हुआ अहा!

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

घटना जब आरम्भ हुआ, तो रहा अकेला फिर बाकी।
खेल दिखाता काल बली, ये कैसी करता चालाकी॥
जग चौपड़ का वस्त्र ले, धर जीवों की गोट।
निस दिन के पांसे चला, काल मारता चोट॥

जिस स्थान पर किसी घर में अनेक प्राणी थे वहां बाद में एक ही रह जाता है। जहाँ पहिले एक था, और बाद में बहुत हुए किन्तु अंत में एक भी न रहा। इस प्रकार बिताये जाने वाले रात और दिन बार-बार ग्रहण करता हुआ काल जुआरी की तरह अर्थात् जिस प्रकार पट पर के खाने (कोष्ठ) में गोटियों को हटा-बढ़ा कर बहुतों के स्थान में एक अथवा पहले एक बार बहुत सी गोटियां और खेल के आखीर में एक भी नहीं इस तरह करता है और रात-दिन दो पाँसों को बार-बार उठाकर डालता हुआ खेलने में चालाक जुआरी पट पर गोटियों से खेलता है संसार में प्राणियों से खेला करता है। अर्थात् काल इच्छानुकूल प्राणियों को इधर-उधर नचाता है ऐसे बली काल को प्रणाम ही उचित है॥ ४२॥

आदित्यस्य गतागतैरहरहः संक्षीयते जीवितं
व्यापारैर्बहुकार्यभारगुरुभिः कालोऽपि न ज्ञायते।
दृष्ट्वा जन्मजराविपत्तिमरणं त्रासश्च नोत्पद्यते
पीत्वा मोहमयीं प्रमादमदिरामुन्मत्तभूतं जगत्॥४३॥

४३—अज्ञान—मोह-मदिरा का मद।

उदय अस्त रवि होते होते, आयू ढलती जाती है।
जान पड़े नहिं समय बीतते, बहु कार्यों की थाती है॥
जन्म, मरण वा विपति जरा लखि, मन भय तनक न खाता है।
हो उन्मत्त मोहमय मदिरा पी, जग चलता जाता है॥

सूर्य के उदय और अस्त के साथ प्रतिदिन जीवन क्षीण होता जाता है। बहुत से देह-गेह सम्बन्धी कार्यों से जीवनोपाय के उद्योगों से बीतने वाले समय का भी पता नहीं चलता। जन्म, जरा (बुढ़ापा) के कारण कष्ट तथा मृत्यु को देखकर भी भय नहीं उत्पन्न होता। इससे ज्ञात होता है कि सारा जगत्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अर्थात् संसार के सभी प्राणी मोहरूपी मदिरा को पीकर मतवाले हो गये हैं। सब कुछ देख सुन कर भी जीव सजग नहीं होता यह उस काल की ही महिमा है ॥ ४३ ॥

रात्रिः सैव पुनः स एव दिवसो मत्वा मुधा जन्तवो
धावन्त्युद्यमिनस्तथैव निभृतप्रारब्धतत्तत्क्रियाः ।
व्यापारैः पुनरुक्तभूतविषयैरित्थं विधेनामुना
संसारेण कदर्थिता वयमहो मोहान्न लज्जामहे ॥४४॥

४४—अज्ञान—मोह का अन्धकार।

वही रात अरु वही दिवस, हैं आते जाते अपने आप्।
उद्यम रत उद्यमी पुरुष, प्रारब्ध भोगते हैं चुपचाप्॥
निन्दित कर्मों में लग हम—हैं व्यर्थ दौड़ते विषयों में।
मोहजाल में फँसे निरन्तर, होयँ न लज्जित हृदयों में॥

फिर वही रात बीती रात की तरह है, और दिन भी बीते दिन के समान है यह जानकर भी प्रयत्नशील प्राणी उसी प्रकार चुपचाप उन उन व्यापारों को आरंभ करते हुए बार-बार अनुभव किये हुये अर्थात् चबाये को चबाने (चर्वितचर्वण करने) वाली चेष्टाओं से व्यर्थ ही दौड़ा करते हैं। इस प्रकार बदलने वाले संसार से निन्दित या हीन किये गये हम अज्ञान से लज्जित नहीं होते—यह बड़ा ही आश्चर्य है ॥ ४४ ॥

न ध्यानं पदमीश्वरस्य विधिवत् संसारविच्छित्तये
स्वर्गद्वारकपाटपाटनपटुर्धर्मोऽपि नोपार्जितः ।
नारीपीनपयोधरोरुयुगलं स्वप्नेऽपि नालिङ्गितं
मातुः केवलमेव यौवनवनच्छेदे कुठारा वयम् ॥४५॥

४५—व्यर्थ जीवन—संसार में जन्म लेकर योग अथवा भोग नहीं किया तो जीवन व्यर्थ गया।

किया न विधिवत ध्यान ईश पद, जो बन्धन कटता संसार।
धर्म उपार्जन किया न ऐसा, स्वागत मिलता स्वर्ग दुआर॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नारी पुष्ट पयोधर जंघा, छाती नहीं लगा पाये।
माता के यौवन विनाश को, हा! कुठार बन जग आये॥

सांसारिक आवागमन से छुटकारा पाने के लिए अर्थात् मोक्ष-प्राप्ति के लिए शास्त्रानुसार श्रीशिवजी के चरण-कमल का ध्यान नहीं किया। स्वर्ग के प्रवेश-मार्ग (द्वारा) की किवाड़ी तोड़ने या खोलने में समर्थ ऐसा धर्म—यज्ञादि का भी सम्पादन नहीं किया। और स्वप्न में भी स्त्री के पुष्ट कुचद्वय और ऊरुद्वय का आलिङ्गन नहीं किया अर्थात् चार पुरुषार्थों में धर्म और काम इन दो पुरुषार्थों को नहीं किया और न मोक्ष-साधक शंभुचरण का ध्यान किया। इस प्रकार केवल ही माँ के यौवनरूपी वन को काटने के लिए हम लोग कुल्हाड़ी के रूप में उत्पन्न हुए। तात्पर्य यह कि अर्थ को छोड़कर बाकी तीन पुरुषार्थों में से एक भी अर्जित नहीं किया कि जन्म लेना सफल हो किन्तु जन्म लेकर मां की जवानी नष्ट कर दी क्योंकि सन्तानोत्पत्ति तक ही यौवन का वेग रहता है उसके बाद वह नहीं रहता॥ ४५॥

नाभ्यस्ता प्रतिवादिवृन्ददमनी विद्या विनीतोचिता
खड्गाग्रैः करिकुम्भपीठदलनैर्नाकं न नीतं यशः।
कान्ताकोमलपल्लवाधररसः पीतो न चन्द्रोदये
तारुण्यं गतमेव निष्फलमहो शून्यालये दीपवत्॥४६॥

४६—व्यर्थ जीवन—बिना विद्या, यश अथवा भोग के युवावस्था निष्फल है।

पारङ्गत नहिं हुए शास्त्र मथ वादिवृन्द को शरमाते।
ऐसे धनी हुए न खड्ग के कीर्ति-पताका लहराते॥
लिये सुन्दरी चन्द्र चाँदनी पान नहीं रस अधर किया।
यौवन बीता हाय हमारा सूने घर ज्यों जले दिया॥

खण्डन करने के लिए तत्पर वादी लोगों के समूह को दबाने वाली सत्सम्प्रदाय-शुद्ध अत एव प्रतिवादियों को निरुत्तर कर देनेवाली, शिक्षितों के योग्य सहृदयहृदयाह्लादिनी वेदशास्त्रपुराणादिरूप विद्या का अभ्यास अर्थात् समुचित रूप से बार बार चिन्तन आदि नहीं किया, युद्ध में हाथियों के पीठ को मसलने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाली तलवार की धाराओं से शत्रुओं को मार कर अपने यश को स्वर्ग में नहीं पहुँचाया। अर्थात् न बुद्धिमत्ता प्रकट की और न शूरता ही दिखलाई। और चन्द्रोदय के समय उद्दीपक होने के कारण कामिनी के कोमल पल्लव के समान अधर के रस का न पान ही किया। अतः यह कहना पड़ता है कि सूने = निर्जन गृह में दीपक की भाँति पूरा तारुण्य निष्फल ही गया—यह दुख का विषय है ॥४६॥

विद्या नाधिगता कलङ्करहिता वित्तं च नोपार्जितं
शुश्रूषाऽपि समाहितेन मनसा पित्रोर्न सम्पादिता ।
आलोलायतलोचनाः प्रियतमाः स्वप्नेऽपि नालिङ्गिताः
कालोऽयं परपिण्डलोलुपतया काकैरिव प्रेर्यते ॥४७॥

४७—व्यर्थ जीवन—विद्याहीन, माता-पिता की सेवा तथा भोग से रहित जीवन व्यर्थ गया।

निष्कलङ्क विद्या नहिं सीखी नहीं उपार्जन द्रव्य किया।
सेवा मातु-पिता नहिं कीन्हीं चित्त लगाकर पुण्य लिया॥
मृगनयनी सुन्दरी नारियाँ आलिङ्गन नहिं कर पाईं।
करते लोभ परान्न भोग का वीती आयु काक नाईं॥

कलङ्क अर्थात् दोष से हीन, सप्रमाण विद्या नहीं पढ़ी। दान-भोग के लिये पर्याप्त धन भी नहीं कमाया। सावधान और प्रसन्न मन से माता-पिताओं की सेवा-शुश्रूषा नहीं की। चंचल एवं विशाल नेत्रवाली प्रियतमाओं का स्वप्न में भी आलिङ्गन न कर सका किन्तु कौओं की भाँति हम लोगों ने इस प्रतिक्षण बदलने वाले समय को परान्नभक्षण की लालच में ही बिताया। आशय यह है कि माता-पिता की सेवा द्वारा धर्म, योग्य धनार्जन द्वारा अर्थ, कामिन्यालिङ्गन द्वारा काम तथा मोक्ष-सम्पादक ज्ञान न प्राप्त कर केवल पेट भरने की ओर ही ध्यान दिया॥ ४७॥

वयं येभ्यो जाताश्चिरपरिगता एव खलु ते
समं यैः संवृद्धाः स्मृतिविषयतां तेऽपि गमिताः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इदानीमेते स्मः प्रतिदिवसमासन्नपतना
गतास्तुल्यावस्थां सिकतिलनदीतीरतरुभिः ॥४८॥

४८—जीवन की अल्पता—मृत्यु अवश्यम्भावी है।

हुए बहुत दिन चले गये वे, जिनने हमको जन्म दिया।
बढ़ जिनके सँग हुए सयाने, काल उन्हें भी लील लिया॥
वृद्धावस्था अब आ पहुँची देह टूटती जाती है।
नदी वालुका तट के द्रुम सी, दशा समझ में आती है॥

हम जिनसे उत्पन्न हुए, वे माता-पिता तो बहुत दिन हुए इस संसार से चल बसे। जिन लोगों के साथ हम बड़े हुए वे मित्र भी स्मरण की वस्तु बन गये अर्थात् वे भी न रहे। इस समय प्रतिदिन हमलोग तो बलुहे नदी के किनारों पर रहने वाले तरुओं की भाँति अवस्था को=शीघ्र पतन पाने वाली दशा को, प्राप्त कर रहे हैं अर्थात् हमारी दशा "अब गिरे, तब गिरे" की कहावत को चरितार्थ कर रही है॥ ४८॥

आयुर्वर्षशतं नृणां परिमितं रात्रौ तदर्धं गतं
तस्यार्धस्य परस्य चार्धमपरं बालत्ववृद्धत्वयोः।
शेषं व्याधिवियोगदुःखसहितं सेवादिभिर्नीयते
जीवे वारितरङ्गचञ्चलतरे सौख्यं कुतः प्राणिनाम् ॥४९॥

४९—जीवन की अल्पता—सुख का अभाव।

नर आयू सौ वर्षों की है, आधी चली जाय सोते।
आधी की आधी, बालापन—और बुढ़ापे में खोते॥
बाकी रोग, वियोग, दुःख या सेवा आदिक में जाता।
जीवन चञ्चल है तरङ्ग सा जीव कहाँ सुख है पाता?

"शतायुर्वै पुरुषः" इत्यादि श्रुतियों द्वारा मनुष्यों का आयु सौ वर्ष की स्थिर की गई है। उसका आधा भाग अर्थात् पचास (५०) वर्ष का तो रात में चला गया। उसके आधे का आधा भाग अर्थात् पचीस (२५) वर्ष का काल बालपन और बुढ़ापा में बीत गया। अनन्तर शेष अर्थात् (२५) वर्ष का समय व्याधि=रोग, वियोग=आत्मीयजन एवं धन का विछोह होने वाले दुःख

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

के साथ अपनी जीविका के लिए श्रीमानों की सेवा में बीतता है अतः जल की लहरी के समान अत्यन्त चंचल अर्थात् क्षणिक इस जीवन में प्राणियों को सुख कहाँ से प्राप्त हो सकता है ? सुख असंभव है, क्योंकि सभी दुःखमय ही दिखाई पड़ता है ॥ ४९ ॥

क्षणं बालो भूत्वा क्षणमपि युवा कामरसिकः
क्षणं वित्तैर्हीनः क्षणमपि च सम्पूर्णविभवः ।
जराजीर्णैरङ्गैर्नट इव वलीमण्डिततनु-
र्नरः संसारान्ते विशति यमधानीयवनिकाम् ॥५०॥

५०—संसार के पदार्थ क्षणभंगुर हैं, मनुष्य की अवस्थायें मृत्यु तक क्षण-क्षण बदलती रहती हैं।

छप्पय

थे बालक एक समय हुए फिर रसिक काम के।
कभी रहे अति दीन, हुए फिर धनी धाम के॥
क्षण में सुकड़ी खाल, जरा ने रूप दिखाये।
यमनगरी की ओर चले, दूतन सँग धाये॥
बहुरूपी से रूप ये नर धरता संसार में।
दिखा दिखा अभिनय कई, छिप जाता यमद्वार में॥

नाटक में भिन्न-भिन्न भूमिका (रूप-वेषादि) में आने वाले नट-नर्तक के समान मनुष्य कुछ क्षण बालक के रूप में, फिर काम वासनाओं का रसिक तरुण के रूप में, कुछ काल कंगाल की भांति धनहीन, और कुछ काल सब प्रकार के वैभव=सम्पत्ति से पूर्ण तथा झुर्रियों से भरे शरीर में बुढ़ापे के कारण जीर्ण अगों से, खेल के अंत में जिस प्रकार नट परदे के भीतर चला जाता है वैसे ही संसार के अन्त में यमराज की राजधानी रूप यवनिका (खेल की समाप्ति के सूचक परदे) में घुस जाता है अर्थात् उत्पन्न होकर कुछ काल तक बच्चा, बाद में जवान, और उस जवानी में कभी दरिद्र और कभी श्रीमान होकर बुढ़ापे से जीर्ण झुर्री वाली अपनी काया बनाकर अन्त में यम की नगरी में प्रविष्ट होता है। सभी दशाओं के भोग के बाद मृत्यु अवश्य ग्रस लेती है। इस प्रकार 'पुनर्जन्म, पुनर्मृत्यु' के फंदे से नहीं बच पाता इसलिए वैराग्य का आश्रय उत्तम है ॥ ५० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(संन्यासि-भूपति-संवाद)

त्वं राजा वयमप्युपासितगुरुप्रज्ञाभिमानोन्नताः
ख्यातस्त्वं विभवैर्यशांसि कवयो दिक्षु प्रतन्वन्ति नः ।
इत्थं मानधनातिदूरमुभयोरप्यावयोरन्तरं
यद्यस्मासु पराङ्मुखोऽसि वयमप्येकान्ततो निःस्पृहाः ॥५१॥

५१—आत्मसम्मान—राजा और साधु के सम्मान में बराबरी। (१)

छप्पय

जैसे राजा भरा कोष है—खूब तुम्हारा।
गुरु सेवा से विदुषों में पद उच्च हमारा ॥
धन-कुबेर की ख्याति तुम्हारी जग में भारी।
जमी धाक विद्याविशाल चहुँओर हमारी ॥
अन्तर धन अरु मान का, हम तुममें बेशक बड़ा।
पर यदि तू मुख फेरता, उदासीन मैं भी खड़ा ॥

कोई संन्यासी राजा से किसी प्रसंग विशेष में कह रहा है कि राजन्! तुम तो प्रजा को प्रसन्न करने वाले होने से बड़े श्रेष्ठ (उन्नत) हो तो हम भी गुरु-चरणों की उपासना द्वारा प्राप्त श्रेष्ठ बुद्धि के अभिमान से उन्नत हैं अर्थात् गुरु-सेवा से मिली सद्बुद्धि के कारण हमारा भी गौरव है। तुम्हारी प्रसिद्धि संपत्तियों से है और कविगण हमलोगों के यशों को सब दिशाओं में फैला रहे हैं। इस प्रकार तुम्हारा और हमारा अन्तर (भेद) मान और धन से बहुत ही दूर है अर्थात् तुम केवल धनवान हो और हम बुद्धि के कारण समानरूप धन वाले हैं। फिर यदि तुम्हारी हमारे ऊपर अश्रद्धा है तो हम पूर्ण निस्पृही हैं एवं तुमसे कुछ भी नहीं चाहते ॥ ५१ ॥

अर्थानामीशिषे त्वं वयमपि च गिरामीश्महे यावदर्थं
शूरस्त्वं वादिदर्पव्युपशमनविधावक्षयं पाटवं नः ।
सेवन्ते त्वां धनाढ्या मतिमलहतयेमामपि श्रोतुकामा-
मय्यप्यास्था न ते चेत्त्वयि मम नितरामेव राजन्ननास्था ॥५२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

५२—आत्मसम्मान—राजा और साधु के सम्मान में बराबरी। (२)

छप्पय

लक्ष्मीपति हैं आप अगर तो हम विद्यापति।
युद्धशूर हैं आप, हमारी शास्त्र विजय गति॥
धन तृष्णा के लोभ करें नर सेवा तेरी।
नाश हेतु अज्ञान शरण आते हैं मेरी॥
हममें श्रद्धा प्रेम यदि, समझे तू अच्छा नहीं।
तो तेरे प्रति आस्था, की अपनी इच्छा नहीं॥

हे राजन्! तुम अर्थों=धनों के ईश्वर हो और हम भी पूरे अर्थ=अभिप्राय को प्रकट करने वाले शास्त्रीय वचनों पर पूर्ण अधिकार रखते हैं अर्थात् जैसे तुम्हारा सब प्रकार की धनादि-सम्पत्ति पर अधिकार है वैसे ही हमारा शास्त्रों में प्रतिपादित सब प्रकार की उक्तियों पर अधिकार है। तुम शूर हो अर्थात् शत्रुओं का दमन कर सकते हो तो प्रतिवादियों के गर्व को शांत करने की विधि में हम लोगों का अक्षय अर्थात् नष्ट न होने वाला चातुर्य है। धनिक गण अपना धन बचाने या बढ़ाने की इच्छा से तुम्हारी सेवा करते हैं। और हमलोगों से शास्त्रीय सिद्धान्तों को सुनने या समझने की इच्छा वाले शिष्यगण बुद्धि की जड़ता को नाश के लिये हमारी सेवा करते हैं। इतने पर भी तुम्हारी हमारे ऊपर श्रद्धा न हो या विश्वास न हो तो हमारी भी तुम्हारे ऊपर श्रद्धा नहीं है॥ ५२॥

वयमिह परितुष्टा वल्कलैस्त्वं दुकूलै-
स्सम इह परितोषो निर्विशेषो विशेषः।
स तु भवतु दरिद्रो यस्य तृष्णा विशाला
मनसि च परितुष्टे कोऽर्थवान् को दरिद्रः॥५३॥

५३—आत्मसम्मान—राजा और साधु के सम्मान में बराबरी। (३)

सुन्दर वस्त्र पहिन कर तुम हो मन को मुदित दिखाते।
तो हम भी वल्कल धारण कर संतोषित हो जाते॥
सम संतोषी दोनों ठहरे भेद रहा क्या, राजा?
तृष्णावाला ही दरिद्र है संतोषी सिरताजा॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे राजन्! हम तो इस समय लकड़ी की छाल से बने हुए मोटे भद्दे कपड़ों से बहुत प्रसन्न हैं और तुम रेशमी कीमती महीन वस्त्रों से प्रसन्न होते हो। इस तरह हम दोनों का सन्तोष तो समान ही है क्योंकि सन्तोष में किसी प्रकार की विशेषता नहीं है जिसकी तृष्णा (चाह) बहुत बड़ी है वह तो भले ही दरिद्र हो। मन के सन्तुष्ट होने पर कौन धनी और कौन दरिद्र है। अर्थात् कोई भी व्यक्ति मन के सन्तोष पाने पर गरीब और अमीर नहीं है।। ५३ ।।

फलमलमशनाय स्वादु पानाय तोयं
क्षितिरपि शयनार्थं वाससे वल्कलं च ।
नवघनमधुपानभ्रान्तसर्वेन्द्रियाणा-
मविनयमनुमन्तुं नोत्सहे दुर्जनानाम् ।।५४।।

५४—वैराग्य—अभिमानी दुष्टों का त्याग।

खाने को फल, और मधुर जल है पीने के लिए यहां।
पृथ्वी शय्या, हैं वल्कल पट, कष्ट नाम को हमें कहां ?
नवीन लक्ष्मी की मस्ती में जिसकी इन्द्रिय झूम रहीं।
ऐसे दुर्जन नर की अविनय सहने की अब ताब नहीं ॥

सामयिक आम आदि फल खाकर भूख मिटाने के लिए पर्याप्त हैं, ऐसे ही प्यास मिटाने के लिए स्वादिष्ट (मधुर) पानी भी भरपूर है, पृथ्वी भी सोने के लिए भरपूर है और शरीर के ढँकने के लिए पेड़ की छाल भी काफी है। ऐसी दशा में तुरत मिले या मिलने वाले धन रूपी मदिरा के पान से कुमार्गगामिनी सारी इन्द्रियों वाले दुष्ट पुरुषों के द्वारा किये जाने वाले अनादर या अपमान को स्वीकार करने में मेरा उत्साह नहीं है।। ५४ ।।

अश्नीमहि वयं भिक्षामाशावासो वसीमहि ।
शयीमहि महीपृष्ठे कुर्वीमहि किमीश्वरैः ।।५५।।

५५—आत्मसम्मान—राजा और साधु के सम्मान में बराबरी। (४)

भिक्षा करके हम खावेंगे दिशा वस्त्र पहिरेंगे।
पृथ्वीतल पर शयन करेंगे राजा से क्या लेंगे ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हम भिक्षा अर्थात् भिक्षा में प्राप्त अन्न को खाएँगे, दिशा-रूपी वस्त्र को पहिरेंगे अर्थात् दिगम्बर रहेंगे और भूतल पर सोएँगे। फिर हमें श्रीमानों या राजाओं से क्या प्रयोजन होगा ? कुछ नहीं ।। ५५ ।।

न नटा न विटा न गायका न च सभ्येतरवादचुञ्चवः ।
नृपमीक्षितुमत्र के वयं स्तनभारानमिता न योषितः ।।५६।।

५६–अपने को राजदर्शन के अयोग्य बताने के व्याज से राजा की निन्दा।

नहिं नट, विट या गायक ही हैं नहिं विनोद में पटु ए, हाँ हैं।
नहिं स्तनभारा वनिता हैं राजा के हम योग्य कहाँ हैं ।।

हम न तो नट हैं जो कि भिन्न-भिन्न प्रकार का वेष धारण कर विचित्र ढंग से नाचते हैं, और न विट हैं जो एक प्रकार की विद्या जानते हैं और प्रधान व्यक्ति को प्रसन्न करते हैं; न गायक अर्थात् संगीत मे निपुण गवैये हैं और न असभ्यों की अश्लीलतापूर्ण बात-चीत करने मे प्रसिद्ध हैं; और न स्तनों के भार से कुछ झुके अंगोंवाली स्त्रियाँ ही हैं। तब तो हम यहाँ राज-दर्शन के लिए कौन हैं ? राज-दर्शन का फल धन-प्राप्ति है वह तो ऊपर कहे हुए पाँच प्रकार के लोगों को हो सकती है और हम उनमें से नहीं हैं तब राजा के दर्शन के लिए हम कौन हैं ? कोई नहीं ।। ५६ ।।

विपुलहृदयैरीशैरेतज्जगज्जनितं पुरा ।
विधृतमपरैर्दत्तं चान्यैर्विजित्य तृणं यथा
इह हि भुवनान्यन्ये धीराश्चतुर्दश भुञ्जते
कतिपयपुरस्वाम्ये पुंसां क एष मदज्वरः ।।५७।।

५७— आत्मसम्मान— छोटे छोटे धनिकों के अभिमान का कोई कारण नहीं। (५)

छप्पय

हुये उदार महाशय ऐसे जिन जग को सम्पन्न किया।
श्रेष्ठ पुरुष हो गये बली, जिन सुख समृद्धि का भार लिया ।।
ऐसे भी जिन पृथ्वी जीती दान करी फिर तुच्छ समान।
अब भी ऐसे विद्यमान, जो भुवन चतुर्दश के श्रीमान ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ठाकुर थोड़े गांव फिर, अभिमानी क्यों हो रहे।
मदज्वर है क्यों चढ़ रहा, कौन बात इनकी सहे॥

पुराने समय में महान और उदार बुद्धिवाले राजा हरिश्चन्द्र प्रभृति सार्वभौम नरेशों ने इस जगत् को सम्पूर्ण धर्माचरणों द्वारा स्थापित किया, अन्य ययाति प्रभृति नरेन्द्रों ने उसका अच्छे प्रकार से पालन किया। तथा बलि प्रभृति राजाओं ने शत्रु को जीत उसी प्राप्त किये जगत् को तृण के समान दूसरों को दे दिया। सम्प्रति दो-चार या पाँच-छः नगरों का स्वामित्व अर्थात् अधिकार पर पुरुषों को यह गर्व रूपी, बुद्धिनाशक सन्निपात-वा ज्वर किसलिये है! अर्थात् यह अभिमान वर्तमान नरेशों का तुच्छ अतएव व्यर्थ है॥ ५७॥

अभुक्तायां यस्यां क्षणमपि न यातं नृपशतै-
र्भुवस्तस्या लाभे क इव बहुमानः क्षितिभृताम्।
तदंशस्याप्यंशे तदवयवलेशेऽपि पतयो
विषादे कर्तव्ये विदधति जडाः प्रत्युत मुदम्॥५८॥

५८—आत्मसम्मान—पृथ्वी का मालिक बन कर घमण्ड नहीं विषाद करना चाहिये। (६)

जी भर भोग सका नहिं कोई हुए मही के पति लाखों।
क्योंकर फिर गर्वित हो कोई कौन भांति इसको राखों॥
लेकर तुच्छ खण्ड इक इसका मूरख खुशी मनाते।
सचमुच है अवसर विषाद का समझ न इसको पाते॥

अनेक राजा लोग जिस पृथ्वी का उपभोग क्षणभर भी नहीं किया और चल बसे, उस भूमि की प्राप्ति में राजाओं को भला कैसे बहुत ही आदर है। उस भूमि के भाग के भाग और उसके भी अंश के कुछ हिस्से पर मूर्ख मालिक खेद या दुःख करने के बदले हर्ष किया करते हैं॥ ५८॥

मृत्पिण्डो जलरेखया वलयितः सर्वोऽप्ययं नन्वणुः
स्वांशीकृत्य स एव सङ्गरशतै राज्ञां गणा भुञ्जते।
ते दद्युर्ददतोऽथवा किमपरं क्षुद्रा दरिद्रा भृशं
धिग्धिक् तान् पुरुषाधमान् धनकणान् वाञ्छन्ति तेभ्योऽपि ये॥५९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

५९—आत्मसम्मान—पृथ्वी के मालिक बनकर घमण्ड नहीं विषाद करना चाहिये। (७)

यह पृथ्वी मृत्पिण्ड ह्रस्व सा सदा वारि·विस्तार घिरा।
लाखों नृपति लड़े इसके हित तब यह बांटी वसुन्धरा॥
हैं अति छुद्र दरिद्र नृपति ये दानी होना क्या जानें।
अधम पुरुष, धिक्कार उन्हें भिक्षा इनसे जो जा मांगें॥

पानी की लकीर से चारो ओर से घिरा यह सभी भूमण्डल रूप मिट्टी का गोला निश्चय ही बहुत छोटा है। जो राजाओं के समूह उसी को अनेक लड़ाइयों द्वारा अपना भाग बनाकर उपभोग करते हैं, क्या वे धन देंगे? अथवा यदि देते हैं तो इससे बढ़कर दूसरा और कठिन काम कौन है ? क्योंकि वे बहुत ही हीन और दीन हैं। जो नर उनसे भी धन के टुकड़े लेना चाहते हैं मनुष्यों में उन नीच नरों को बार-बार धिक्कार है॥ ५९॥

स जातः कोऽप्यासीन्मदनरिपुणा मूर्ध्नि धवलं
कपालं यस्योच्चैर्विनिहितमलङ्कारविधये।
नृभिः प्राणत्राणप्रवणमतिभिः कैश्चिदधुना
नमद्भिः कः पुंसामयमतुलदर्पज्वरभरः॥६०॥

६०—आत्मसम्मान—अभिमान की निन्दा। (८)

बड़भागी नर हुए जगत में जिनका सुन्दर श्रेष्ठ कपाल।
अलङ्कार के हेतु काम·रिपु लीना अपनी माला डाल॥
अभिमानी हैं ऐसे अब जब दीन उन्हें जा करें प्रणाम।
सम्मुख आया देख शरण में मद·ज्वर का चढ़ता सरसाम॥

वह कोई विरला ही पुरुष जन्म लेकर सफल हुआ था, जिसकी धवल सिर की हड्डी को कामशत्रु शिवजी ने भूषण बनाने के लिए अपने ऊँचे मस्तक पर रख लिया किन्तु इस समय अपने तुच्छ प्राणों की रक्षा करने में बुद्धि लगाने वाले अतएव प्रणाम करने वाले मनुष्यों से पुरुषों को अनुपम अभिमान रूप ज्वर का यह भार कैसा? धनार्थियों के प्रणाम से गर्व करना नरेशों को उचित नहीं॥ ६०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(मन को संबोधन और नियमन)

परेषां चेतांसि प्रतिदिवसमाराध्य बहुधा
प्रसादं किं नेतुं विशसि हृदय ! क्लेशकलितम् ।
प्रसन्ने त्वय्यन्तस्स्वयमुदितचिन्तामणिगणो
विविक्तः सङ्कल्पः किमभिलषितं पुष्यति न ते ।।६१।।

६१—परब्रह्म का ध्यान—दूसरों के मन में घुसने के बजाय अपने मन में घुसो।

कौन अर्थ सह घोर कष्ट, मन, व्यर्थ रिझाता औरों को।
क्यों पर के उर घुसा चाहता भूल और सब ठौरों को।।
अपने अन्तः करण घुसे यदि त्याग सभी संकल्प कहीं।
स्वयं प्रकाशित चिन्तामणि गण वाञ्छित फल क्या देंय नहीं ?

हे हृदय ! प्रत्येक दिन बहुत तरह से दूसरों के हृदयों को अपने अनुकूल बनाकर अति कठिनाई से प्राप्त की हुई कृपा को मनों में ही ले जाने के लिए क्यों प्रवृत्त होते हो ? तुम अपने हृदय में यदि प्रसन्न हो जाओ अर्थात् बाहर से मुख मोड़ कर भीतर ही भीतर प्रसन्न होने की चेष्टा करो तो बिना परिश्रम अर्थात् आप ही आप उत्पन्न चिन्तामणि नामक मनोरथ-पूरक पत्थर या रत्न विशेषों का गण ही निष्कलंक मानस कर्म या इच्छाविशेष तुम्हारी कामना को पुष्ट या पूर्ण नहीं करेगा ? अवश्य करेगा। आत्मा को प्रसन्न करने से इष्ट की सिद्धि हो जायगी तब दूसरों के मन को प्रसन्न करने का कष्ट नहीं उठाना चाहिए ।। ६१ ।।

❀सत्यामेव त्रिलोकीसरिति हरशिरश्चुम्बिनीवच्छटायां
सद्वृत्तिं कल्पयन्त्यां वटविटपभवैर्वल्कलैः सत्फलैश्च ।
कोऽयं विद्वान् विपत्तिज्वरजनितरुजातीवदुःखासिकानां
वक्त्रं वीक्षेत दुःस्थे यदि हि न बिभृयात्स्वे कुटुम्बेऽनुकम्पाम् ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वैराग्य—तपस्या ही में सुख है।

छप्पय

तीन लोक की नदी सुरसरी विद्यमान जब पावें।
शम्भुजटा जो चुम्बन करतीं अद्भुत छटा दिखावें॥
जब बट-वल्कल और मधुर फल पूर्ति साधु की करते।
कौन काज चिन्ता करि डोलें इत उत व्यर्थ भटकते ?
फिर भी क्या पण्डित कोई मोहित होकर कुटुमपर।
जा देखे निज नारि मुख, फँस सिसके जो विपतिज्वर।

भगवान शंकर के शिर-स्थित जटा में विहार करने वाली, त्रैलोक्यगामिनी गंगाजी के विद्यमान रहते बटवृक्ष के वल्कल और फलों से जीविका चलते रहते कौन ऐसा विद्वान है जो विपत्ति ज्वर से उत्पन्न पीड़ा से अधिक दुःख से श्वास लेने वाले प्रभुओं का मुख देखेगा यदि दुखी अपने कुटुम्ब के ऊपर कृपा का भाव न रखेगा।

परिभ्रमसि किं मुधा क्वचन चित्त ! विश्राम्यतां
स्वयं भवति यद्यथा भवति तत्तथा नान्यथा।
अतीतमननुस्मरन्नपि च भाव्यसङ्कल्पय-
न्नतर्कितसमागमाननुभवामि भोगानहम्॥ ६२॥

६२—धैर्य समाधि—चिन्ता का त्याग। (१)

कर विराम इक ठौर चित्त क्यों व्यर्थ भटकता।
होनी होगी अवसि अन्य हो ही क्या सकता ?
याद करूँ नहिं भूत काल नहिं भविष्य संजोगूं।
भोग प्राप्त हों अनायास तिनको ही भोगूँ॥

हे मन व्यर्थ क्यों चक्कर लगा रहे हो ! कहीं पर विश्राम करो। जो काम जैसे होने वाला होता है वह स्वयं वैसे होता है, दूसरे प्रकार से नहीं। अतः अपनी जगह पर ही स्वच्छन्दता से विश्राम करो। बीती बात की याद न कर और भावी = होनहार की चाह न कर मैं बिना सोचे एकाएक प्राप्त होने वाले भोग-योग्य विषयों का अनुभव करता हूँ॥ ६२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एतस्माद्विरमेन्द्रियार्थगहनादायासकादाश्रय
श्रेयोमार्गमशेषदुःखशमनव्यापारदक्षं क्षणात् ।
स्वात्मीभावमुपैहि सन्त्यज निजां कल्लोललोलां गतिं
मा भूयो भज भङ्गुरां भवरतिं चेतः प्रसीदाधुना ॥६३॥

६३--धैर्य, समाधि—शान्तभाव की प्रशंसा। (२)
ले विश्राम विषयवन से मन, भयदायक चक्कर है।
अब ले श्रेय मार्ग का आश्रय दुखभञ्जन भवहर है॥
शान्तभाव को धारण करले त्याग गती चञ्चल को।
इच्छा को तज और ओढले मुदिता के आंचल को॥

हे मन! इस कष्टदायक श्रोत्रादि इन्द्रियों के शब्दादि विषय अर्थात् पदार्थ रूपी वन से विराम लो अर्थात् इन लौकिक वस्तुओं से मुँह मोड़ लो और क्षण-भर ही में सम्पूर्ण दुःखों को मिटाने के काम में कुशल श्रेयोमार्ग अर्थात् ज्ञान मार्ग का अनुसरण करो। तथा स्व-स्वरूप के अनुसन्धान करने में लग जाओ। ऊँची लहरों की तरह चंचल निजी गति को छोड़ दो फिर से क्षण में नश्वर संसार की वासना की ओर न लगो किन्तु अब प्रसन्न, स्थिर और शान्त हो जाओ क्योंकि मन प्रसन्नता को छोड़ अन्य अनेक पुण्यप्रद कार्यों से कल्याण-प्राप्ति की आशा केवल दुराशा मात्र है॥ ६३॥

मोहं मार्जय तामुपार्जय रतिं चन्द्रार्धचूडामणौ
चेतः! स्वर्गतरङ्गिणीतटभुवामासङ्गमङ्गीकुरु ।
को वा वीचिषु बुद्बुदेषु च तडिल्लेखासु च श्रीषु च
ज्वालाग्रेषु च पन्नगेषु च सरिद्वेगेषु च प्रत्ययः ॥६४॥

६४—अज्ञान-मोह को त्याग कर शिवचरणों में प्रीति करो।
चित्त, मोह को त्याग प्रीति कर, अर्धचन्द्र है जिनके भाल।
स्वर्गतरंगिनि तट सेवन कर, आगे की सुधि चलो सँभाल॥
कहो कौन विश्वास सर्प में, लक्ष्मी विद्युत, अग्निशिखा।
लहर, बुलबुलों या मित्रों में? यह कर अनुभव संत लिखा॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे चित्त ! पुत्र-मित्रादिविषयक प्रेम-रूप अज्ञान का त्याग कर। कला-मात्र चन्द्र को शिरोलंकार करने वाले शिव जी में उस स्थिर रति को उत्पन्न कर इसी प्रकार स्वर्गनदी गंगाजी के तट की भूमियों में निवास की घनी प्रीति को स्वीकार कर लो अर्थात् शिवजी और गंगातीरों में रम जाओ। क्योंकि जल की तरंगों पर, पानी में उठने वाले बुद्बुदों पर, बिजली की लकीर की भाँति क्षणिक संपत्तियों पर, आग की लपटों पर, साँपों पर और नदियों के प्रवाह के वेगों पर कौन विश्वास किया जा सकता है ? कोई भी नहीं। अतः स्थिर और विश्वसनीय शिवजी तथा गंगाजी का तीर प्रदेश दो वस्तुएँ हैं तीसरी वस्तु नहीं ॥ ६४ ॥

चेतश्चिन्तय मा रमां सकृदिमामस्थायिनीमास्थया
भूपालभ्रुकुटीकुटीविहरणव्यापारपण्याङ्गनाम् ।
कन्थाकञ्चुकिनः प्रविश्य भवनद्वाराणि वाराणसी-
रथ्यापङ्क्तिषु पाणिपात्रपतितां भिक्षामपेक्षामहे ॥ ६५ ॥

६५—काशीवास—लक्ष्मी का तिरस्कार।

वृथा करे आस्था लक्ष्मी में, मन, तू इसको क्यों चाहे ?
चंचल गणिका राज भृकुटि की क्योंकर तुझको निर्वाहे ?
ओढ़ गुदड़िया, चल काशी में प्रमुदित होकर झूमेंगे।
भिक्षा पाते गृहद्वारों से पाणिपात्र ले घूमेंगे ॥

हे मानस ! राजाओं की भ्रुकुटी रूप कुटी में विहार स्वरूप व्यापार से वेश्यातुल्य इस दृश्यमान लोकप्रसिद्ध सम्पत्ति को आदर से कभी एकबार भी न चाहो। भाव यह कि क्षणिक संपत्ति के संपादन का प्रयत्न न करो। कथड़ी-गुदड़ी से शरीर को ढँकते हुए हम वाराणसी की सड़कों की कतारों में वर्तमान भवनों के द्वारों में घुसकर हाथ में रहने वाले भिक्षापात्र अथवा हस्तरूप-पात्र में गिरी हुई अर्थात् लोगों द्वारा दी गई भिक्षा को चाहते हैं। इसी बात को पूज्यपाद आचार्य शंकर ने कहा है "करतलभिक्षा, तरुतलवासः" इत्यादि ॥ ६५ ॥

अग्रे गीतं सरसकवयः पार्श्वयोर्दाक्षिणात्याः
पश्चाल्लीलावलयरणितं चामरग्राहिणीनाम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यद्यस्त्येवं कुरु भवरसास्वादने लम्पटत्वं
नो चेच्चेतः प्रविश सहसा निर्विकल्पे समाधौ ॥६६॥

६६— धैर्य समाधि—यदि उच्चश्रेणी के भोग प्राप्त नहीं हैं तो
उनको त्याग योग में स्थित होना उचित है। (३)

सरस गवैये कला दिखावें दक्षिण के कवि गान करें।
चंवर डुलावें परम सुन्दरी कङ्कण की ध्वनि कान पड़ें॥
पा ऐसी सामग्री, हे मन, भवरस भले लिपट जाना।
नहिं तो जाकर के समाधि में दृढतापूर्वक जुट जाना॥

हे मन ! आगे सम्मुख में संगीत अर्थात् वीणादिवादक गायक जन हों और दोनों (दाहिने और बाएँ) पार्श्वों में भी दक्षिण देश के सरस कविजन हों और पीछे की ओर चँवर डुलाने वाली रमणियों के विलासपूर्ण कंगन या चूड़ियों की झंकार ध्वनि हो— यदि ऐसा हो तो संसार के रसों का आस्वादन करने में लंपट हो जाओ अर्थात् सांसारिक पदार्थों के सुख का अनुभव करने के लिए तैयार हो जाओ। अन्यथा निःसन्देह चित्तैकाग्रता के द्वारा ब्रह्म ध्यान चिन्तन में लीन हो जाओ। क्योंकि ऐहिक और पारमार्थिक दोनों सुखों का त्याग कर केवल दीनता प्रकट करने से कुछ भी लाभ नहीं है ॥ ६६ ॥

प्राप्ताः श्रियस्सकलकामदुघास्ततः किं
न्यस्तं पदं शिरसि विद्विषतां ततः किम्।
सम्पादिताः प्रणयिनो विभवैस्ततः किं
कल्पं स्थितास्तनुभृतां तनवस्ततः किम् ॥६७॥

३७—ईश्वरोपासना—वैभव और लक्ष्मी से क्या ? बिना ब्रह्मज्ञान
सब व्यर्थ हैं।

सकल कामना देनेवाली लक्ष्मी यदि पाई तो क्या ?
वश में कीन्हे मित्रवर्ग कर वैभव-दिखलाई तो क्या ?
पदाक्रान्त वैरिन को करके महिमा प्रगटाई तो क्या ?
नश्वर तन से कल्प अन्त तक आयू भी पाई तो क्या ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अनेक व्यापारोंसे सकल कामनाओं को पूरी करने वाली संपदायें यदि प्राप्त कर लीं तो उससे क्या हुआ ? निज पराक्रम द्वारा शत्रुओंके मस्तक पर पैर रखा अर्थात् सभी शत्रुओं को पादाक्रान्त कर लिया तो उससे क्या ? सम्पत्ति या ऐश्वर्य से प्रेमी गणों का संग्रह किया तो उससे क्या ? अथवा तपश्चरणादि से मनुष्यों के शरीर कल्प-प्रलयतक बने रने रहें तो उससे भी क्या लाभ ? इनके द्वारा सच्चा कल्याण या सुख संभव नहीं ॥ ६७ ॥

भक्तिर्भवे मरणजन्मभयं हृदिस्थं
स्नेहो न बन्धुषु न मन्मथजा विकाराः ।
संसर्गदोषरहिता विजना वनान्ता
वैराग्यमस्ति किमितः परमर्थनीयम् ॥ ६८ ॥

६८—वैराग्य—कामादि विकार से रहित निर्जन वन में शिव की भक्ति चाहते हैं।

शङ्कर की हो भक्त हृदय में जन्म मरण भय लेश न हो।
फँसें मोह नहिं बन्धुजनों के कामविकारी क्लेश न हो ॥
निर्जन वन में बास करें संसर्ग दोष बचि निर्बाहें।
और भला वैराग्य श्रेष्ठ क्या इससे उत्तम जो चाहें ?

शिवजी में भक्ति करनी चाहिए, जन्म मृत्यु का भय सदा हृदय में बना रहना चाहिये, बन्धु बान्धवों के विषय में अनुराग नहीं करना चाहिए, कामजन्यविकार स्त्री-परवशता आदि न होने चाहिए। संग दोष से हीन अतएव निर्जन वन के भागों की शरण लेनी चाहिए। यदि इस प्रकार वैराग्य आ जाय तो इससे बढ़कर किसकी अभिलाषा की जाय ? किसी की नहीं, क्योंकि सर्वोत्तम उपाय वैराग्य ही है। ६८ ॥

तस्मादनन्तमजरं परमं विकासि
तद्ब्रह्म चिन्तय किमेभिरसद्विकल्पैः ।
यस्यानुषङ्गिण इमे भुवनाधिपत्य-
भोगादयः कृपणलोकमता भवन्ति ॥ ६९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

६९—परब्रह्म का ध्यान—ब्रह्मसुख की प्राप्ति। (१)

इस कारण है उचित यही बस ब्रह्मध्यान की चिन्ता हो।
अजर, अमर जो परम प्रकाशक उसकी सदा प्रसन्ता हो॥
प्रभु की कृपा कटाक्ष पाय मन परब्रह्म सुख पगता है।
तब भुवनों का भोग, राज सब तुच्छ भासने लगता है॥

जब कि वैराग्य ही इष्ट है तब तो अन्त-रहित, जरा-मरणादिहीन, सर्वोत्कृष्ट, सर्वव्यापी होने से सर्वत्र विकसित या भासमान उस ब्रह्म का ही सर्वदा हे मन! चिन्तन किया कर, इन व्यर्थ के सन्देहजनक विचारों से क्या लाभ? कुछ भी नहीं। जिस ब्रह्म के साथ सम्बन्ध रखने वाले ये राज्य और लोकों का स्वामित्व और स्वर्गादि प्राप्ति रूप भोग आदि ब्रह्मविचार-शून्य हृदय वालों को ही इष्ट रहते हैं। ब्रह्मचिन्तनासक्त पुरुषों के लिए वे पदार्थ तुच्छ ही हैं॥ ६९॥

पातालमाविशसि यासि नभो विलङ्घ्य
दिङ्मण्डलं भ्रमसि मानस! चापलेन।
भ्रान्त्यापि जातु विमलं कथमात्मनीनं
न ब्रह्म संस्मरसि निर्वृतिमेषि येन॥ ७०॥

७०—परब्रह्म का ध्यान—परमानन्द देता है। (२)

चंचल चित, तू नीचे जाकर करता है पाताल-प्रवेश।
नभ को लांघ चढ़े ऊपर को नहीं हिचकता है लवलेश॥
सैरें करता दिग्-मंडल की भूल न उर भीतर आता।
विमल ब्रह्म का ध्यान लगा जो परमानन्द राशि पाता॥

हे चित्त! तू अपनी चपलता से कभी पाताल में जो बहुत ही नीचे है—घुस जाता है, कभी गगन को—जो बहुत ऊँचा है—लाँघ कर जाता है, तो कभी दिशाओं के मण्डल में चक्कर लगाता है। कभी भी आत्म-हितकारी, निर्मल ब्रह्म का स्मरण क्यों नहीं करता, जिससे आनन्द को प्राप्त कर सकता है॥ ७०॥

(नित्यानित्य वस्तुविचार)

किं वेदैः स्मृतिभिः पुराणपठनैः शास्त्रैर्महाविस्तरैः
स्वर्गग्रामकुटीनिवासफलदैः कर्मक्रियाविभ्रमैः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मुक्त्वैकं भवदुःख-भाररचना-विध्वंसकालानलं
स्वात्मानन्दपदप्रवेशकलनं शेषैर्वणिग्वृत्तिभिः ॥ ७१ ॥

७१— परब्रह्म का ध्यान— ब्रह्मानन्द में प्रवेश किये बिना विद्या और कर्म निष्फल हैं। (३)

छप्पय

कहो कौन है लाभ पढ़े से श्रुति स्मृति अरु शास्त्र पुरान।
अथवा श्रेष्ठ ग्राम कुटिया बस किये यज्ञ आचार विधान॥
यदि किया उद्योग उदय हो आत्मा में आनन्द महान।
भवदुःखों को भस्म करे जो प्रलय काल की अग्नि समान॥
तो जितने भी कर्म हैं, वणिक वृत्ति ही जानिये।
नहीं लाभदायक हुए, निष्फल यत्न बखानिये॥

ऋग्वेद यजुर्वेद-सामवेद तथा अथर्ववेद इन चारों वेदों के अध्ययन से क्या प्रयोजन है ? कुछ भी नहीं। मनु-याज्ञवल्क्य आदि अष्टादश स्मृति और उपस्मृतियों के पर्यालोचन से क्या प्रयोजन ? कुछ भी नहीं। ब्रह्माण्डपुराण आदि पुराण तथा उपपुराणों के पठन-श्रवण से क्या फल ? कुछ नहीं। एवं अत्यन्त विस्तृत तर्क, व्याकरण प्रभृति, षड्दर्शन आदि शास्त्रों के चिन्तन-मनन से भी क्या काम ? कुछ भी नहीं। जो वेदादि पुण्यात्माओं के निवासभूत स्वर्गस्थित ब्राह्मणादिकों के निवासरूप ग्राम एवं कुटी में निवास इन फलों के देने वाले हैं तथा स्नान-सन्ध्या आदि कर्मों के आचरण-विलास हैं उनसे भी कोई प्रयोजन नहीं। जन्म मरणरूप संसार से होने वाले दारिद्र्य-पुत्रादि के नाश का जो भार अर्थात् असह्य दुःख उसकी रचना के नाश लिए प्रलयकालिक अग्निरूप आत्मसुखानुभव के स्थान में प्रवेशमात्र करना ब्रह्मस्वरूप चिन्तन मात्र करना ही श्रेयस्कर है। इसी के द्वारा नित्य सुख की प्राप्ति होती है। और बाकी तो बनियों के व्यापार हैं अर्थात् एक के बदले दूसरा कुछ लेकर अपना छुटकारा कर लेना है॥ ७१॥

* नायं ते समयो रहस्यमधुना निद्राति नाथो यदि
स्थित्वा द्रक्ष्यति कुप्यति प्रभुरिति द्वारेषु येषां वचः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चेतस्तानपहाय याहि भवनं देवस्य विश्वेशितु-
निर्दौवारिकनिर्दयोक्त्यपरुषं निःसीमशर्मप्रदम् ॥

काशीवास, धनियों के तिरस्कार से बचने के लिये ।
अभी नहीं है समय, प्रभू एकान्त पधारे ।
सोच रहे हैं, लेटे हैं वा निद्रा मारे ॥
क्रोधित होंगे बहुत, यदी तुमकों देखेंगे ।
हम भी आज्ञा पाय, तुम्हीं को धर खेदेंगे ॥
ऐसी,कटुवाणी कहें, धनी द्वार सेवक निडर ।
त्यागहु इनकी आस अब, चलहु ईश विश्वेश घर ॥
ईशभवन पर द्वारपाल, है नहि कटुभाषी ।
शिव देते हैं, सुख असीम, है ऋद्धी दासी ॥

यह तुमसे मिलने का समय नहीं है, इस समय एकान्त में हैं, कोई वहाँ नहीं जा सकता । स्वामी सो रहे हैं । यदि यहाँ तुम्हें स्थित हुआ देखेंगे तो स्वामी क्रुद्ध होंगे । इस प्रकार की बातें जिन प्रभुओं के द्वार पर कही जाती हैं । हे चित्त ! उनको छोड़कर, विश्वेश्वर भगवान महादेव के भवन (मन्दिर) पर जाओ, जहाँ द्वारपालों की निर्दय कठोर बातें सुनने को नहीं मिलतीं और जो असीम कल्याण देनेवाला है ।

यतो मेरुः श्रीमान्निपतति युगान्ताग्निवलितः
समुद्राः शुष्यन्ति प्रचुरमकरग्राहनिलयाः ।
धरा गच्छत्यन्तं धरणिधरपादैरपि धृता
शरीरे का वार्ता करिकलभकर्णाग्रचपले ॥७२॥

७२—शरीर की क्षणभंगुरता ।

प्रलयकाल के अग्निताप से बच सुमेरु नहिं पाता है ।
मकरादिक से भरा हुआ भी सिन्धु शुष्क हो जाता है ॥
धरणिधरों से धरी धरा का नाश अन्त में आता है ।
तब अति चंचल नर-शरीर को गिन्ती में को लाता है ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ब्रह्मचिन्तन अथवा स्वात्मसुखानुभव के अतिरिक्त सभी पदार्थ अनित्य हैं—इसको कवि इस प्रकार प्रकट करते हैं कि - जिस कारण से श्रीमान् सुवर्ण-रत्न प्रभृति मूल्यवान् वस्तुओं से पूर्ण मेरु अर्थात् सुमेरु पर्वत प्रलय काल की अग्नि से घिरा जाकर गिर पड़ता है, अत्यधिक मगर (नाक)—घड़ियाल आदि भयानक जानवरों के रहने के स्थान उसी आग की लपट से सूख जाते हैं और महेन्द्रादि सप्त कुलपर्वतों के प्रत्यन्त पर्वतों से अच्छे प्रकार से रोकी गई पृथ्वी भी अन्त (नाश) को प्राप्त करती है। तब तो हाथी के बच्चे के कान के अग्र के समान अत्यन्त चंचल इस शरीर के विषय में बात ही क्या ! वह तो क्षण-भंगुर ही है ।। ७२ ।।

गात्रं सङ्कुचितं गतिर्विगलिता भ्रष्टा च दन्तावलि-
दृष्टिर्नश्यति वर्धते बधिरता वक्त्रं च लालायते ।
वाक्यं नाद्रियते च बान्धवजनो भार्या न शुश्रूषते
हा ! कष्टं पुरुषस्य जीर्णवयसः पुत्रोऽप्यमित्रायते ।।७३।।

७३ - काल की प्रबलता—बुढ़ापे में दुर्गति ।

तन सुकड़ा, आ गया बुढ़ापा चाल मन्द हुइ, दाँत हले ।
अंधे हुए, कान नहिं सुनते, होय निरादर, लार चले ।।
नारी भी सेवा नहिं करती, पुत्र शत्रु व्यवहार करे ।
बूढ़ा हुआ, हाय ! नर जग में कैसे-कैसे दुःख भरे ।।

बुढ़ापे से मनुष्य की बुरी अवस्था होती है—कवि इसको प्रदर्शित कर रहा है—शरीर बटुर गया अर्थात् झुक गया या टेढ़ा हुआ। चाल भी धीमी पड़ गई। दाँतों की पाँत भी गिर गई। आँख नष्ट हो रही है अर्थात् आँख से भी साफ-साफ दिखाई नहीं पड़ता। बहिरापन बढ़ता ही जा रहा है। और मुख से सदा लार टपका करती है। भाई-बंद वचन का आदर नहीं करते अर्थात् कहने की ओर ध्यान ही नहीं देते। और स्त्री भी सेवा-शुश्रूषा नहीं करती। बूढ़े आदमी का पुत्र भी शत्रु के समान व्यवहार करता है ! बुढ़ापा बहुत ही कष्टदायक है ।। ७३ ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वर्णं सितं शिरसि वीक्ष्य शिरोरुहाणां
स्थानं जरापरिभवस्य तदा पुमांसम् ।
आरोपितास्थिशतकं परिहृत्य यान्ति
चण्डालकूपमिव दूरतरं तरुण्यः ॥ ७४ ॥

७४—तरुणियाँ बूढ़ों को दूर से ही छोड़ देती हैं ।
जिन पुरुषों के सिर के सुन्दर केश धवल हो जाते हैं ।
जो कि वृद्धतावश लोगों से सदा अनादर पाते हैं ॥
अस्थिशतक से भरे उन्हें चण्डाल-कूप की भाँति सभी ।
नई युवतियाँ जानि भूल से भी भजती हैं नहीं कभी ॥

तरुण स्त्रियाँ जब पुरुष के मस्तक पर केशों का सफेद रंग (श्वेतवर्ण) देखती हैं तब जरा से अपमान के स्थानस्वरूप बाहर से स्पष्ट दिखाई पड़ने से मालूम पड़ता है कि मानों सैकड़ों हड्डियाँ इस पर चढ़ाई गई हैं ऐसे पुरुष को फेंकी गई हड्डियों के टुकड़ों से भरे चण्डाल जाति के कूप के समान दूर से त्याग कर चली जाती हैं अर्थात् तरुणियाँ बूढ़ों को दूर से छोड़ देती हैं ॥ ७४ ॥

यावत्स्वस्थमिदं शरीरमरुजं यावच्च दूरे जरा
यावच्चेन्द्रियशक्तिरप्रतिहता यावत्क्षयो नायुषः ।
आत्मश्रेयसि तावदेव विदुषा कार्यः प्रयत्नो महान्
सन्दीप्ते भवने तु कूपखननं प्रत्युद्यमः कीदृशः ॥७५॥

७५—ईश्वरोपासना—निरोग और स्वस्थ रहते अपने कल्याण के लिये यत्न कर लेना चाहिये ।
जब तक स्वस्थ शरीर रोग बिन जब तक जरा अवस्था दूर ।
जब तक शक्ति भरी इन्द्री हैं दीखे आयु शेष भरपूर ॥
आत्मश्रेय के लिये तभी तक पण्डित कर ले यत्न महान ।
'आग लगे पर कूप खनन की' नहिं तो होगी बात प्रमान ॥

जब तक यह शरीर स्वस्थ और रोगरहित है और जब तक वृद्धावस्था भी दूर है, तथा जब तक सभी इन्द्रियों की शक्ति बे-रोकटोक=पूरी है एवं जब तक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आयु का नाश नहीं हुआ है। इसी बीच तभी तक बुद्धिमान पुरुष को चाहिए कि आत्मकल्याण के लिए वह महान् प्रयत्न करे। क्योंकि घर में आग लग जाने पर कूएँ के खोदवाने में प्रयत्न करना या उद्यम करना कैसा ? जैसे आग लगने पर कुआँ खोदवाना निरी मूर्खता है वैसे ही तारुण्य में श्रेयस्कर काम न कर वृद्धावस्था में उसकी चेष्टा करना भी मूर्खता है ॥ ७५ ॥

तपस्यन्तः सन्तः किमधिनिवसामः सुरनदीं
गुणोदारान् दारानुत परिचरामः सविनयम् ।
पिबामः शास्त्रौघानुत विविधकाव्यामृतरसान्
न विद्मः किं कुर्मः कतिपयनिमेषायुषि जने ॥७६॥

७६– जीवन की अल्पता—अल्प आयु में क्या क्या किया जाय।

करूँ तपस्या गङ्गातट पर, ध्यानावस्थित रहूँ वहीं।
अथवा प्रेममत्त हो विचरूँ, गुणी नारियों बीच कहीं ॥
शास्त्र-समूहों का आनँद लूँ, विविध काव्य-रस पान करूँ।
नहीं समझता अल्प आयु पा, क्या क्या करता काम फिरूँ ॥

कुछ ही क्षण की आयुवाले जनसमुदाय में हमलोग क्या किया करें—यह नहीं जानते। क्या हम लोग तपस्या करते हुए केवल सुरनदी (गङ्गाजी) के तट पर वैराग्य से रहें ? अथवा क्या सौभाग्य-सुशीलता आदि गुणों से सुन्दर भार्या का सांसारिक धर्म से अनुसरण करें ? किंवा शास्त्रों के ओघों अर्थात समूहों का तात्पर्य हृद्गत कर लें ! या अनेक प्रकार के काव्यों में रहने वाले अमृततुल्य रसों का पान अर्थात् आस्वादन करें ?—यह सब समझ में नहीं आता कि क्या करना चाहिए और उस समय हम क्या किया करते हैं ॥ ७६ ॥

दुराराध्याश्चामी तुरगचलचित्ताः क्षितिभुजो
वयं तु स्थूलेच्छाः सुमहति फले बद्धमनसः ।
जरा देहं मृत्युर्हरति दयितं जीवितमिदं
सखे ! नान्यच्छ्रेयो जगति विदुषोऽन्यत्र तपसः ॥७७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

७७-परब्रह्म का ध्यान-ज्ञानवान को केवल तपस्या ही कल्याणकारी है।

तुरगभाँति चञ्चल चित नृप का रहता सेवा में खटका।
आकांक्षा भारी फिर अपनी बड़े फलों में जी अटका॥
जरा देह की, मृत्यु जीव की हिला रहीं दिन-रात जड़ें।
ज्ञानीजन को छोड़ तपस्या कहीं श्रेय नहिं जान पड़ें॥

घोड़े के समान चंचल चित्तवाले इन राजाओं की आराधना अति ही कठिन है अर्थात् सेवा द्वारा भी राजसमूह के चंचल चित्त को अपने अनुकूल नहीं बना सकते। हम लोग तो बड़ी इच्छावाले अतएव अति महान् फल की ओर मन लगाये हुए हैं अर्थात् बहुत धन चाहते हैं किन्तु वे नहीं देंगे। तथा जरा शरीर को क्षीण करती है और मृत्यु इस प्यारे जीवन को ही हरती है। अतः हे मित्र ! विद्वान् को जगत् में तपस्या से अतिरिक्त दूसरा कोई उत्तम मोक्ष-साधन नहीं है॥ ७७॥

माने म्लायिनि खण्डिते च वसुनि व्यर्थे प्रयातेऽर्थिनि
क्षीणे बन्धुजने गते परिजने नष्टे शनैर्यौवने।
युक्तं केवलमेतदेव सुधियां यज्जह्नुकन्यापयः-
पूतग्रावगिरीन्द्रकन्दरतटीकुञ्जे निवासः क्वचित्॥७८॥

७८—वैराग्य—सांसारिक भोग नष्ट होने पर गङ्गाकिनारे कुटी में निवास करना उचित है। (१)

याचक फिरने लगें विमुख जब अरु हो जाय प्रतिष्ठा भंग।
नाश जाय धन, तजें कुटुम्बी, परिजन चलें छोड़कर संग॥
धीरे धीरे घटे जवानी बुद्धिमान तब चित्त धरे।
गङ्गाजल पवित्र गिरि कन्दर जा कुटिया में बास करे॥

सम्मान के कम होने पर, धन के नाश होने पर, याचक के निराश होकर निरर्थक चले जाने पर, अन्न आदि के अभाव में आश्रित पुत्र-पित्रादि बन्धुजन के क्षीण (कम) होने पर, सेवक वर्ग के चले जाने पर और धीरे-धीरे जवानी के ढल जाने पर विद्वानों को केवल यही एक योग्य है कि जह्नुकन्या = जाह्नवी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अर्थात् गङ्गाजी के जल से पवित्र पत्थर वाले गिरीन्द्र हिमालय पर्वत की गुहा के बाहरी किनारे पर रहनेवाले किसी कुंज में निवास करना। सांसारिक वस्तुओं की कमी में हिमालय के आस-पास कुंज में आश्रय लेकर आत्मानुसन्धान करना ही सर्वोत्कृष्ट कार्य बुद्धिमान के लिए शेष रह जाता है। ७८ ॥

रम्याश्चन्द्रमरीचयस्तृणवती रम्या वनान्तस्थली
रम्यं साधुसमागमागतसुखं काव्येषु रम्याः कथाः ।
कोपोपाहितबाष्पबिन्दुतरलं रम्यं प्रियाया मुखं
सर्वं रम्यमनित्यतामुपगते चित्ते न किञ्चित्पुनः ॥७६॥

७०— वैराग्य—संसार की अनित्यता का ध्यान आते ही सुन्दर वस्तुओं से रुचि हट जाती है। (२)

लगतीं चन्द्रकिरण अति प्यारी हरी दूब-पूर्ण धरती।
साधु समागम सुख देता है काव्य-कथा हर्षित करती॥
कोपयुक्त डबडबे नेत्र लखि वदन प्रिया हो रम्य महान।
पर सब सुन्दर होंय असुन्दर आते जग अनित्यता-ध्यान॥

चन्द्रमा की किरणें मनोहारिणी हैं। कोमल घासवाली वन के बीच की प्राकृतिक भूमि भी सुन्दर है उपकारी या सज्जन व्यक्ति के आगमन से प्राप्त सुख भी रम्य है। काव्यों में निबद्ध कथानक भी रमणीय है। प्रणय-कलह में क्रोध से उत्पन्न और नेत्र के कोने में टिकी हुई आँसुओं की बूँदों से चंचल प्रिया का मुख भी मन को हरनेवाला है। किन्तु चित्त के नित्यानित्य-वस्तु के विचार में लीन होने पर सभी रमणीक पदार्थ कुछ भी शोभन नहीं रह जाता अर्थात् सुन्दर वस्तुओं की अनित्यता जान लेने पर चित्त को कुछ भी रुचता नहीं या अच्छा नहीं लगता ॥ ७६ ॥

रम्यं हर्म्यतलं न किं वसतये श्रव्यं न गेयादिकं
किंवा प्राणसमासमागमसुखं नैवाधिकप्रीतये।
किन्तु भ्रान्तपतङ्गपक्षपवनव्यालोलदीपाङ्कुर-
च्छायाचञ्चलमाकलय्य सकलं सन्तो वनान्तं गताः ॥८०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

८०—वैराग्य—भोगादिक को चञ्चल जान राजमहल त्याग वन को चले आये। (३)

छप्पय

थी नहिं बढ़िया महल अटारी रहने को क्या स्वर्ग समान ?
प्रिया प्रेम-पूर्णा ऐसी थी सुख की खानि, सुभग, गुणवान ॥
अति अनुपम संगीत-गोष्ठ भी, समझ तुच्छ सब त्याग दिया।
किया जाय बनवास सन्तजन रह एकान्त वैराग्य लिया ॥
शलभ पंख की पवन से, दीपशिखा जैसे हले।
ऐसी चंचल वस्तुसब, हृदय जानि वन को चले ॥

महल का ऊपरी भाग रहने के लिए रम्य नहीं है क्या ? अवश्य ही रम्य है। गेयादिक गायक-वादन आदि सुनने योग्य नहीं है क्या ? निश्चय ही श्रव्य है। अथवा प्राण के समान प्रिय प्रियतमा के समागम अर्थात् संभोग से होने वाला सुख अधिक प्रेम के लिए नहीं होता क्या ? अर्थात् होता ही है। किन्तु इतना होने पर भी सन्त लोग सकल विषयों को घूमनेवाले फतिंगे के पंखों से निकलनेवाली हवा से अति चंचल दीपक के अग्र के समान चंचल अर्थात् नश्वर सोच-विचार कर वन में श्रेयः साधन के लिए गये ॥ ८० ॥

(शिवार्चन)

आ संसारात् त्रिभुवनमिदं चिन्वतां तात ! तादृङ्
नैवास्माकं नयनपदवीं श्रोत्रमार्गं गतो वा।
योऽयं धत्ते विषयकरिणीगाढगूढाभिमान-
क्षीबस्यान्तःकरणकरिणः संयमालानलीलाम् ॥८१॥

८१—वैराग्य—जब तक अभिमान है अन्तःकरण वश में नहीं रह सकता। (४)

आदि काल से जग में खोजा, ढूँढ़ा भुवन तीन के बीच।
सुना न देखा नर ऐसा जो मन मतंग तब लेवे खींच ॥
बिषय हस्तिनी में जब रत हो सुरा गाढ अभिमान पिये।
अन्तःकरण मस्त हस्ती को धरि बाँधे उस काल हिये ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हे भाई ! इस संसार के अर्थात् मनुष्य प्राणियों के आरम्भ से लेकर स्वर्ग-मृत्यु-पाताल रूप तीनों भुवनों में अन्वेषण करनेवाले हम लोगों के नेत्रों से देखने में या कानों से सुनने में वैसा पुरुष कोई नहीं ही आया जो कि सांसारिक वस्तु-रूप हथिनी पर अत्यन्त घना और गुप्त अपनेपन का अभिमान से मतवाले अन्तः-करण रूप हाथी को बाँधने के लिए बंधन की लीला को करता है अर्थात् विषयों की ओर से मन को रोकनेवाला कोई पुरुष त्रिभुवन में न दिखाई पड़ा और न सुनाई ही पड़ा ॥ ८१ ॥

यदेतत्स्वच्छन्दं विहरणमकार्पण्यमशनं
सहार्यैः संवासः श्रुतमुपशमैकव्रतफलम् ।
मनो मन्दस्पन्दं बहिरपि चिरस्यापि विमृश-
न्न जाने कस्यैषा परिणतिरुदारस्य तपसः ॥८२॥

८२—वैराग्य पूर्व तप का फल है ।

हो स्वच्छन्द विचरना जग में बिना दैन्य भोजन पाना ।
संग संत का, शास्त्रपाठ वह जिसका फल शान्ती लाना ॥
मन यदि बाहर चला जाय तो भीतर रखना हो ठाना ।
कौन श्रेष्ठ तप के ये फल हैं बहुत विचारा नहिं जाना ॥

स्वच्छन्द रूप से किसी के दबाव से नहीं किन्तु अपनी इच्छा से विहार करना या घूमना, दीनता के बिना भिक्षा से प्राप्त अन्न अथवा कन्दमूल का आहार, आर्य=ज्ञान-विज्ञान-सम्पन्न विद्वानों के साथ रहना, शान्ति ही मुख्य रूप से व्रत का फल कहनेवाले वेदान्तादि शास्त्रों का श्रवण करना, अन्तर्मुख होने से मन का बाहर में बहुत ही कम फैलना, यह सब किस महान् तपश्चरण का परिणाम है—चिरकाल तक विचार करता हुआ मैं नहीं जान पा रहा हूँ ॥ ८२ ॥

जीर्णा एव मनोरथाश्च हृदये यातं च तद्यौवनं
हन्ताङ्गेषु गुणाश्च वन्ध्यफलतां याता गुणज्ञैर्विना ।
किं युक्तं सहसाऽभ्युपैति बलवान् कालः कृतान्तोऽक्षमी
हा ! ज्ञातं मदनान्तकाङ्घ्रियुगलं मुक्त्वास्ति नान्या गतिः ॥८३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

८३—काशीवास—निराशा में शिवचरणों का ही आसरा है (१)
हिरदे हो गय जीर्ण मनोरथ युवा अवस्था चली गयी।
गुणग्राहक के बिना गुणों को मन में ही खा गई छयी॥
असहनशील कराल काल जम सा जल्दी बढ़ता आता।
काम-शत्रु-शङ्कर के पद तजि नहीं गती दूजी पाता॥

कामनाएँ मन में ही लुप्त हुईं, वह यौवन भी चला गया, गुणग्राहकों के बिना विद्या-विनय आदि गुण शरीर ही में निष्फल हो गये यह बड़े खेद का विषय है। बली, काल स्वरूप, असहनशील यम अकस्मात् प्राण लेने के लिए आ पहुँचता है तो अब क्या उचित है? हाँ, ध्यान में आया कि शिवजी के चरणयुगल को छोड़ कर दूसरी कोई वस्तु शरण नहीं। संसार से उद्धार पाने के लिये बस केवल शिवजी के चरण ही रक्षण करने वाले हैं॥ ८३॥

महेश्वरे वा जगतामधीश्वरे जनार्दने वा जगदन्तरात्मनि।
न वस्तुभेदप्रतिपत्तिरस्ति मे तथापि भक्तिस्तरुणेन्दुशेखरे॥८४॥

८४—काशीवास – शिवजी के चरणकमल में मेरी भक्ति हो। (२)
जगत अधीश्वर गिरिजापति वा कमलापति अन्तर्यामी।
नहीं भेद कुछ मुझको इनमें अखिल विश्व के हैं स्वामी॥
तथापि चाहूँ भक्ति चरण की सुलभ, सुफल, सद्गुणखानी।
तरुण इन्दु भूषण है जिनका दयासिन्धु औघड़दानी॥

चतुर्दश भुवनों के स्वामी शिवजी, ब्रह्माण्ड को उदर में रखनेवाले विष्णुजी इन दोनों में ये दो अलग २ वस्तुएँ हैं—ऐसी मुझमें भेद-बुद्धि नहीं है, तथापि बाल (कलामात्र) चन्द्र को सिर में धारण करनेवाले शिवजी पर ही मेरी श्रद्धा है। हरि-हर के सम्बन्ध में अपने मन में भेदभाव न होते हुए भी मेरा भक्ति-भाव भगवान् शिवजी पर ही है॥ ८४॥

स्फुरत्स्फारज्योत्स्नाधवलितले क्वापि पुलिने
सुखासीनाः शान्तध्वनिषु रजनीषु द्युसरितः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भवाभोगोद्विग्नाः शिव शिव शिवेत्युच्चवचसः
कदा यास्यामोऽन्तर्गतबहुल-बाष्पाकुलदशाम् ॥८५॥

८५— काशीवास—हम कब गङ्गाद्वीप पर, एकान्त में, शिव-शिव रटते हुए, आनन्दित होंगे। (३)

कौन घड़ी वह होगी जब हम गङ्गाद्वीप विचर सुनसान।
धवल चन्द्रिका, सुख आसन में पावेंगे आनन्द महान॥
दुनियां के दुख से व्याकुल हो शिव-शिव टेर लगावेंगे।
होकर आत्मालीन, प्रेम से आनन्दाश्रु बहावेंगे॥

पशु पक्षी आदि के कोलाहल से रहित अर्थात् सुनसान रात्रियों में प्रकाशमान और बढ़ी हुई चाँदनी से धवल प्रदेशवाले स्वर्णनदी = गङ्गाजी के किसी बालू वाले तट पर सुखपूर्वक बैठे हुए, संसार के विस्तार से घबड़ाए हम "शिव, शिव, शिव" इस प्रकार ऊँचे स्वर से चिल्लाते हुए किस समय मन के भीतर लीन बहुत से आनन्दाश्रु द्वारा आकुल दशा को पावेंगे अर्थात् कब स्वात्मानन्दानुभव करने लगेंगे। जब ऐसी स्थिति प्राप्त होगी तभी तो सच्चा कल्याण है॥ ८५॥

※ महादेवो देवः सरिदपि च सैषा सुरसरिद्-
गुहा एवागारं वसनमपि ता एव हरितः।
सुहृद्वा कालोऽयं व्रतमिदमदैन्यव्रतमिदं
कियद्वा वक्ष्यामो वटविटप एवास्तु दयिता॥

काशीवास—राजर्षि भर्तृहरिजी की इच्छा। (४)

शिव केवल आराध्य देव हों सुरसरि के हों नित असनान।
कन्दर घर हो, दिक्पट ओढ़ूँ काल सखा हो एक सुजान॥
दैन्य न होना हो व्रत अपना रहूँ प्रभू शङ्कर का दास।
और कहां तक कहूँ विटप वट--में रक्खूँ भार्या का भास॥

मेरे लिए महादेव—देवता, गङ्गाजी—नदी, गुफा—गृह, दिशायें—वस्त्र, मित्र—काल, व्रत—दीनभाव न दिखाने का व्रत है। और क्या कहूँ (सुख-सुविधा पहुँचाने के कारण) वटवृक्ष ही भार्या की भाँति प्रिय है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विर्तीर्णे सर्वस्वे तरुणकरुणापूर्णहृदयाः
स्मरन्तः संसारे विगुणपरिणामां विधिगतिम् ।
वयं पुण्यारण्ये परिणतशरच्चन्द्रकिरणा-
स्त्रियामा नेष्यामो हरचरणचिन्तैकशरणाः ॥८६॥

८६—काशीवास—मैं किस दिन अकिञ्चन हो रात्रि भर शिवचरणों का ध्यान करूँगा । (५)

देकर के सर्वस्व-दान करुणा से भर कर ।
विधि-गति का परिणाम जान जग में सब नश्वर ॥
शरच्चन्द्र से खिले पुण्य वन कब जायेंगे ?
रातों में धरि ध्यान शम्भु महिमा गायेंगे ॥

संपूर्ण धन याचकों को देने पर उत्कट दया से पूर्ण हृदय वाले, संसार में दैवगति को दुष्परिणाम वाली स्मरण करने वाले हम किसी पुण्य वन में शिवजी के चरणों का चिन्तन मात्र शरणवाले होते हुए चारों ओर से शरद ऋतु के चन्द्रमा की किरणों से पूर्ण रात्रियों को कब बिताने लगेंगे । ऐसी दशा हमको कब प्राप्त होगी ? क्योंकि वही स्थिति प्राप्त करना अपना कर्तव्य है ॥ ८६ ॥

कदा वाराणस्याममरतटिनीरोधसि वसन्
वसानः कौपीनं शिरसि निदधानोऽञ्जलिपुटम् ।
अये ! गौरीनाथ ! त्रिपुरहर ! शम्भो ! त्रिनयन !
प्रसीदेत्याक्रोशन्निमिषमिव नेष्यामि दिवसान् ॥८७॥

८७—काशीवास—कब हम काशीजी में शिवभजन करते हुए दिन काटेंगे । (६)

छप्पय

कब गङ्गातट वसि काशी में पहिरेंगे केवल कोपीन ।
शिर से अंजलि जोड़, पुकारेंगे शङ्कर को हो अति दीन ॥
गौरीनाथ, त्रिपुरहर, शम्भो, त्रिनयन हे करुणासागर ।
हो जाओ प्रसन्न भवमोचन शशिशेखर लीला-आगर ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मगन ध्यान कब रहेंगे, भज शिव बारम्बार।
दिन काटेंगे निमिष सम, प्रमुदित रह संसार॥

वाराणसी (काशी) में सुरनदी गङ्गाजी के तट पर रहता हुआ, कौपीन अर्थात् लँगोट या लँगोटी पहिर कर मस्तक पर अञ्जलि करता हुआ अर्थात् प्रणाम करता हुआ—"हे गौरी=पार्वती के नाथ, त्रिपुर-नामक (आकाशगामी तीन पुरों में रहकर युद्ध कामना से प्रस्तुत) राक्षस का अन्त करनेवाले, शम्भु (सुख उत्पन्न करने वाले), तीन नेत्र वाले (तृतीय नयन काम-दाह के समय प्रकट करने वाले शिवजी ! प्रसन्न होइये अर्थात् मुझ पर दया करिये—" ऐसे चिल्लाता हुआ कब दिनों को पलके समान बितावेंगे अर्थात् शिव-तन्मयता की प्राप्ति कब होगी—इसलिये दया करिये ॥ ८७ ॥

* उद्यानेषु विचित्रभोजनविधिस्तीव्रातितीव्रं तपः
कौपीनावरणं सुवस्त्रममितं भिक्षाटनं मण्डनम् ।
आसन्नं मरणं च मङ्गलसमं यस्यां समुत्पद्यते
तां काशीं परिहृत्य हन्त विबुधैरन्यत्र किं स्थीयते ॥

काशीवास—घोर तप करने के लिये। (७)

जा उपवन नाना फल खाना महाघोर तप करना।
वस्त्र लँगोटी ही अति सुन्दर भिक्षाटन ही गहना॥
मरण जहाँ का है मङ्गलमय काशीवास पियारा।
छोड़ इसे क्यों जाते पण्डित हैं, आश्चर्य हमारा॥

जहाँ पर बगीचों में अनेक प्रकार भोजन का विधान ही तीव्र से अति तीव्र तप है, कौपीन मात्र ही सुन्दर वस्त्र है, भिक्षाटन ही बहुत अधिक मण्डन (भूषण) है, मरणासन्न होना—मङ्गल के समान होता है, उस काशी को छोड़कर खेद है कि विद्वान लोग अन्यत्र क्यों रहते हैं।

स्नात्वा गाङ्गैः पयोभिः शुचिकुसुमफलैरर्चयित्वा विभो ! त्वां
ध्येये ध्यानं निवेश्य क्षितिधरकुहरग्रावपर्यङ्कमूले ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आत्मारामः फलाशी गुरुवचनरतस्त्वत्प्रसादात् स्मरारे !
दुःखं मोक्ष्ये कदाहं समकरचरणे पुंसि सेवासमुत्थम् ॥८८॥

८८-काशीवास-मैं कब एकान्त में स्थित हो शिवजी की पूजा व ध्यान में मन लगाऊँगा और धनियों की सेवा के दुःख से छूटूँगा। (८)

छप्पय

कौन घड़ी वह होगी जब मैं गङ्गाजल से करि असनान।
सुन्दर फल-फूलों से तुमको पूजूँगा हे कृपानिधान॥
पाहन आसन बैठि कन्दरा मन में ध्यान जमाऊँगा।
आत्माराम फलाशी होकर गुरु-आयसु प्रतिपालूँगा॥

कब कामारे, आपकी, करुणा से सुरनाथ।
छूटेंगे दुःख सहैं जो, धनपतियों के हाथ॥

हे प्रभो ! गङ्गा के जलों से स्नान कर अर्थात् शुद्ध होकर पवित्र फूल और फलों से तुम्हारी पूजा कर पहाड़ की गुफाओं के पत्थर रूप सुखशय्या के ऊपर बैठकर ध्यान करने के योग्य तुम्हारे चरण-कमलों में ध्यान लगाकर अपनी आत्मा में ही रमनेवाला, फलमात्र भक्षण करने वाला, गुरुजी के द्वारा उपदिष्ट कर्म का आचरण करता हुआ मैं हे काम-शत्रु शिवजी, तुम्हारे अनुग्रह या कृपा से मकर-रेखाङ्कित चरणवाले पुरुष अर्थात् भाग्यवान् श्रीमान् राजा-महाराजा आदि की सेवा से उत्पन्न दुःख को कब छोड़ूँगा। तात्पर्य यह कि जिस समय तुम्हारी दया हो जायगी उस समय श्रीमानों के आश्रय पाने में जो दुःख मिला वह सब दूर हो जायगा अतएव कृपा करिये॥ ८८।

एकाकी निःस्पृह शान्तः पाणिपात्रो दिगम्बरः।
कदा शम्भो ! भविष्यामि कर्मनिर्मूलनक्षमः॥ ८९॥

८९-काशीवास-कब हम कर्मों की जड़ उखाड़ने में समर्थ होंगे ? (९)

हे शम्भो, काटूँगा कब मैं कर्ममूल अति दुष्कर।
बनूँ असङ्ग, शान्त, करपात्री इच्छा तजि, तव किंकर॥

एकाकी=अकेला अर्थात् सङ्ग-रहित, क्योंकि विषयाभिलाष से पराङ्मुख, अत-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एव शान्त, हाथ ही को पात्र बनाकर तन्मात्र से उदर पोषण करने वाला अर्थात् करपात्री, दिगम्बर अर्थात् वस्त्ररहित होकर कब मैं संचित तथा प्रारब्ध कर्मों के मूलच्छेदन करने में हे शिवजी, समर्थ होऊँगा। ये सब बातें ईश्वर-साक्षात्कार के बिना कर्मक्षय न होने तक असंभव हैं अतएव दर्शन दीजिए ॥ ८९ ॥

पाणिं पात्रयतां निसर्गशुचिना भैक्षेण सन्तुष्यतां
यत्र क्वापि निषीदतां बहुतृणं विश्वं मुहुः पश्यताम् ।
अत्यागेऽपि तनोरखण्डपरमानन्दावबोधस्पृशा-
मध्वा कोऽपि शिवप्रसादसुलभः सम्पत्स्यते योगिनाम् ॥९०॥

९० — काशीवास — शिवजी के प्रसाद से योगियों को ब्रह्मसुख सुलभ है। (१०)

कर का पात्र बना प्रसन्न हो करते अति शुचि भिक्षाहार।
तृण समान जग समझ पधारें जहाँ कहीं इच्छा अनुसार ॥
अनुभव परमानन्द अखँड का बिना देह त्यागे पाते।
शिवप्रसाद से योगीजन जब मार्गश्रेष्ठ में लग जाते ॥

हाथ ही को भोजन का पात्र बनाने वाले, स्वभावतः पवित्र भिक्षा में प्राप्त वस्तुओं से सन्तुष्ट रहनेवाले, जहाँ कहीं बैठने वाले, संसार को बार-बार तृण के समान देखने-समझनेवाले, शरीर का त्याग करने पर भी अर्थात् शरीर-संबंध रहते हुए भी अखण्ड, परम आनन्द अर्थात् ब्रह्मानन्द के अनुभव का स्पर्श करने वाले अर्थात् अखण्ड ब्रह्मानन्द का आस्वाद लेनेवाले योगियों का कोई मार्ग शिवजी के अनुग्रह से सुलभ या सरल बन जायगा ॥ ९० ॥

(अवधूतचर्या)

कौपीनं शतखण्डजर्जरतरं कन्था पुनस्तादृशी
नैश्चिन्त्यं निरपेक्षभैक्षमशनं निद्रा श्मशाने वने ।
स्वातन्त्र्येण निरङ्कुशं विहरणं स्वान्तं प्रशान्तं सदा
स्थैर्यं योगमहोत्सवेऽपि च यदि त्रैलोक्यराज्येन किम् ॥९१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

९१—काशीवास—यदि योगमहोत्सव में चित्त स्थित है तो तीन लोक का राज्य किस काम का ? (११)

कौपीन हुई शतखण्डी है गुदड़ी के भी कपड़े फटते।
पर भिक्षा मिलती बिन माँगे मरघट में, बन में, दिन कटते॥
जब मन रहता शान्तिपूर्ण अरु इच्छित थल को जा सकते।
तो त्रिसुवन राज्य करेंगे क्या ? हम योग-महोत्सव चित रखते॥

अनेक टुकड़े होने से बहुत पुराना लंगोट यदि है, फिर वैसी ही फटी पुरानी कन्था अर्थात् बिना बाँह का शरीर पर का पहिरने का साधुओं का कुर्ता या अँगरखा यदि है, विषय-वासना के न होने से निश्चिन्तता यदि है, अनुसरण की अपेक्षा बिना यदि भिक्षा में मिली वस्तु का भोजन है, महावन या श्मशान-भूमि में सुलभ निद्रा यदि प्राप्त है, अपनी इच्छा के अनुसार बिना किसी रोक-टोक के विहार यदि हो सकता है, चित्त यदि सदा शान्त अर्थात् प्रसन्न है और यदि समाधिरूप महान् उत्सव में भी स्थिरता बनी हुई या अटल है तो फिर उसे त्रिभुवन के राज्य की प्राप्ति से क्या लाभ है ! कुछ नहीं, क्योंकि इसके सामने त्रिभुवन का राज्य भी तुच्छ है॥ ९१॥

ब्रह्माण्डं मण्डलीमात्रं किं लोभाय मनस्विनः।
शफरीस्फुरितेनाब्धिः क्षुब्धो न खलु जायते॥ ९२॥

९२—संतोष—संतोषी को लोभ नहीं। (१)

दोहा

सिले कहीं जगराज भी, नहीं मनस्वी लोभ।
कूदे शफरी मीन के, सागर होत न छोभ॥

बिम्बमात्र अर्थात् भासमान चतुर्दशभुवनात्मक ब्रह्माण्ड क्या गम्भीर योगी के लोभ अर्थात् लालच के लिए हो सकता है ! उसको ब्रह्माण्ड भी लालच नहीं दे सकता, दूसरे पदार्थों की बात क्या रही। समुद्र मछली की उछल-कूद से कभी भी चंचल या तरङ्गित नहीं ही होता, गम्भीर ही बना रहता है॥ ९२॥

मातर्लक्ष्मि ! भजस्व कञ्चिदपरं मत्काङ्क्षिणी मास्म भू-
र्भोगेषु स्पृहयालवस्तव वशे का निःस्पृहाणामसि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सद्यः स्यूतपलाशपत्रपुटिकापात्रे पवित्रीकृतै-
भिक्षावस्तुभिरेव सम्प्रति वयं वृत्तिं समीहामहे ॥९३॥

९३—संतोष— निस्पृह विरक्तों के लिये लक्ष्मी किस काम की? (२)

खोज किसी को लक्ष्मी माता, तज दे मेरी तो अब आस।
भोगों की इच्छा वाले ही पुरुष रहेंगे तेरे दास॥
पर जो हैं निस्पृह विरक्त उनके आवेगी तू किस काम।
तन रक्खेंगे भिक्षा ले हम, नव पलास-पुट कर में थाम॥

हे मा लक्ष्मीजी! किसी दूसरे भाग्यवान् पुरुष की सेवा कर, मुझे चाहनेवाली मत हो। विषयों के उपभोग में रत या इच्छुक पुरुष तुम्हारे वश में हैं। निस्पृह लोगों की तुम कौन होती हो? कोई नहीं, इस समय तो हम तत्काल बनाये पलाश के पत्ते की दोना-पतरी पर प्रोक्षणादि द्वारा पवित्र की हुई भिक्षा की वस्तुओं से ही अपनी जीविका को चलाना चाहते हैं॥ ९३॥

महाशय्या पृथ्वी विपुलमुपधानं भुजलता
वितानं चाकाशं व्यजनमनुकूलोऽयमनिलः।
शरच्चन्द्रो दीपो विरतिवनितासङ्गमुदितः
सुखी शान्तः शेते मुनिरतनुभूतिर्नृप इव॥ ९४॥

९४—काशीवास—शान्त पुरुष अपनी वैराग्य रूपी स्त्री के साथ राजाओं के समान सुख से सोते हैं। (१२)

जिनकी शय्या चौड़ी पृथ्वी हाथ निराला है तकिया।
नभ का तम्बू तना अनोखा वायू का पंखा बढ़िया॥
शरद चन्द्र का दीप रहा जल विरक्ति दारा संग लिये।
मुनि सोवें मन-मुदित शान्त हो ठाट महा सम्राट किये॥

पृथ्वी एक बड़ी सेज है, बाँह एक विस्तीर्ण तकिया है, और आकाश ऊपर टाँगा जाने वाला चँदवा है, इच्छानुकुल चलने वाला यह पवन ही पंखा है, शरद काल का अत्यन्त प्रकाशमान चाँद ही दीप है, विरक्ति (वैराग्य)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रूप स्त्री के सङ्ग से हर्षित, शान्तस्वभाव, मुनि अधिक सम्पत्ति से परिपूर्ण महाराजा की तरह आनन्दित हो निःशङ्क सोता है ॥ ६४ ॥

भिक्षाशी जनमध्यसङ्गरहितः स्वायत्तचेष्टः सदा
हानादानविरक्तमार्गनिरतः कश्चित्तपस्वी स्थितः ।
रथ्याकीर्णविशीर्णजीर्णवसनः सम्प्राप्तकन्थासनो
निर्मानो निरहङ्कृतिः शमसुखाभोगैकबद्धस्पृहः ॥ ६५ ॥

६५—काशीवास—तपस्वी की रहन । (१२)

छप्पय

भिक्षाटन करि भोजन करना हो असङ्ग रहना जन माहिं ।
दृढ़ता से इन्द्रिन को कसना हानि-लाभ में स्वारथ नाहिं ॥
फटे पुराने वस्त्र मार्ग के उठा जोड़ गुदड़ी रचना ।
अहङ्कार, अभिमान आदि से शून्य सदा मन को रखना ॥
मन को स्थिर कर बाँधना, शान्ति सुक्ख में खींच ।
यों कोइ बिरला तपधनी, रह सकता जग बीच ॥

भिक्षा में मिले अन्न से शरीर धारण करने वाला, लोगों में विशेष रुचि न होने से सङ्गहीन, सर्वदा अपना काम स्वयं करनेवाला या स्वेच्छा से विहार = भ्रमण करने वाला, त्याग और ग्रहण में वैराग्यमार्ग में आसक्त, मार्ग या गलियों में बेकार होने से फेंके, फटे, पुराने वस्त्र से शरीर को ढँकने वाला, कन्था को मोड़माड़ कर बनाये आसन पर बैठा हुआ अतएव मान (आदर) से रहित, अहङ्कार से दूर, वैराग्य द्वारा चित्त के विकार नष्ट होने से मिलनेवाले ब्रह्मानन्द के आस्वादन मात्र की वासना में बँधा हुआ कोई हो योगीश्वर निर्भय दशा में स्थित होता है ॥ ६५ ॥

चण्डालः किमयं द्विजातिरथवा शूद्रोऽथ किं तापसः
किं वा तत्त्वविवेकपेशलमतिर्योगीश्वरः कोऽपि किम् ।
इत्युत्पन्नविकल्पजल्पमुखरैराभाष्यमाणा जनै-
र्न क्रुद्धाः पथि नैव तुष्टमनसो यान्ति स्वयं योगिनः ॥६६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

९६—काशीवास—योगी जन किसी के अनुपयुक्त कहने पर हर्ष अथवा रोष नहीं करते। (१४)

कहै कोइ चंडाल शूद्र, वा विप्र, तपस्वी।
कहै कोइ परमार्थ लगा योगीन्द्र मनस्वी॥
तर्क-वितर्क पूर्ण बातें नानाविध सुनते।
योगी करें न हर्ष, रोष स्वच्छन्द विचरते॥

क्या यह अन्त्यज है? अथवा जन्मना शूद्र और संस्कार = उपनयन से ब्राह्मण इस प्रकार भिन्न २ दो जातियों वाला अर्थात् ब्राह्मण है? किंवा शूद्र है? या कोई तपस्वी है? अथवा यथार्थ वस्तु के वास्तविक विचारने में चतुर बुद्धि वाला कोई योगीश्वर है क्या? इस प्रकार मनमें उठे सन्देहों को कहने में ढीठ अर्थात् मन की संदेहात्मक स्थिति को निःसंकोच हो कहने वाले लोगों से कहे गये योगीगण मार्ग में चण्डाल·आदि कहने से न क्रोध में आने वाले और योगीश्वर आदि कथन से न प्रसन्नचित्त होने वाले होते हुते स्वयं स्वेच्छा से विचरा करते हैं॥ ९६॥

हिंसाशून्यमयत्नलभ्यमशनं धात्रा मरुत्कल्पितं
व्यालानां पशवस्तृणाङ्कुरभुजस्तुष्टाः स्थलीशायिनः।
संसारार्णवलङ्घनक्षमधियां वृत्तिः कृता सा नृणां
तामन्वेषयतां प्रयान्ति सततं सर्वे समाप्तिं गुणाः॥९७॥

९७—आत्मानुसन्धान करते हुए जीवन बिताना उचित है।
भोजन हित सर्पों को विधि ने सुलभ पवन दिया हिंसाहीन।
तृण का अशन भूमि का सोना दिया उन्होंने पशुगण दीन॥
पर नर को दे दीनी बुद्धी करे जीविका आप तलाश।
करते करते खोज कि जिसकी सद्गुण जाते सत्य विनाश॥
यथालाभ सन्तोष ही योगी जनको चाहिये।
वृत्ति अहिंसा में मुदित, ब्रह्म ध्यान चित धारिये॥

विधाता ने सर्पों के लिए हिंसा से रहित, अनायास मिल सकने वाला भोजन पवन से बनाया अर्थात् वायुभक्षण से ही सर्प जीवित रहते हैं और गोप्रभृति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पशु के वास्ते कोमल घास ही भोजन और अकृत्रिम भूमि ही शयन बनाया है जिनसे वे प्रसन्न रहते हैं। संसार-सागर को लाँघकर पार जाने में समर्थ बुद्धिवाले मनुष्यों की वह प्रसिद्ध जीविका बनाई है। उस जीविका का सतत पता या खोज लगाने वाले उन मनुष्यों के सभी गुण समाप्त हो जाते हैं। आशय यह कि योगी को चाहिए कि अहिंसक वृत्ति द्वारा विधिवश से प्राप्त वस्तु से प्रसन्न रह कर कहीं भी निवास करते हुए सांसारिक चक्कर में डालने वाले रज और तम गुणों से दूर होकर सर्वदा आत्मानुसन्धान करते हुए यावज्जीव संसार में टिके रहना चाहिए ॥ ९७ ॥

गङ्गातीरे हिमगिरिशिलाबद्धपद्मासनस्य
ब्रह्मध्यानाभ्यसनविधिना योगनिद्रां गतस्य।
किं तैर्भाव्यं मम सुदिवसैर्यत्र ते निर्विशङ्काः
कण्डूयन्ते जरठहरिणाः स्वाङ्गमङ्गे मदीये ॥९८॥

९८—परब्रह्म का ध्यान—कब हम गङ्गातट पर हिमालय की कन्दरा में ब्रह्मध्यान के अभ्यास में योगनिद्रा को प्राप्त होंगे ! (१)

गङ्गातीर हिमालय कन्दर कब पद्मासन बैठूँगा।
ध्यान ब्रह्म अभ्यास नियम कर प्राप्त योगनिद्रा हूँगा॥
क्या ऐसे शुभ दिन देखूँगा जब बूढ़े मृग आवेंगे।
शंका छोड़, रगड़ अपना अँग मेरा तन खुजलावेंगे॥

श्री गङ्गाजी के तीर पर हिमालय पर्वत की चट्टान पर पद्मासन जमाने या लगाने वाले, ब्रह्मोपासन के अभ्यास की क्रिया द्वारा योगनिद्रा अर्थात् निर्विकल्प समाधि में पहुँचने वाले अर्थात् योगी ऐसे मेरे लिए उन दिनों से बढ़ कर और क्या सुदिन होंगे ! जिनमें वे बूढ़े हरिण निर्भय होते हुए मेरे अङ्ग पर अपने अङ्ग को खुजलाएँगे, अर्थात् वे ही दिन मेरे लिए अहोभाग्य के हैं॥ ९८ ॥

* जीर्णा कन्था ततः किं सितममलपटं पट्टसूत्रं ततः किं
एका भार्या ततः किं हयकरिसुगणैरावृतो वा ततः किम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भक्तं भुक्तं ततः किं कदशनमथवा वासरान्ते ततः किं
व्यक्तज्योतिर्न वान्तर्मथितभवभयं वैभवं वा ततः किम् ॥

परब्रह्म का ध्यान—यदि परमात्मा की ज्योति से हृदय प्रकाशित नहीं हुआ तो सारा वैभव व्यर्थ है। (२)

छप्पय

कौन हानि गुदड़ी ओढ़े में पहिर पिताम्बर पाया क्या ?
नारि एक ही रही संग या नर, हय, गज सेवें तो क्या ?
वासी अन्न मिला अथवा अति उत्तम भोग उड़े तो क्या ?
धन-वैभव से रहे शून्य, या जग-ऐश्वर्य मिले तो क्या ?
ब्रह्मज्योति प्रकाश यदि, जगा न हिरदे बीच।
तो भवभय का निविड़तम, कैसे नासै नीच ॥

पुरानी कथरी है तो उससे क्या ? श्वेत एवं स्वच्छ पट्टवस्त्र है तो उससे क्या ? एक ही स्त्री है तो उससे क्या ? घोड़े-हाथी के समूहों से घिरा है तो उससे क्या ? उत्तम चावलों का भात भोजन किया तो उससे क्या ? अथवा सायंकाल में खराब अन्न खाया तो उससे क्या ? यदि हृदय के अन्दर संसार के भय को दूर करने वाली आत्मज्योति नहीं व्यक्त हो रही है तो वैभव से क्या प्रयोजन ?

पाणिः पात्रं पवित्रं भ्रमणपरिगतं भैक्षमक्षय्यमन्नं
विस्तीर्णं वस्त्रमाशादशकमचपलं तल्पमस्वल्पमुर्वी ।
येषां, निःसङ्गताङ्गीकरणपरिणतस्वान्तसन्तोषिणस्ते
धन्याः संन्यस्तदैन्यव्यतिकरनिकराः कर्म निर्मूलयन्ति ॥९९॥

९९—परब्रह्म का ध्यान—विरक्त पुरुषों का जीवन धन्य है। (३)

शुद्ध पात्र है हाथ उन्हीं का भिक्षा का अक्षय भोजन।
वस्त्र विशाल दिशा पट धारें अचल सेज पृथ्वी आँगन ॥
संगहीनता में सन्तोषी दैन्य त्याग में वीर महान्।
परब्रह्म का ध्यान जमाये महासंयमी योग निधान ॥
भवबन्धन को काटते, जन्ममरण सह मूल।
उन्हें धन्य हम मानते, करें कर्म निर्मूल ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हाथ ही जिनका शुद्ध पात्र है और भ्रमण के द्वारा प्राप्त भिक्षासम्बन्धी अविनाशी जिनका अन्न या भोजन है, दशों दिशाएँ जिनका विशाल वस्त्र है, और न हिलने-डुलने वाली अर्थात् स्थिर और महान् शय्या पृथ्वी है। सङ्गति का त्याग अर्थात् सङ्गहीनता को स्वीकार करने से हृदय में सन्तोष धारण करनेवाले, दीनता के सभी सम्बन्धियों को त्यागने वाले वे धन्य अर्थात् महात्मा धाराप्रवाह द्वारा प्राप्त जन्म-परम्परा को देने वाले कर्म का समूल नाश करते हैं॥ ९९॥

* त्रैलोक्याधिपतित्वमेव विरसं यस्मिन्महाशासने
तल्लब्ध्वासनवस्त्रमानघटने भोगे रतिं मा कृथाः।
भोगः कोऽपि स एक एव परमो नित्योदितो जृम्भते
यत्स्वादाद्विरसा भवन्ति विषयास्त्रैलोक्यराज्यादयः॥

परब्रह्मका ध्यान—ब्रह्मसुख के आगे तीनों लोकों का राज्य फीका है। (४)

जीव, प्राप्त कर ब्रह्मज्ञान को है इच्छा उज्ज्वल नीकी।
पाकर ज्ञान हृदय में भासै सम्पति तीन लोक फीकी॥
भोजन, वस्त्र, मान भोगों से प्रीती क्यों बिरथा जोड़े?
ब्रह्मज्ञान जो स्वाद पाय नहिं विषयों से नाता तोड़े॥

जिसके पाने पर त्रैलोक्य का आधिपत्य विरस लगता है, उसको पाकर आसन, वस्त्र, सम्मान आदि प्राप्त करने एवं उनके भोग में रति मत करो। वस्तुतः वही एक नित्य उदीयमान परम भोग है कि जिसका आस्वाद ले लेने पर त्रैलोक्य के राज्यादि विषय-भोग फीके लगने लगते हैं।

मातर्मेदिनि! तात मारुत! सखे तेजः! सुबन्धो जल!
भ्रातर्व्योम! निबद्ध एष भवतामन्त्यः प्रणामाञ्जलिः।
युष्मत्सङ्गवशोपजातसुकृतस्फारस्फुरन्निर्मल-
ज्ञानापास्तसमस्तमोहमहिमा लीये परब्रह्मणि॥१००॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१००—परब्रह्म का ध्यान—निर्मल ज्ञान से मोह की महिमा दूर हुई। अब हम परब्रह्म में प्रवेश कर रहे हैं। (५)

पृथ्वी माता, पवन पिता, हे जल सुबन्धु, अग्ने मम मीत।
नभ भाई, तुम सबको अन्तिम है प्रणाम करबद्ध विनीत॥
संग तुम्हारे सुकृत कमाये तिनसे निर्मल ज्ञान गहे।
ज्ञान मिटाई मोह प्रबलता परब्रह्म अब समा रहे॥

श्री गोस्वामी तुलसीदासजीने पञ्चमहाभूतों को चौपाई के भागमें इस प्रकार संगृहीत किया है कि "छिति जल पावक गगन समीरा।" शरीर प्रायः इन पंच तत्त्वों के मिश्रण से बनता है। जीवन्मुक्त होने के लिए देहादि का अभिमान त्यागना पड़ता है। अतः कविवर उन पंच महाभूत तत्त्वों को संबोधन करते हुए कहता है कि—हे माँ पृथ्वी !, हे पिता वायु !, हे मित्र अग्नि !, हे सुबन्धु जल ! तथा हे सहोदर भाई आकाश ! आप लोगों को यह मेरी अन्तिम प्रणामाञ्जलि है अर्थात् अन्त में मैं आप लोगों को प्रणाम करता हूँ। क्योंकि आप लोगों की सङ्गति के कारण उत्पन्न पुण्य से प्राप्त विस्तृत और निर्मल ज्ञान द्वारा समस्त अज्ञान-परम्परा का नाश करता हुआ पर-ब्रह्म में लीन हो रहा हूँ ॥१००॥

* शय्या शैलशिला गृहं गिरिगुहा वस्त्रं तरूणां त्वचः
सारङ्गाः सुहृदो ननु क्षितिरुहां वृत्तिः फलैः कोमलैः।
येषां निर्झरमम्बुपानमुचितं रत्यै तु विद्याङ्गना
मन्ये ते परमेश्वराः शिरसि यैर्बद्धो न सेवाञ्जलिः॥

परब्रह्म का ध्यान—ज्ञानवान पुरुष ईश्वरतुल्य है। (६)

जिनका पलँग शिला गिरिवर की, भवन गुफा, वल्कल के वस्त्र।
भोजन कोमल फल वृक्षों के, जल निर्झर का पेय पवित्र॥
विद्याध्ययन परमप्रिय वनिता, हरिण मित्र विचरें भूधर।
लालचवश जे करहिं न विनती, तिनमें देखूँ परमेश्वर॥

जिन लोगों की शय्या—शैल की शिला, गृह—पर्वत की गुफा, वस्त्र—वृक्षों की छाल, मित्र—हरिण, भोजन—वृक्षों के कोमल फल, जलपान—झरने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

का जल, रति के लिये स्त्री—ब्रह्मविद्या है। और जिन्होंने अञ्जलि-बाँधकर सिर से किसी का सेवा-भार ग्रहण नहीं किया है, मैं उन्हीं को परमेश्वर (सम्राट्) समझता हूँ।

* धैर्यं यस्य पिता क्षमा च जननी शान्तिश्चिरं गेहिनी
सत्यं मित्रमिदं दया च भगिनी भ्राता मनःसंयमः।
शय्या भूमितलं दिशोऽपि वसनं ज्ञानामृतं भोजनं
ह्येते यस्य कुटुम्बिनो वद सखे कस्माद्भयं योगिनः॥

परब्रह्म का ध्यान—योगी का कुटुम्ब और भय-रहित जीवन। (७)

छप्पय

मातु क्षमा है, पिता धैर्य, अरु शान्ति सदा की तिरिया।
सत्य मित्र है, दया बहिन, अरु मन संयम सा भइया॥
पृथ्वी विस्तृत पलँग बिछा है दश-दिश कपड़े सुन्दर।
ज्ञानामृत का भोग रहा उड़ श्वास श्वास के अन्दर॥
ऐसा पूर्ण कुटुम्ब है, कमी रही ना कोय।
फिर किससे किस बात का, योगी को भय होय ?

जिसके पिता—धैर्य, माता—क्षमा, चिरकाल तक साथ देनेवाली स्त्री—शान्ति, मित्र—सत्य, भगिनी—दया, भाई—मन का संयम, शय्या—भूमि का तल, वस्त्र—दिशायें और भोजन—ज्ञान का अमृत के समान रसास्वाद है। हे मित्र! कहो तो भला, जिस योगी पुरुष के ये सब कुटुम्ब हैं उसको किससे भय रहेगा अर्थात् किसी से भी नहीं है।

* अहौ वा हारे वा बलवति रिपौ वा सुहृदि वा
मणौ वा लोष्ठे वा कुसुमशयने वा दृषदि वा।
तृणे वा स्त्रैणे वा मम समदृशो यान्ति दिवसाः
क्वचित्पुण्यारण्ये शिव-शिव-शिवेति प्रलपतः॥

इति श्रीभर्तृहरिकृतं वैराग्यशतकं समाप्तम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परब्रह्म का ध्यान—मेरे दिन भोग में अथवा योग में शिव-शिव कहते व्यतीत हों। (८)

छप्पय

हार विजय का कण्ठ बीच, या नाग पड़ा हो।
बली शत्रु हो निकट कि प्यारा मित्र खड़ा हो॥
हाथ रत्न बहुमूल्य, कि हो मिट्टी की बटिया।
फूलों की हो सेज, कि हो पत्थर की शय्या॥
तृण पर अपना शयन हो, ललनाओं में या रहूँ।
पुण्य क्षेत्र प्रति दिवस मैं, शिव-शिव-शिव, मुख से कहूँ॥

सर्प या हार में, बलवान शत्रु या मित्र में मणि, या मिट्टी के ढेले में, फूलों की शय्या या पत्थर की शिला में, तृण की पुतली या स्त्री के रूप में समान भाव से दृष्टि रखते हुए किसी पवित्र वन में कहीं पर शिव शिव-शिव ऐसा उच्चारण करते हुए मेरे दिन व्यतीत हों।

भर्तृहरिकृत-शतकत्रयान्तर्गत-वैराग्यशतक का हिन्दीभावार्थानुवाद समाप्त।

अनुवादक की प्रार्थना

क्रिया भर्तृहरि मनन उन्हीं के चरण-कमल भजि।
अम्मृत रस का लिया स्वाद मद मोह विषम तजि॥
राधेलाल त्रिवेदी ने अनुवाद बनाया।
रची तोतली तुकबन्दी आशय प्रगटाया॥
शङ्कर से प्रार्थना, हो प्रचार सद्ग्रन्थ महि।
बनें देवता नरन सों भर्तृहरी की सीख गहि॥

दोहा

संवत् गुण भू खं नयन, चैत्र कृष्ण रविवार।
श्रेष्ठ द्वितीया को कियो, अर्पण शम्भु उदार॥

❀ शुभम् भूयात् ❀

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाराणसी तथा दरभंगा उभय संस्कृत विश्वविद्यालयस्वीकृत

संस्कृत-व्याकरणम्

(संस्कृत-हिन्दी निबन्ध सहित परिवर्द्धित द्वितीय स

सरल सुबोध हिन्दी की सहायता से संस्कृत माध्यम द्वारा व्याकरण का ज्ञान कराने के हेतु यह मौलिक रचना की गई है। लिए यह सर्वोपरि पुस्तक है। इसमें मनो-वैज्ञानिक दृष्टिकोण से शब्द अपने स्थान पर बालकों के बौद्धिक स्तर यथा अनु सार विमर्श, टिप्पणी, उदाहरणमाला, अभ्यास प्रश्न; परिशिष्ट आदि सामग्री उपादेय एवं द्रष्टव्य है। इस लघु अभ्यास से संस्कृतव्याकरण के सब अङ्गों का बोध ज्ञान प्राप्त हो जा परीक्षोपयोगी अत्यन्त सरल २-३ पृष्ठों संस्कृत-हिन्दी परीक्षार्थियों के लिए अधिक उपयोगी है। ३-००

संस्कृतरचनानुवादशिक्षकः

(वाराणसी तथा बिहार की प्रथमा परीक्षा पाठ्य स्वीकृत)

इसमें प्रथमा के छात्रों को अनुवाद करने के नियम अत्यन्त सरल रूप में समझाए गये हैं और तदनुसार अनुवादार्थ अभ्यास भी दिए गये हैं। अभ्यासार्थ वाक्यों में आए हुए प्रत्येक कठिन शब्द के संस्कृत से हिन्दी तथा हिन्दी से संस्कृत पर्याय भी पुस्तक के अन्त में ९० प्रकरणों में दे दिये गए हैं और संधि आदि का ज्ञान कराने का सुगम पथ भी प्रदर्शित कर दिया गया है। २-००

राष्ट्रभाषा सरल हिन्दी व्याकरण

(वाराणसी तथा बिहार की प्रथमा परीक्षा पाठ्य स्वीकृत

हिन्दी राष्ट्रभाषा हो जाने से शुद्ध हिन्दी में बोलना और के लिये दुरूह हो गया था क्योंकि प्राचीन हिन्दी की र प्रतिशत उर्दू शब्दों का सम्मिश्रण है। अतएव यह पुस्तक भाषा तथा 'आज' पत्र के प्रधान सम्पादक, बाबूराव विष्णुपराड़कर, सम्पा आदि धुरन्धर हिन्दी मर्मज्ञों के मतों से अलंकृत तथा पं० रामनारायण मिश्र, विश्वनाथप्रसाद मिश्र आदि विद्वानों की स सुसज्जित होकर नवीन रूप में प्रकाशित हुई है।

प्राप्तिस्थानम्—चौखम्बा विद्याभवन, चौक, वाराणसी-१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu